

- प्रौद्योगिकी में बढ़ा आत्मविश्वास नेतृत्व में अब भी बाधाएं - 12




- कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए भारत ने खोजे वैकल्पिक स्रोत - 12



- राष्ट्रीय मुर्मू ने कहा कि अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं - 13



- पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने विश्व कप से पहले धूम मचाई - 14


आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.32
सूर्यास्त 06.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
- लखनऊ
- बरेली
- कानपुर
- मुरादाबाद
- अयोध्या
- हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी 11:27 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 9 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 31, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारत तीसरी बार विश्व चैंपियन

## मेजबान टीम ने जीता टी-20 का खिताब, न्यूजीलैंड की 96 रन से सबसे बड़ी हार

- जसप्रीत बुमराह ने 15 रन देकर चटकाए न्यूजीलैंड के चार विकेट

अहमदाबाद, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को चारों खाने चित कर तीसरी बार खिताब जीत लिया। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी मेजबान टीम ने खिताब जीता हो। भारत ने पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड को 256 रन का लक्ष्य दिया। पीछा करते हुए न्यूजीलैंड 19 ओवर में 159 रन पर ही आलआउट हो गई और उसे 96 रन से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

आखिरी मैच में फॉर्म में लौटे अभिषेक शर्मा और लगातार भारत के 'मैच विनर' साबित हो रहे संजू सैमसन के अर्धशतकों की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को पांच विकेट पर रिकॉर्ड 255 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से सबसे अधिक रन टिम सिफर्ट ने 52 रन बनाए।

इससे पूर्व ईशान किशन ने 25 गेंद में 54 और शिवम दुबे ने आठ गेंद में नाबाद 26 रन बनाये। पूरे टूर्नामेंट में खराब फॉर्म से जूझते रहे अभिषेक ने 21 गेंद में 52 रन बनाये जबकि सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसे लंबे समय तक याद रखा जायेगा। उन्होंने




गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

लांग आन, लांग आफ और स्क्वेयर लेग के ऊपर से कुल आठ छक्के लगाकर खचाखच भरे दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बैठे दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

उन्होंने रचिन रविंद्र, लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की गेंदों की जमकर धुनाई करके मैदान के चारों ओर रन बनाये। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ शानदार पारियां खेलने वाले केरल के सैमसन ने एक और जबर्दस्त पारी खेलकर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। वहीं कश्मीर से कन्याकुमारी तक आलोचकों के कोपभाजन बने अभिषेक ने आखिरकार अपनी प्रतिभा के दर्शन कराते हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। उन्होंने 18 गेंद में 50 रन बनाये और छक्के के साथ अर्धशतक तक पहुंचे। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर से नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच को भांपने में गलती हुई और टीम चयन में वह चूक गए। उन्होंने आफ स्पिनर कोल मैकोंची को नहीं चुना जिन्होंने सेमीफाइनल में क्विंटोन डिकॉक और रियान रिकेलटन को आउट किया था। अभिषेक ने मैकोंची की जगह खेल रहे जैकब डफी की गेंद पर पांच चौके लगाये। डफी ने तीन ओवर में 42 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं मिली। हेनरी ने चार ओवर में 49 रन दिये और एक विकेट चटकाया। अंतिम ओवर में अभिषेक ने फर्ग्यूसन और हेनरी को छक्के लगाये।

| भारत | न्यूजीलैंड |
|---|---|
| 255/5 | 159/10 |

### कब और किसने, कितनी बार जीता टी20 वर्ल्ड कप

- 2007 – भारत
- 2009 – पाकिस्तान
- 2010 – इंग्लैंड
- 2012 – वेस्टइंडीज
- 2014 – श्रीलंका
- 2016 – वेस्टइंडीज
- 2021 – ऑस्ट्रेलिया
- 2022 – इंग्लैंड
- 2024 – भारत
- 2026– भारत

### ये भारतीय बल्लेबाज रहे टॉप स्कोरर

| | रन | गेंद | छक्के | चौके |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 89 | 46 | 8 | 5 |
| ईशान किशन | 54 | 25 | 4 | 4 |
| अभिषेक | 52 | 21 | 3 | 6 |

### भारतीय पारी में बने खास रिकॉर्ड

- टीम ने 7 .2 ओवर में 100 रन पूरे किए। जो टी-20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में किसी टीम से सबसे तेज 100 रन का रिकॉर्ड है।
- भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था।
- सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।

## ब्रीफ न्यूज

### एआई 10 से 18 तक नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें करेंगी संचालित

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बीच यात्रियों को अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एअर इंडिया 10 से 18 मार्च तक नौ अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया न्यूयॉर्क, लंदन, फ्रैंकफर्ट, एम्स्टर्डम, ज्यूरिख, पेरिस, कोलंबो और माले को जोड़ने वाले नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया ने बताया कि कंपनी अगले कुछ दिनों में यूरोप के पांच प्रमुख हवाई अड्डों के साथ-साथ न्यूयॉर्क के लिए अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी, साथ ही मालदीव और श्रीलंका के लिए भी अतिरिक्त सेवाएं शुरू की जाएंगी। इन उड़ानों से दोनों दिशाओं में नौ मार्गों पर कुल 17,660 यात्री यात्रा करेंगे।

### पुलिस ने विदेश से जुड़े हथियार आपूर्ति गिरोह का किया भंडाफोड़

कपूरथला। पंजाब पुलिस ने हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसके फिलीपीन और यूएई के तस्करों से संबंध हैं और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया और उसके पास से पांच देसी पिस्तौल बरामद किया गया। इन हथियारों का इस्तेमाल क्षेत्र में गोलीबारी और जबरन वसूली जैसी गतिविधियों के लिए किया जाना था।

# 5000 महिलाओं को रोजगार प्रस्ताव

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई 38.49 करोड़ रुपये की डीबीटी सहायता
- महिला दिवस समारोह बना सम्मान सशक्तीकरण और रोजगार का संगम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को राजधानी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम नारी सशक्तीकरण का बड़ा मंच बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस रोजगार मेले के माध्यम से 5000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के प्रस्ताव मिले।

राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 38.49 करोड़ की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। इसमें साड़ी व वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम के लिए 8.90 करोड़ रुपये शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने मंच से नेहा दुबे, मानसी साहू, पूनम तिवारी और मनोरमा मिश्रा को साड़ी तथा सेवा मित्र आकांक्षा (ब्यूटीशियन) और रत्ना भारती को यूनिफॉर्म प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया, जिससे युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसरों से सीधे जोड़ा जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं शानवी गुप्ता, काव्या कश्यप, नैंसी रावत, साक्षी कुमारी, अभिश्री गुप्ता और शायरा बानो को चेक देकर सम्मानित किया।



लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर पिंक रोजगार महाकुंभ 2026 में महिला को नियुक्तिपत्र देते सीएम योगी।

### जल्द लांच होगी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना : मुख्यमंत्री

- पहले चरण में स्नातक व परास्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को मिलेगा लाभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लांच होगी, जिसके पहले चरण में स्नातक व परा स्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को लाभान्वित करेंगे। दूसरे चरण में धीरे-धीरे अन्य को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने घोषणा की कि मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्रि से शुरू होगा। योगी ने महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभा व संसद में भी 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी। मुख्यमंत्री रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल—ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है।

# राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन पर केंद्र सख्त, बंगाल सरकार से मांगा जवाब

- मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति का कारण पूछा
- जिस रूट से वह गुजरी वहां थी गंदगी, वॉशरूम में पानी की कमी थी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर उपजे विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से रविवार शाम पांच बजे तक प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था से संबंधित उल्लंघनों पर जवाब देने को कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर 'ब्लू बुक' के नियमों के उल्लंघन, प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था के बारे में जवाब देने के लिए कहा है।

'ब्लू बुक' एक गोपनीय दस्तावेज है जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उनके परिवारों की सुरक्षा और प्रोटोकॉल के नियमों की सूची है। राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को बागडोगरा हवाईअड्डे के पास आदिवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में कम लोगों की उपस्थिति पर निराशा व्यक्त की और बिधाननगर की जगह इस स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करने के फैसले को लेकर सवाल उठाया। उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में राष्ट्रपति के राज्य में आगमन के समय मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया मांगी गई है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी की कमी थी, जिसके लिए राज्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह भी पूछा गया है कि राष्ट्रपति को लाने के लिए चुने गए मार्ग पर गंदगी क्यों थी। पत्र में यह भी पूछा गया है कि दार्जिलिंग के जिलाधिकारी, सिलीगुड़ी के पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिलाधिकारी के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, जो इन उल्लंघनों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रतीत होते हैं।

### पश्चिम बंगाल की जनता घोर अपमान के लिए तृणमूल को माफ नहीं करेगी : प्रधानमंत्री



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि राज्य की जागरूक जनता एक महिला आदिवासी नेता और देश की राष्ट्रपति का अपमान करने के लिए पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यह बात कही। मोदी ने कहा, आज जब पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, यह बेहद चिंताजनक है कि शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान किया।

### प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं किया: ममता



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को जोर देकर कहा कि सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अगर कोई गड़बड़ी हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी निजी आयोजकों व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की है, जिसने कार्यक्रम स्थल उपलब्ध कराया था। उन्होंने तस्वीर को सबूत बताते हुए दावा किया, तस्वीर में दिख रहा है कि प्रधानमंत्री बैठे हैं जबकि राष्ट्रपति खड़े हैं। हम ऐसा कभी नहीं करते। राष्ट्रपति का अपमान करने की संस्कृति भाजपा की है, हमारी नहीं। ममता ने कहा, हम राष्ट्रपति की कुर्सी और भारत के संविधान का पूरा सम्मान करते हैं, जिसे हम अपनी जननी मानते हैं, हमें दोष न दें।

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से, हंगामेदार रहने के आसार

- विपक्ष की लोकसभा अध्यक्ष बिरला को हटाने की मांग पर होगी चर्चा
- तेल खरीद पर अमेरिका छूट व अन्य मुद्दों पर हमलावर रहेगा विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के बजट सत्र के सोमवार से शुरू होने वाले दूसरे चरण के हंगामेदार रहने की संभावना है। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष द्वारा प्रायोजित उस प्रस्ताव पर चर्चा होनी है, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग की गई है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जा सकता है, क्योंकि विपक्ष पहले से ही ईरान के प्रति सरकार के रुख, भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका द्वारा दी गई छूट और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला कर रहा है।

इसके अलावा, चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों



के एसआईआर के परिणाम, जिसके कारण लगभग 60 लाख नाम हटा दिए गए, का भी संसदीय कार्यवाही पर असर पड़ने की आशंका है। बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव कई विपक्षी नेताओं द्वारा लाया गया है, जिन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने सदन में स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया। उन्होंने अध्यक्ष पर लोकसभा में कुछ अप्रत्याशित कार्रवाई की बात करते हुए कांग्रेस सदस्यों के खिलाफ कुछ झूठे दावे कर प्रधानमंत्री मोदी से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने के लिए सदन में न आने का अनुरोध करने का भी आरोप लगाया था। बिरला ने नोटिस प्रस्तुत किए जाने की तारीख से सदन की कार्यवाही से खुद को अलग कर लिया था, लोकसभा सचिवालय ने कहा था कि वह एजेंडा के निपटारे के बाद ही लौटेंगे। प्रधानमंत्री ने बिरला का समर्थन करते हुए कहा कि वह सभी सांसदों को साथ लेकर चले हैं।

**बदलाव** | राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया, 165 सीट में से 120 सीट पर जीत हासिल की

# बालेंद्र की आरएसपी ने रचा इतिहास, ऐतिहासिक जीत दर्ज की

काठमांडू, एजेंसी

रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल में सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी ने नेपाल के आम चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की है, जिससे राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया हो गया है।

नेपाल के निर्वाचन आयोग के अनुसार, रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित इस पार्टी ने उन 165 सीट में से 120 सीट पर पहले ही जीत हासिल कर ली है जिनके लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया के तहत निर्वाचन किया जाता है। जबकि प्रतिनिधि सभा के चुनाव में पार्टी आठ अन्य सीट पर आगे है। निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक 165 सीट में से 152 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। नेपाली कांग्रेस (एनसी) 17 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री के पद से हटाए गए केपी शर्मा ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने केवल सात सीट जीती हैं और तीन सीट पर आगे है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) सात सीट पर विजयी रही और श्रम संस्कृति पार्टी ने दो सीट पर जीत दर्ज की है और एक पर आगे है जबकि राष्ट्रीय प्रजापति पार्टी (आरपीपी) ने एक सीट जीती है।

जीतने वालों में एक निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आरएसपी ने काठमांडू घाटी के तीन जिलों के सभी 15 निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य पार्टियों का सूपड़ा साफ कर दिया है। बालेन के नाम से मशहूर आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार 35 वर्षीय बालेंद्र शाह ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को लगभग 50,000 वोट के भारी अंतर से हराया।

बालेन का नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। वहीं, इस चुनाव में आरएसपी की जीत देश में स्थापित दलों को जनता द्वारा नकारे जाने को दर्शाती है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने जनता और सरकार को दी बधाई

भारत इस चुनाव पर करीब से नजर रख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल की जनता और सरकार को चुनाव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अपने नेपाली बहनों और भाइयों को इतने जोश के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते देखकर खुशी महसूस हो रही है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा में एक गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने यह भी कहा कि एक घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत, नेपाल के लोगों तथा उसकी नयी सरकार के साथ मिलकर शांति, प्रगति और समृद्धि की नयी ऊंचाइयों को छूने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

न्यूज ब्रीफ

## राष्ट्रपति, लोस अध्यक्ष पद का राजनीतिकरण ठीक नहीं: मायावती



**अमृत विचार, लखनऊ:** बंगाल में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के अपमान और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरोध मामले को बसपा प्रमुख मायावती ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा है कि भारतीय संविधान की भावना के अनुसार सभी को राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और उसके प्रोटोकॉल का भी ध्यान रखना जरूरी है। इस पद का किसी भी तरह से राजनीतिकरण करना सही नहीं है। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर जारी बयान में कहा कि वर्तमान में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एक महिला होने के साथ-साथ आदिवासी समाज से भी आती हैं, लेकिन हाल ही में वेस्ट बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो घटनाएं हुईं, वे नहीं होनी चाहिए थीं। आगे कहा कि पिछले कुछ समय से संसद में भी खासकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पद का जिस तरह राजनीतिकरण किया जा रहा है, वह भी उचित नहीं है। सभी को संवैधानिक पदों की गरिमा बनाए रखते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनका सम्मान करना चाहिए। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद का सोमवार से शुरू हो रहा सत्र देश और जनहित के मुद्दों पर सुचारु रूप से चलेगा। यही जनता की अपेक्षा और समय की मांग भी है।

## 60 से अधिक महिलाओं ने किया 'लखनऊ दर्शन'

**अमृत विचार, लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष 'लखनऊ दर्शन' यात्रा का आयोजन किया गया है। उप्र. स्टेट टूरिज्म डवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा आयोजित इस विशेष भ्रमण में डॉक्टर, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर और गृहणियों सहित 60 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा समाज को जोड़ने और सशक्तिकरण का संदेश देने का माध्यम बन रही है। महिलाओं का योगदान राष्ट्र की शक्ति है और उनका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। रविवार सुबह शुरू हुई इस यात्रा में महिलाओं ने शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखा। विधानसभा भवन और रेजीडेंसी सहित कई स्थानों का भ्रमण प्रतिभागियों के लिए खास आकर्षण रहा। यात्रा के दौरान गाइड ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना उदादेवी की वीरगाथा भी सुनाई, जिसने प्रतिभागियों को इतिहास से रूबरू कराया।

## करंट की चपेट में आने से खलासी की मौत

**अमृत विचार, कुंडा (प्रतापगढ़):** रानीगंज थाना क्षेत्र के अमहटा गांव निवासी राम आसरे यादव का 20 वर्षीय बेटा सचिन यादव ट्रक पर खलासी का काम करता था। वह रविवार को रानीगंज थाना क्षेत्र के पूरनपुर गांव निवासी ट्रक चालक अरुण कुमार के साथ कुंडा आया था। रविवार दोपहर बाद चालक अरुण कुमार ने कुंडा के ताजपुर सगरा गांव के पास ट्रक सड़क किनारे खड़ा कर दिया। खलासी सचिन को ट्रक पर छोड़कर वह सगरा गांव स्थित अपने रिश्तेदार के घर चला गया। बताते हैं चालक के जाने के बाद सचिन ट्रक को बैक कर रहा था। तभी ऊपर से गुजरा बिजली का तार कहीं से ट्रक में छू जाने से वह करंट की चपेट में आ गया। मौके पर ही मौत हो गई। इंस्पेक्टर मनोज पांडेय ने बताया कि करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## नहर में उतराता मिला युवक का शव

**अमृत विचार, संग्रामगढ़ (प्रतापगढ़):** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के खनवारी गांव के बगल से निकली शारदा सहायक जलशाखा प्रयागराज नहर में रविवार शाम करीब 40 वर्षीय युवक का शव पानी में बहता दिखा। युवक का शव देख लोगों में खलबली मच गई। सूचना पर एसओ मनोज कुमार तोमर मयफोर्स मौके पर पहुंचे। शव को नहर से बाहर निकलवाया। काफी प्रयास के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। शुक्रवार को भी इसी नहर में एक महिला का शव बहता हुआ दिखा था जो कुंडा पुलिस ने पिंगरी गांव के सामने उसे निकाला और पोस्टमार्टम को भेजा था। उसकी भी पहचान नहीं हो सकी। एसओ ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी पहचान नहीं हो सकी है।




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन कर महिलाओं को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

# प्रकृति की सच्ची संरक्षिका और सृजन का जीवंत रूप नारी

- अमृत विचार में जुटी नारी शक्ति ने की समाज में अपनी भूमिका पर बात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ने वाली महिलाओं ने समाज में अपने स्थान और भूमिका पर मजबूती से अपनी बात रखी।

गांव में महिलाओं की स्थिति पर बात की गई तो शहर में बच्चों की पिज्जा, मोमोज और अन्य फास्टफूड की तरफ बढ़ती दिलचस्पी के कारणों पर भी पक्ष रखा गया। महिलाओं ने कहा कि बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए उनके बेहतर खानपान पर ध्यान रखना भी माताओं की जिम्मेदारी है।

प्रकृति के संरक्षण पर उन्होंने कहा कि आरओ से निकलने वाले वेस्ट वाटर का पेड़ पौधों में इस्तेमाल किये जाने, पर्यावरण को बचाने के लिए उनके द्वारा किये जाने वाले उपायों के साथ-साथ महिलाओं ने बताया कि बच्चों के लिए मां ही पहली शिक्षक होती है। मां ही सिखा सकती है कि नल को खुला मत छोड़ो। ब्रश करो तो उतनी ही देर पानी खोलो जितनी देर जरूरत है क्योंकि पानी बहुत बड़ी नेमत है और इसे हर हाल में बचाकर रखना होगा।

एक महिला ने कहा कि कई बार महिलाओं के पहनावे पर सवाल उठते हैं। कहा जाता है कि महिला सही तरह से कपड़े पहने तो हालात बेहतर हो सकते हैं। इसके जवाब में महिलाएं ही सवाल उठाने लगती हैं कि छह साल की बच्ची से रेप की घटना हो जाती है तो उसमें पहनावा कहां बीच में आया लेकिन यह सब बातें अपनी जगह, बेहतर होगा कि अगर किसी महिला का पहनावा सही न हो तो दूसरी महिला ही उसे टोक दे। महिला शिक्षा पर भी बात हुई।

# मुख्यमंत्री ने बढ़ाया महिलाओं-बेटियों का हौसला

## कहा, आने वाले समय में विधानसभाओं और संसद में 33 फीसदी सीटों पर चुनकर जाएंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभाओं और संसद में 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

उन्होंने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लॉन्च होगी साथ ही मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्र से शुरू करने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करने के साथ पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल—ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की। इसके बाद मातृवंदना योजना समेत कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जोड़ा गया, जिससे देश और प्रदेश की बेटियां स्वावलंबन की ओर बढ़ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी और श्रम विभाग की लघु फिल्म का भी अवलोकन किया तथा विभिन्न योजनाओं से जुड़ी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, अनिल राजभर, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, मनोहर लाल 'मन्नू कोरी', महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अपर्णा यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री ने कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी नन्ही शानवी गुप्ता को टेडी बियर भेंट किया। उन्होंने अन्य बच्चियों से बातचीत कर पूछा आगे क्या बनना चाहती हैं।

### बेटी के जन्म से शिक्षा तक सरकार का सहारा

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 25 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है और वर्तमान में प्रदेश की लगभग 27 लाख बेटियां इसका लाभ ले रही हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार अब एक विवाह पर लगभग एक लाख रुपये खर्च कर रही है और अब तक चार लाख से अधिक बेटियों के विवाह में सरकार ने सहयोग दिया है।

### बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की धरती पर जगह नहीं

- योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। कर्फ्यू, दंगा, पलायन, दुर्व्यवस्था, अराजकता यूपी की पहचान बन गए थे। यूपी के कई जनपदों में अभिभावक बेटियों को स्कूल नहीं भेजते थे, यदि बेटी को पढ़ाना है तो यूपी के बाहर हॉस्टल या रिश्तेदार के यहां भेज देते थे। लेकिन अब यूपी की हर बेटी खुद को सुरक्षित महसूस करती है। आज बेटियां स्कूल जा रही हैं। कोई डर-संकोच नहीं, सुरक्षा सरकार के जिम्मे है। शोहदों के इलाज के लिए यूपी पुलिस में 20 फीसदी बेटियों की भर्ती की गई। सीएम ने दो-टूक कहा कि बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को इस धरती पर जगह नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की बेटियां बिना डर के स्कूल-कॉलेज जा रही हैं। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि यदि कोई शोहदा बेटियों की सुरक्षा में बाधा बनेगा तो "अगले चौराहे पर उसका टिकट काटने के लिए यमदूत तैयार बैठे हैं।" इस बयान पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को सम्मानि करने के साथ अन्य महिलाओं-बेटियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया।

### योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया 600 महिला उद्यमियों से संवाद

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी मंडल के वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर जनपदों की 600 से अधिक महिलाएं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संवाद किया। जौनपुर की दुर्गा मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं के तहत एफपीओ बनाकर किसानों की मदद की है। वह 'ड्रोन दीदी' के रूप में भी कार्य कर रही हैं और उद्योग विभाग से ऋण लेकर नमकीन बनाने की फैक्ट्री स्थापित की है, जिससे अन्य महिलाओं को भी रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अब जौनपुर की इमरती के साथ आपकी नमकीन भी खानी पड़ेगी। वाराणसी की सीता देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से ई-रिक्शा चलाना शुरू किया। शुरुआत में लोगों के ताने सुनने पड़े, डर भी लगा, लेकिन अब वह आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उन्होंने क्षेत्र की करीब 250 महिलाओं को ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी दिया है। मुख्यमंत्री ने उनके साहस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। दौली की सोनी कुमारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे फूलों की खेती करती हैं और महिला समूहों के माध्यम से अन्य महिलाओं को भी इससे जोड़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों से धूपबत्ती और अगरबत्ती बनाने जैसे कार्यों के माध्यम से आय बढ़ाने के सुझाव दिए। गाजीपुर की प्रमिला देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्राथमिक विद्यालय में रसोइया हैं और सरकार की कई योजनाओं से लाभान्वित हैं। उन्हें विधवा पेंशन, पारिवारिक लाभ, कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना और राशन कार्ड का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में भी जानकारी ली और उसके उपयोग के लिए प्रेरित किया।

### महिलाओं के सशक्तिकरण से ही मजबूत होगा राष्ट्र व समाज : केशव प्रसाद मौर्य

- अमृत विचार, लखनऊ/कौशाम्बी : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नारी शक्ति को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मातृशक्ति सृजन, संवर्धन और उन्नत समाज की आधारशिला है। नारी ही संस्कृति को संजोती है, सभ्यता को आगे बढ़ाती है और राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाती है। समाज और परिवार के निर्माण में महिलाओं का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है। उप मुख्यमंत्री ने रविवार को जारी संदेश में कहा कि आज महिलाओं से राष्ट्र को नई सोच, नई दिशा और नई ऊर्जा प्राप्त हो रही है। कौशाम्बी में मौर्या ने कहा कि प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की 'दीदियाँ' आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन रही हैं। कौशाम्बी में आयोजित दो दिवसीय सरस महोत्सव में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के महिला लाभार्थियों को करोड़ों रुपये की सहायता राशि वितरित की। उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 137 लाभार्थियों को 1.64 करोड़ रुपये का डमी चेक-स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

सफलता की कहानी

### बेकरी खोल प्रभनूर खुद बनीं आत्मनिर्भर, दे रहीं रोजगार

- **अमृत विचार, लखनऊ:** 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बनता जा रहा है। इसी योजना के सहारे कानपुर की प्रभनूर कौर ने अपने शौक को व्यवसाय में बदलते हुए सफल बेकरी कारोबार खड़ा किया और अन्य महिलाओं को भी रोजगार देने का अवसर प्रदान किया। प्रभनूर कौर पहले रिश्तेदारों और मित्रों के लिए केक बनाती थीं। इस काम को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने दिल्ली और बेंगलुरु में बेकरी वर्कशॉप भी की। इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी मिली। जिला उद्योग केंद्र, कानपुर से मार्गदर्शन लेकर उन्होंने योजना के तहत 4.25 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त किया और आधुनिक मशीनों व ओवन की खरीद कर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। 13 अप्रैल 2025 को बैसाखी के दिन उन्होंने 'स्वीट स्कल्प बाय कौर्स' नाम से बेकरी स्टूडियो की शुरुआत की। आज उनके यहां कस्टमाइज्ड केक तैयार होते हैं और लखनऊ व गोंडा सहित अन्य जनपदों से भी ऑर्डर मिलने लगे हैं।

### मैकरोनी-पास्ता कारोबार से 10 लोगों को रोजगार दे रहीं रचना

- अमृत विचार, लखनऊ: दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर लखीमपुर-खीरी की रचना अग्रवाल ने स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी लिखी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनके सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाई। संतोषनगर निवासी रचना अग्रवाल ने वर्ष 2024 में इस योजना के तहत आवेदन किया, जिसके अंतर्गत उन्हें 25 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने अपने पति के सहयोग से लखीमपुर-खीरी में मैकरोनी और पास्ता निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में चुनौतियां जरूर आईं, लेकिन मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने अपने उद्यम को मजबूत आधार दिया। आज उनका यह कारोबार न केवल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि 10 अन्य लोगों को रोजगार भी दे रहा है। रचना को यह ऋण इंडियन बैंक के माध्यम से प्राप्त हुआ और आवेदन प्रक्रिया में जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) तथा बैंक अधिकारियों का भी सहयोग मिला।रचना अग्रवाल बताती हैं कि योजना के तहत उन्हें ऋण राशि पर 35 प्रतिशत सब्सिडी भी मिली, जिससे व्यवसाय स्थापित करने में बड़ी मदद मिली। उनका मानना है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाया जाए तो मध्यम वर्ग के लोग भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

### अवसर मिले तो देश के विकास में अहम होगी महिलाओं की भूमिका : डिंपल

- **अमृत विचार, लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोलई गांव में आयोजित महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सपा सांसद डिंपल यादव ने विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देनी वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि यदि महिलाओं को उचित अवसर और सहयोग मिले तो वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। लागन उद्यमी महिला फाउंडेशन द्वारा रविवार को आयोजित समारोह में सपा सांसद ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद साहस और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने वाली महिलाएं समाज की असली ताकत हैं। फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि संगठन का लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला शिक्षिकाओं को अंगवस्त्र भेंट कर किया गया सम्मानित

# समारोह में महिलाओं को किया सम्मानित, खेली फूलों की होली

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ नगर क्षेत्र के तत्वावधान में मीरा भवन स्थित मैरिज हाल में समारोह में महिलाओं को सम्मानित कर फूलों की होली खेली गई।

मुख्य अतिथि बीएसए भूपेंद्र सिंह, मुख्य वक्ता अधिवक्ता आलोक कुमार पाण्डेय पूर्व उपाध्यक्ष,संघ के विभाग प्रचारक ओमप्रकाश ने सम्बोधित कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान सत्य प्रकाश पांडेय, अनिल कुमार पांडेय,राकेश सिंह,नवीन प्रताप सिंह,शैलेश सिंह, केके पाण्डेय प्रधान,दिनेश सिंह,प्रभाकर सिंह, कलीमुद्दीन, अशफाक, खुर्शीद, बिंदु सिंह, रंजन आदि रहे। संयोजन एवं संचालन डॉ सौरभ पांडेय ने किया।



बीएसए भूपेंद्र सिंह एवं अतिथियों संग मौजूद सम्मानित की गईं महिला शिक्षक। अमृत विचार

वक्ताओं ने उपस्थित शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता किरण पांडेय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाली सभी महिला शिक्षिकाओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

**महिलाओं के संघर्ष, सफलता की प्रेरक गाथा को किया उजागर,**



महिला शिक्षकों को सम्मानित करते निदेशक राकेश सिंह।

**प्रतापगढ़:** वीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को नारी शक्ति के सम्मान में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने नारी गरिमा, साहस और उपलब्धियों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं ने भारतीय समाज और विश्व में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं के स्वरूपों को जीवंत किया। प्रस्तुतियों में विंग कमांडर व्योमिका सिंह, कर्नल सोफिया कुरैशी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, मां दुर्गा, आर्मी ऑफिसर, डॉक्टर, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, मिस वर्ल्ड और अधिवक्ता जैसे प्रेरणादायी रूपों का मंचन कर महिलाओं के आत्मविश्वास, संघर्ष और सफलता की प्रेरक गाथा को उजागर किया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका अलका सिंह, राकेश सिंह,प्रधानाचार्य सुनीता, शिक्षिकाएं प्रज्ञा, हर्षिता, सौम्या, नित्या, जुबैरिया, दीपिका, प्रिया, तनु, अंशिका, चंदा, नीलम, शिखा, जेबा, आस्था, सुहानी, अंजलि, मोना और विजया रहीं।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

**विश्व महिला दिवस**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



विश्व महिला दिवस पर महिला को सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार



ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र पर सजी झांकी।




पीएचसी दादरा में महिला को प्रशस्ति पत्र देते अधीक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

शहर स्थित जेब्रा पार्क में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष राजरानी रावत ने की। इस दौरान लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत लाभान्वित बच्चों, बाल विवाह की रोकथाम में सहयोग करने वाली किशोरियों, विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों तथा स्वयं सहायता समूह की समूह सखियों को प्रमाण-पत्र, शॉल और बैग देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

रमाबाई फाउंडेशन की ओर से डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क, अंबेडकर चौक (नाका सतरिख) में संगोष्ठी आयोजित कर समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाली कई महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह ने कहा कि महिलाएं परिवार की खुशहाली की आधार होती हैं। शिक्षित और जागरूक महिला ही सशक्त व खुशहाल परिवार का निर्माण करती है, जिससे समाज और देश प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराते हुए देश के निर्माण में योगदान देने वाली महिलाओं को नमन किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति व पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने महिलाओं को बधाई देते हुए आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन रमाई फाउंडेशन की अध्यक्ष बालजती ने किया। हास्य-व्यंग्य रचनाकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने अपनी कविता घर की फुलवारी महक उठे तो समझो बिटिया आई है के माध्यम से महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। वहीं ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र, दिव्य शक्ति भवन, हज़ारीबाग में वंदेमातरम्-स्वर्णिम भारत विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण समिति की सदस्य दीपशिखा श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। राजयोगिनी ज्योति दीदी, प्राची दीदी तथा सेवाकेंद्र संचालिका अनुराधा दीदी ने नारी शक्ति, आध्यात्मिक मूल्यों और समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में होली स्नेह मिलन भी मनाया गया तथा सभी ने ब्रह्मभोजन ग्रहण किया।

इसके अलावा सीएचसी बड़ागांव के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दादरा, उधौली सहित अन्य केंद्रों पर भी महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए। पीएचसी दादरा में अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गोंड ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान आशा बहू शोभा और पूनम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ज्योति और मीनू, तथा महिला चिकित्साधिकारी डॉ. प्रीति वर्मा और डॉ. नीलम चौधरी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट ज्ञानेंद्र, अनिल, जितेंद्र और अशोक कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पौधशाला की श्रमिक महिलाओं का सम्मान



महिला श्रमिक को सम्मानित करतीं अतिथि। ● अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को रामनगर रेंज की देवली पौधशाला में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पौधशाला में कार्यरत दैनिक श्रमिक महिलाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी महिलाओं को उपहार स्वरूप साड़ी और मिठाई भेंट की गई। वन क्षेत्रीय अधिकारी अल्पना पांडेय ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और सामाजिक क्षेत्र में महिलाएं लगातार आगे बढ़ते हुए देश और समाज के विकास में अहम योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया तथा समाज के हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज सिंह यादव, वन दरोगा सचिन पटेल, दुर्गेश यादव, नीरज, शिवकुमार, रामानंद सहित विभाग के अन्य कर्मचारी और श्रमिक महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# वृद्धा की हत्या, नाली में मिला शव

## हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के पड़रिया मजरे लाही गांव में हुई वारदात से सनसनी

हैदरगढ़, बाराबंकी



रोते-बिलखते वृद्ध महिला के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार देर रात एक वृद्ध महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद उसका शव गांव के बाहर नाली में फेंक दिया गया। रविवार सुबह शव मिलते ही हड़कंप मच गया। सूचना पर एएसपी, कोतवाल पुलिस बल के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल की। फारेंसिक टीम ने भी सुबूत जुटाए हैं।

जानकारी के अनुसार यह घटना हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के पड़रिया मजरे लाही गांव की है। रविवार सुबह ग्रामीण अपने खेतों की ओर जा रहे थे तभी दयाराम रावत के खेत की सिंचाई के लिए बननी नाली में वृद्ध महिला का शव पड़ा देखा। यह देख ग्रामीण भौचक रहे गए वहीं खबर फैलते ही मौके पर भीड़ जुट गई। वहां पहुंचे परिजनों ने मृतका की पहचान गांव निवासी बसंती (65) पत्नी स्वर्गीय बाबूलाल रावत के रूप में की। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नाली से बाहर निकलवाया। मृतका के गले पर चोट के निशान मिलने से गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही। बताया जा रहा कि वृद्धा का इकलौता बेटा दिल्ली में नौकरी करता है, जबकि बहू होली के चलते लालपुर गांव स्थित अपने मायके गई हुई थी। घर में वृद्धा के साथ 12 वर्षीय नाती अंकित रह रहा था। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार शनिवार रात खाना खाने के बाद वृद्धा घर में मच्छरदानी लगाकर सो गई थीं, लेकिन सुबह वह घर में नहीं थीं। उनका शव खेत की नाली में मिला। सूचना पाकर एएसपी दक्षिणी रितेश सिंह, कोतवाल अभिमन्यु मल्ल आदि पहुंचे। वहीं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल और घर का निरीक्षण कर नमूने एकत्र किए। कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, घटना की जांच की जा रही है।

# होटल से 10 लाख रुपये चोरी, दो कर्मियों पर आरोप

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बेटी के शादी समारोह के लिए लखनऊ स्थित नामी होटल में ठहरी युवती के कमरे से 10 लाख रुपये चोरी हो गए। परेशान युवती ने होटल के ही दो कर्मियों पर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार लखनऊ के गोमतीनगर एक्सटेंशन पी ब्लॉक स्थित अलखनंदा अपार्टमेंट की निवासी नीतू पाठक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री गिरिशा पाठक के विवाह समारोह के लिए 20 से 23 फरवरी तक सफेदाबाद स्थित होटल रीगल शालीमार पैराडाइज में कमरे और हाल किराये पर लिए थे। आरोप है कि 21 फरवरी को दोपहर जब वह संगीत कार्यक्रम की तैयारियों में व्यस्त थीं, उसी दौरान होटल के कर्मचारी मनोज कुमार निवासी अलीपुर रायबरेली और गोविंद निवासी मझिगवां रीवा रायबरेली कमरे की सफाई और चादर बदलने के बहाने पहुंचे। आरोप है कि दोनों कर्मचारियों ने कमरे में रखे बड़े पर्स को बेड की चादर में लपेटकर चुपचाप उठा लिया। पीड़िता के अनुसार पर्स में रिश्तेदारों और परिचितों द्वारा बेटी की शादी में दिए गए सगुन व नेग के करीब 10 लाख रुपये रखे थे। उन्होंने बताया कि यह पूरी घटना होटल के बेसमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गांव में तनाव के चलते पीएसी तैनात, पहुंचे विधायक

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी थाना क्षेत्र में युवक की हत्या को लेकर तनाव चरम पर है। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते गांव में पीएसी तैनात की गई है। मां की तहरीर पर नामजद छह आरोपी पुलिस हिरासत में हैं, वहीं घटना के पीछे आरोपियों में से एक के घर की युवती से प्रेम संबंध सामने आ रहा है।

घटना कुर्सी व लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र की सीमा पर बसे गांव में हुई। महिगवां थाना क्षेत्र के श्रीरामपुरवा मजरे सुभाषनगर निवासी छविनाथ रावत का 22 वर्षीय बेटा मिथुन रावत शुक्रवार की रात घर से निकला था। शनिवार को चचेरा भाई सौरभ पुलिस को सूचना देकर थाने से वापस गांव जा ही रहा था कि दुर्गिनपुरवा गांव के करीब एक गेहूं के खेत में खून, मोबाइल कवर व चप्पलें पड़ी देखीं तो परिजनों को खबर की। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो कुछ ही दूरी पर मिथुन का रक्तरंजित शव मिला। इस घटना में मां की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने इरफान, रिजवान, अरबाज, जावेद, अरमान व इरफान के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर सभी को हिरासत में ले लिया। रविवार को क्षेत्रीय विधायक साकेन्द्र वर्मा भी मृतक के परिजनों से मिले और शोक जताया। सूत्रों के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों ने ही घटना को अंजाम दिया।

# होटल के कर्मियों से की मारपीट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने होटल में कर्मियों से मारपीट की और रिवाल्वर लहराया। । फतहाबाद निवासी अमित कुमार गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रंजिश के चलते शिवम चौधरी, अनिल व तीन अज्ञात लोग उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए शिवकला, सुमन और प्रिया के साथ मारपीट की थी। इस संबंध में उन्होंने पुलिस से शिकायत भी की थी। पीड़ित का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते 5 मार्च की शाम आरोपी उसके होटल पर पहुंच गए। आरोपियों के हाथ में रिवाल्वर था। उन्होंने वहां कर्मचारियों के साथ मारपीट की और रिवाल्वर लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा। ● अमृत विचार

## राज्यमंत्री ने किया माता-पिता धाम का उद्घाटन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** विधानसभा दरियाबाद क्षेत्र के कंधईपुर स्थित माता-पिता धाम का रविवार को राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने धाम परिसर में स्थापित सीता मैया प्रेम रसोई का शुभारंभ किया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता विनय कटियार, एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, ग्राम प्रधान आशीष मिश्रा, चेयरमैन आलोक तिवारी, सिद्धार्थ अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा और मुख्य सेवादार पंकज मिश्रा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. आंबेडकर प्रवेश द्वार का लोकार्पण

**देवा, बाराबंकी: अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सरसौदी में पंद्रहवें वित्त आयोग व पंचम राज्य वित्त आयोग योजना के अंतर्गत निर्मित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति प्रवेश द्वार का लोकार्पण ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम ग्राम प्रधान अयोध्या प्रसाद गौतम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह यादव ने कहा कि ग्राम प्रधान अयोध्या प्रसाद गौतम ने विकास कार्यों के माध्यम से अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। कार्यक्रम में पंचायत सचिव सपना श्रीवास्तव, एडवोकेट पुष्पराज यादव सहित बड़ी संख्या में प्रधान, बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।

**धर्म-कर्म**

निस्कापुर (छुलिहा) में पांच दिवसीय सत्संग समारोह एवं संत सम्मेलन के दूसरे दिन बही भक्ति की बयार

# कैकेयी के त्याग से ही भगवान राम बने मर्यादा पुरुषोत्तम : सुरभि त्रिवेदी



कथा सुनातीं कथावाचिका।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** निस्कापुर (छुलिहा) में आयोजित पंच दिवसीय सत्संग समारोह एवं संत सम्मेलन के दूसरे दिन प्रसिद्ध कथावाचिका सुरभि त्रिवेदी ने रामकथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और मर्यादा का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि माता कैकेयी के त्याग के कारण ही भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में स्थापित हुए। यदि कैकेयी ने राम को वनवास न दिया होता तो उनके त्याग, धैर्य और आदर्शों का महान स्वरूप संसार के सामने नहीं आ पाता। उन्होंने कहा कि रामकथा केवल धार्मिक कथा नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणादायी गाथा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, नगर पंचायत हैदरगढ़ के चेयरमैन आलोक तिवारी, ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह, अवधेश सिंह चंदेल, एडवोकेट रितिका सिंह सिसोदिया, राजकुमार शर्मा, लल्ली पाठक, एमपी सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि पंच दिवसीय सत्संग में प्रतिदिन संतों के प्रवचन और भजन-कीर्तन के माध्यम से लोगों को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## भक्तों के प्रेम से बंधकर धरती पर अवतार लेते हैं भगवान



कथावाचक का सम्मान करते आयोजक राजीव नयन तिवारी। ● अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** पचघरा स्थित ओम शिवालय रक्षाबंधन मेला मैदान पार्क में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए। कथा व्यास स्वामी स्वरूपानन्द महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम से बंधकर ही इस धरती पर अवतार लेते हैं। उन्होंने बताया कि कैलाश पर्वत पर माता पार्वती द्वारा भगवान शिव से पूछे गए प्रश्नों के माध्यम से श्रीराम के अवतार का रहस्य सामने आता है। इस अवसर पर अखिलेश चंद्र शास्त्री, राजीव नयन तिवारी, राजन तिवारी, डॉ. अंजू चंद्रा, अनिल मिश्रा, डॉ. रमेश चंद्रा, सुरेश चंद्र मिश्रा, जागृति तिवारी, मोहित तिवारी, राम लखन यादव, सरदार सतनाम सिंह, रामू तिवारी, जयपाल रावत, मुन्ना तिवारी और धर्मेंद्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



अनुपम वर्मा को सम्मानित करते लोग। ● अमृत विचार

## श्याम महोत्सव में सजा बाबा का भव्य दरबार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** रसौली में श्री श्याम परिवार की ओर से आयोजित श्री श्याम महोत्सव में बाबा श्याम का रबार सजाया गया और छप्पन भोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाणा से आए साहिल शर्मा, फतेहपुर के आकाश गुप्ता और लखनऊ की वंतिका तिवारी ने भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फूलों की होली खेली गई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष सफदरगंज अमर चौरसिया व चौकी प्रभारी ऋषभ सिंह चंदेल टीम के साथ मौजूद रहे। सुबह बाबा की आरती के बाद भक्तों को छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम मुबारकपुर निवासी अनुपम वर्मा का सिविल सेवा परीक्षा में चयन होने पर उन्हें फूलमालाओं और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री श्याम परिवार, महाकाल कांवरिया संघ, श्री दुर्गा पूजा समारोह समिति के पदाधिकारी और क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## यूपीएससी में सफल युवाओं से मिले पूर्व सांसद



अभिजीत को सम्मानित करते पूर्व सांसद। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रविवार को पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया और कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले जिले के होनहार विद्यार्थियों से उनके घर पहुंचकर मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। प्रतिनिधिमंडल ने अभिजीत वर्मा उर्फ नंदन, अनुपम वर्मा तथा सुयेश द्विवेदी के आवास पहुंचकर उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जनपद में शिक्षा को लेकर अभिभावकों की बढ़ती जागरूकता का ही परिणाम है कि यहां के छात्र ऊंचे पदों पर पहुंच रहे हैं। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में के.सी. श्रीवास्तव, अजीत वर्मा, मोनू सिंह, अजय रावत, सूरज रावत, गोपी कनौजिया, श्रीकांत मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा को लेकर निकली कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पहले कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा शहर के कैलाश आश्रम स्थित चंद्रेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश लेकर भक्ति भाव के साथ शामिल हुईं। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए रसूलपुर मोहल्ला स्थित दूधेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने के बाद विधि-विधान के साथ कलश स्थापना की गई और इसके साथ ही धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। आयोजक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि दूधेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 13 मार्च तक किया जाएगा। कथा का वाचन वृंदावन से आए कथावाचक अभिनव महाराज करेंगे। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रद्धालु कथा का श्रवण करेंगे। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी दद्दन मिश्रा, उमाशंकर जायसवाल, मदन शुक्ला, मनोज द्विवेदी, विष्णु तिवारी, निधि तिवारी, संतोष कुमार तिवारी, नवनीत तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व भक्तजन मौजूद रहे।

## अभिजीत व अनुपम का गोप ने किया सम्मान



अनुपम को सम्मानित करते सपा नेता गोप। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय सिविल सेवा परीक्षा 2025 में जनपद के होनहार युवाओं की सफलता पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने उन्हें सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने जगन्नाथ वर्मा के बेटे अभिजीत वर्मा नंदन के प्रथम प्रयास में सिविल सेवा परीक्षा में चयनित होने तथा सुरेंद्र वर्मा के बेटे अनुपम वर्मा के सफलता प्राप्त करने पर उनके आवासों पर पहुंचकर माला, अंगवस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों के पिता को भी माला पहनाकर बेटों की सफलता पर शुभकामनाएं दीं। अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में जिले के युवाओं की सफलता बाराबंकी के लिए गौरव का विषय है। अभिजीत और अनुपम की उपलब्धि से जिले में शिक्षा और मेहनत की संस्कृति को और मजबूती मिलेगी। इस मौके पर कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा 'बबलू', जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, फिरोज मिर्जा, हिमांशु पाठक और सुरेश चंद्र गौतम सहित अन्य लोगों ने भी अभिजीत वर्मा नंदन व अनुपम वर्मा को माला पहनाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## स्कूल को सीबीएसई बोर्ड से नर्सरी से इंटर तक की मान्यता

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** नवीन मंडी स्थल के निकट संचालित किड्स गैलेक्सी स्कूल को सीबीएसई बोर्ड द्वारा नर्सरी से लेकर इंटरमीडिएट तक कक्षाएं संचालित करने की मान्यता मिल गई है। प्रिंसिपल अंजुलिका वर्मा ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन के निरंतर प्रयासों के बाद यह मान्यता प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि अब तक विद्यालय कक्षा आठ तक यूपी बोर्ड की इंग्लिश मीडियम मान्यता के तहत संचालित हो रहा था, लेकिन 1 अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र से विद्यार्थियों को सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षा प्रदान की जाएगी। वहीं विद्यालय के प्रबंधक अमन वर्मा ने कहा कि आधुनिक संसाधनों और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

## मानस सम्मेलन में गूंजी भक्ति व ज्ञान की धारा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बहुताधाम में चल रहे मानस सम्मेलन के सातवें दिन विभिन्न विद्वानों ने रामचरितमानस और भारतीय संस्कृति के विविध आयामों पर अपने विचार व्यक्त किए। रायबरेली से आए कथा व्यास डॉ. कृष्णकुमार मिश्र ने कहा कि सृष्टि का आधार भगवती सीता हैं, इसलिए उन्हें जगत की जननी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि सीता जी नारी के रूप में आदर्श पत्नी, गृहिणी और माता के कर्तव्यों का बोध कराते हुए समाज को नारी सम्मान की प्रेरणा देती हैं। अयोध्या के कौशल्या घाट के महंत सुकृपा दास जी ने कहा कि श्रीराम सर्वगुणसम्पन्न पुरुषोत्तम हैं, जिन्होंने मानव समाज को चरित्र और मर्यादा की शिक्षा देने के लिए मनुष्य रूप में अवतार लिया। वहीं कुरुक्षेत्र, बाराबंकी से आए मानस मनीषी पं. रामकिंकर मिश्र ने भगवद्गीता के कर्म सिद्धांत की व्याख्या करते हुए बताया कि जब तक जीव की सांसारिक विषयों से आसक्ति समाप्त नहीं होती, तब तक जन्म-मरण का चक्र चलता रहता है। रायबरेली के मानस चिंतक पं. कृष्णकुमार तिवारी ने भारतीय ऋषि-मुनियों की परंपरा और पर्यावरण संरक्षण की भावना पर प्रकाश डाला। लखनऊ से आए कथा व्यास पं. स्वामी दीन शुक्ल ने कहा कि धन से अधिक गुणों का अर्जन महत्वपूर्ण है। अयोध्या के दीनबंधु महाराज ने कहा कि जीवन से छल-कपट दूर हो जाना ही सच्ची भक्ति है। वहीं वीर रस के कवि एवं समीक्षक रामेश्वर द्विवेदी 'प्रलयंकर' ने कहा कि तुलसी के राम मातृभूमि के प्रति प्रेम और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देते हैं।

## मेधावी छात्राओं व माताओं को किया गया सम्मानित

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर "छात्राओं की ऊंची उड़ान" विषय पर पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं और उनकी माताओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक रत्नेश कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने महिला दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, सरिता यादव, प्रिया मौर्य सहित प्रिंसी, पलक, लीलावती, सरोज, सरस्वती, जियालाल आदि मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति को पीटा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर उसके पति से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च की शाम करीब 5 बजे वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव का संदीप पुत्र विष्णु उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। महिला के शोर मचाने पर आरोपी उसे धक्का देकर भाग गया। पीड़िता ने बताया कि जब उसके पति घर पहुंचे तो उसने पूरी घटना बताई। इसके बाद जब पति आरोपी से पूछताछ करने उसके घर गया तो संदीप, शिवा पुत्र विष्णु और अमित पुत्र लखन ने मिलकर उसके साथ मारपीट की।

# अफसरों, माननीयों व संस्थाओं ने किया महिलाओं का सम्मान

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली महिलाओं का बढ़ाया उत्साह





महिला को सम्मानित करते भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी व सदर विधायक पंकज गुप्ता। सीओ सफीपुर सोनम सिंह को सम्मानित करते एसएसपी जय प्रकाश सिंह।

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को जिले भर में महिलाओं को सम्मानित करने के लिये विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमें अफसर, जन प्रतिनिधि व संस्थाएं शामिल रहीं। सभी ने विभिन्न क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया गया।

### महिलाओं का सम्मान पूरे देश का सम्मान: पंकज गुप्ता

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को निराला प्रेक्षागृह में जिला प्रशासन द्वारा महिला सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। शुभारंभ जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साधना दीक्षित व एडीएम सुशील कुमार गोंड ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिकंदरपुर सरोसी की छात्राओं ने गीत पेश कर अतिथियों का अभिनंदन किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय व जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार के संयोजन में आयोजित इस समारोह में कुल 24 महिलाओं को शाल, प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा, एसडीएम हसनगंज प्रज्ञा पांडे, उन्नति विश्वकर्मा, शिक्षिका सारिका चतुर्वेदी, सुजाता गुप्ता, सोनू सिंह, रचना सिंह, मुसर्रत फातिमा व वार्डन नीलिमा अवस्थी रहीं। इसमें समाजसेवी मृदुला अस्थाना व ट्रांसजेंडर बोर्ड की अध्यक्ष लकी किन्नर व पूर्णिमा किन्नर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निर्मला देवी, उमा मिश्रा, विद्या देवी, निरंजनी देवी, ऋतु श्रीवास्तव व उषा देवी भी रहीं। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि सरकार की योजनाओं से महिलाएं न केवल लाभान्वित हो रही हैं बल्कि वे देश के आर्थिक विकास में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि सनातन धर्म में महिला शक्ति का स्रोत रही है। विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की मांग पर मुख्यमंत्री से उनके मानदेय बढ़ाने पर वार्ता करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान शिक्षक विश्वनाथ तिवारी विधि एवं परिवीक्षा अधिकारी अवधेश कुमार, राणा रिशेंद्र सिंह, चंद्रकांता जोशी और रामलाली आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं को किया सम्मानित

**उन्नाव :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को पुलिस लाइन में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें एसएसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस कर्मियों व समाजसेवी महिलाओं को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र, पुष्पगुच्छ व मां दुर्गा का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। समाज व पुलिस व्यवस्था में उनकी भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ने व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद ने महिला सशक्तिकरण पर स्वयं रचित गीत प्रस्तुत किया। वहीं एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने सम्मानित महिलाओं को बधाई देकर उनके कार्यों की सराहना की। सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा, सीओ सफीपुर सोनम सिंह व सीओ लाइन विनी सिंह ने भी महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। समारोह में प्रभारी निरीक्षक डब्ल्यूसीएसओ संतोष कुमारी, परिवार परामर्शदाता शिल्पी श्रीवास्तव, प्रभा यादव, तबस्सुम नफीस, डॉ. शशि रंजना अग्निहोत्री सहित कई महिला पुलिस कर्मियों, परामर्शदाताओं व विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया। संचालन आरआई सचिन राय व परिवार परामर्श समिति के प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने किया।

### शुक्लागंज की आशाबहुओं को किया गया सम्मानित

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएमओ कार्यालय में महिला गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें शुक्लागंज की दो आशा बहुओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कंचन नगर निवासी सुनीता कुशवाहा व आदर्श नगर निवासी रंजीता को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सबसे अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने पर प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। दोनों ने शुक्लागंज क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को योजना के प्रति जागरूक किया और पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीएमओ ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके प्रयासों से अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है।

### दहेजमुक्त गांव में महिलाओं को किया गया सम्मानित



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विकासखंड बिछिया के दहेजमुक्त गांव सेवाखेड़ा पोस्ट नेवरना में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान गौरी शंकरपुर ग्रांट व महिला मंडल अध्यक्ष भाजपा बिछिया सीमा राजपूत रहीं। इसमें महिलाओं के अधिकार व कर्तव्य के बारे में जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षिका केंद्रीय विद्यालय प्रीती गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सुशीला, नशामुक्ति अभियान में सहयोगी स्वाती वर्मा, दीपांशी, पर्यावरण व स्वच्छता के लिए रानी राजपूत, भगतिन, कमला पाल, सर्वेश कुमारी, मां बहार देवी महिला समूह अध्यक्ष रिंकी वर्मा, सन्नो रसोईया, निशा, सुनीता, फूलमती, मुन्नी बेन, सरोजनी, रजोली, अनीता, राजकुमारी, रामदेवी, सुमित्रा लोधी सहित 30 महिलाओं को अंगवस्त्र, मेडल व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी ने फूलों की होली खेली और होली गीत व फाग आदि भी हुआ। कार्यक्रम प्रभारी भरत कुमार ने सबका आभार जताया। बीएसएनएल से रिटायर्ड समाजसेवी हरीराम पाल, भीखा पाल, प्रेम शंकर, अमरेश लोधी, धीरज राजपूत, पंकज, देशराज, अंकुल आदि मौजूद रहे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने में अव्वल महिला कर्मी हुईं सम्मानित



सीएमओ से सम्मानित हुईं स्वास्थ्यकर्मी।

**उन्नाव :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आयुष्मान भारत योजना की सफलता में महिला कर्मियों का समर्पण अहम है। इसमें आयुष्मान कार्ड बनाने व मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में योगदान देने वाली महिलाओं के कार्यों की समीक्षा भी की गई। इस दौरान आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी डॉ. जयराम सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आशुतोष पाण्डेय, जिला शिकायत निवारण प्रबंधक आलोक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### विद्यालय की प्रगति में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण



केक काटकर महिला दिवस मनाती विद्यालय की शिक्षिकाएं।

**उन्नाव :** विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्ष व सम्मान के साथ मना। प्रबंधक नवीन भारतीय ने विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षिकाओं को धन्यवाद व सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय की प्रगति में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानाचार्य माणिक भारतीय ने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर विचार व्यक्त किए। इसमें विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं व महिला कर्मियों ने मनोरंजक खेलों में भाग लिया। इस अवसर पर केक काटकर उत्सव मनाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रांसफार्मर से उपकरण और तेल चोरी

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गौरा-कठेरवा गांव के बाहर लगे ट्रांसफार्मर से गांव व उसके मजरों में विद्युत आपूर्ति होती है। शनिवार देररात चोरों ने ट्रांसफार्मर पलट दिया और उसमें भरा तेल निकालने के साथ अंदर लगे तांबा, पीतल व जस्ता के कीमती उपकरण खोल ले गए। रविवार सुबह जब ग्रामीणों की नजर पड़ी तो ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरा मिला। यह देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर विभागीय अधिकारी पहुंचे। फीडर प्रभारी अभिषेक गौड़ ने अजगैन कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि फीडर प्रभारी की ओर से प्रार्थनापत्र मिला है। रिपोर्ट दर्ज कर जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। वहीं चोरी के बाद गांव में रात से विद्युत आपूर्ति ठप है। विभागीय अधिकारी आपूर्ति शुरू कराने के प्रयास में लगे हैं।

### खेलकूद प्रतियोगिता के लिए छात्र रवाना

**उन्नाव, अमृत विचार :** अयोध्या में आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ियों की बस रविवार को बीएसए कार्यालय के सामने से जिला व्यायाम शिक्षिका अनीता वर्मा ने रा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस में मंडल स्तर पर विभिन्न खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिले के 68 खिलाड़ी थे। बस दोपहर बाद 2 बजे निकली। जो डा. भीमराव आंबेडकर इंटरनेशनल डाबा सेमर आमौना अयोध्या पहुंचेगी। इस दौरान विवेक तिवारी, मयंक, सूर्यम, पुरुषोत्तम, विनय त्रिपाठी, निखिल बाजपेई, अनुदीप श्रीवास्तव, आदित्य दीक्षित, उमेश मिश्रा आदि रहे।

# चोरी के माल संग तीन शातिर चोर गिरफ्तार

- हथौड़ा, लोहे की रॉड और 10,900 रुपये बरामद

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचारः** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत गंगाघाट पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से चोरी में इस्तेमाल किया गया हथौड़ा, लोहे की रॉड व 10,900 रुपये बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार 6 मार्च को बिंदा नगर निवासी किशन राठौर ने गंगाघाट कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि चोरों ने उनके घर से जेवरात व नकदी चोरी कर ली है। इसमें पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। रविवार को बिंदा नगर चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने फोर्स के साथ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में मो. फैसल निवासी मकइया ताल रहमत नगर गंगाघाट, मो. रेहान निवासी बेगमपुरवा टीपी नगर थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर व फैसल निवासी भूडपुर मछरिया थाना नौबस्ता कानपुर नगर शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से एक हथौड़ा, एक लोहे की रॉड व 10,900 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पारिवारिक विवाद में दो महिलाओं और युवक ने फंदे से लटककर दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली व आसीवन थानाक्षेत्र में दो विवाहिताओं ने पति से हुए विवाद के बाद फंदे से लटककर जान दे दी। वहीं अजगैन कोतवाली अंतर्गत ननिहाल में रह रहे युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से परिजनों में चीखपुकार मची है। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

**केस -1**

### पति से विवाद के बाद फंदे से लटक दी जान

सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र के खटई गांव निवासी अनीता (35) पत्नी गुड्डू को अपनी



मोर्चरी में बिलखते अनीता के परिजन। ● अमृत विचार

छोटी बहन व देवरानी गायत्री पत्नी बबलू के साथ रविवार दोपहर अपने मायके माखी थानाक्षेत्र के पूरा निस्फ पंसारी गांव जाना था। तभी पति गुड्डू से उसका दोनों बेटों आर्यन व अहम को नहलाने को लेकर विवाद हो गया। पति ने बताया कि इससे नाराज होकर अनीता ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। थोड़ी देर बाद जब बहन गायत्री ने उसे मायके चलने के लिए आवाज दी तो उसने जाने से मना कर उसे अकेले जाने को कहा। थोड़ी देर बाद शंका होने पर झांककर देखा गया तो अनीता दुपट्टे के फंदे से लटक रही थी। किसी तरह दरवाजा खोलकर पति उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी लाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है।

- घटनाओं के बाद से परिजनों में मचा कोहराम

**केस-2**

### पति के अवैध संबंधों के शक पर महिला ने की खुदकुशी

आसीवन थानाक्षेत्र के रसूलाबाद कस्बा के अटिया मोहल्ला निवासी विमल अवस्थी प्राइवेट क्लिनिक चलाता है। रविवार को वह रहीमाबाद गांव स्थित क्लीनिक पर बैठा था। उसका इकलौता बेटा आयुष उर्फ शानू कानपुर में पढ़ाई करता है। रविवार को विमल की पत्नी रश्मि (40) ने फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बेटी की मौत की खबर पर पहुंचे बिहार थानाक्षेत्र के दिलीप नगर कुकरी गांव निवासी पिता श्रीराम शुक्ला ने आरोप लगाया कि दामाद विमल का एक महिला से अवैध संबंध है। इसकी जानकारी रश्मि को हो गई थी। होली की भैयादूज पर बेटी ने इसकी जानकारी मायके में दी थी। एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। यदि तहरीर मिलेगी तो जांच की जाएगी।

### ननिहाल में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**नवाबगंज :** असोहा थानाक्षेत्र के महीपत खेड़ा गांव निवासी अनुराग (18) पुत्र दयाराम लोधी बचपन से अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर कुसुंभी गांव स्थित अपने ननिहाल में नाना राम कुमार व नानी रामकुमारी के साथ रहता था। मामा अनूप ने बताया कि इस समय अनुराग लखनऊ में कृषि संबंधी पढ़ाई कर रहा था। होली की छुट्टी पर वह घर लौटा था। रविवार सुबह ननिहाल में मामी रोशनी उसे किसी काम से बुलाने गई तो अनुराग का शव फंदे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुन परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। मामा अनूप ने शक जताया कि लखनऊ में किसी विवाद के चलते भांजे ने जान दी है। चर्चा रही कि पुलिस को वहां सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने अनुराग का मोबाइल फोन कब्जे में लिया है।

# दीप महायज्ञ से जगमगाया मंदिर परिसर

नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचारः** राधाकृष्ण मंदिर परिसर में गायत्री परिवार महिला मंडल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व अमृत महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को वैदिक मंत्रों की गूंज व यज्ञ की आहुतियों के बीच श्रद्धालुओं ने लोक कल्याण की मंगल कामना की।

रविवार सुबह से वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया। मुख्य कार्यक्रम के तहत विद्वान आचार्यों के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देवपूजन व पंच कुंडीय यज्ञ हुआ। विशेष बात यह रही कि यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सपरिवार पीले वस्त्रों में शामिल हुए। जिससे पूरा परिसर सात्विक आभा से भर उठा। श्रद्धालुओं ने यज्ञ कुंड में आहुतियां देकर समाज में सुख-शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। आयोजकों ने बताया कि रविवार शाम विशेष संगीत व प्रवचन का आयोजन हुआ। इसका मुख्य आकर्षण भव्य दीप महायज्ञ रहा। जहां सैकड़ों दीपों की रोशनी से मंदिर परिसर जगमगा उठा। दीपों की लौ के बीच गायत्री मंत्र के जप ने लोगों को भाव-विभोर कर दिया। सोमवार को कार्यक्रम का समापन होगा।



गायत्री दीपयज्ञ में शामिल होती महिलाएं। ● अमृत विचार

- गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन वैदिक मंत्रों से गूंजा मंदिर परिसर

# इंडिया की जीत को विधायक ने किया हवन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले टी-20 फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया की प्रचंड विजय और ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने के लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने रविवार को बड़ा चौराहा स्थित झण्डेश्वर महादेव मंदिर में विजय हवन किया।

मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में जीत के विश्वास के साथ-साथ आस्था और खिलाड़ियों के प्रति सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिला। हवन के पश्चात मंदिर प्रांगण में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां सदर विधायक ने स्थानीय खिलाड़ियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इसी अवसर पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। क्षेत्रवासियों और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए विधायक पंकज गुप्ता ने मंदिर परिसर के बाहर बड़ी स्क्रीन लगवाई। मैच के दौरान हर चौके और छक्के पर समर्थकों का जोश देखने लायक था। इस मौके पर विधायक ने कहा हमारे क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा और उनका समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भारतीय टीम विश्व पटल पर एक बार फिर अपना परचम लहराएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी,विमल द्विवेदी, प्रवीण सिंह 'नूतन',साधना दीक्षित, प्रियंका शुक्ला,गुड्डू तनेजा, निखिल, विकास बाजपेई, शंकर श्रीवास्तव व ब्रजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।



मैच के दौरान जश्न मनाते सदर विधायक पंकज गुप्ता।

- सामूहिक रूप से मैच देखने के लिए लगवाई बड़ी स्क्रीन

### फूलों की होली व झांकी के साथ मना समारोह

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गोपीनाथ जन कल्याण समिति गोपीनाथपुरम द्वारा रविवार को एक अतिथि लॉन में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इसमें राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी व फूलों की होली मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इसमें पहुंचे लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर व फूलों की वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों ने ठंडाई व चाट का आनंद भी लिया। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता व आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। आयोजकों ने बताया कि समिति हर वर्ष ऐसे समारोह कर लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयास करती है। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, केदारनाथ तिवारी, शशि प्रभा तिवारी, अंजनी अग्निहोत्री, सूर्यकुमार बाजपेई, श्रीप्रकाश मिश्रा, अनुज तिवारी, विजय सिंह, सुभाष शुक्ला, डीसी शुक्ला, कमलाकांत त्रिपाठी, विष्णु प्रसाद पांडे, रामकृष्ण यादव, श्रवण कुमार सिंह, रामप्रकाश यादव, अवनीश शुक्ला, धीरज सिंह, नीरज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### रीयूनियन 2026 में पूर्व छात्र-छात्राओं का हुआ मिलन



रीयूनियन कार्यक्रम में मौजूद पूर्व छात्र-छात्राएं।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** विद्या मंदिर परिवार का बहुप्रतीक्षित रीयूनियन 2026 कार्यक्रम शनिवार को हर्षोल्लास से आयोजित हुआ। इसमें विद्यालय के शुरुआती बैच से हाल के बैच तक के सैकड़ों पूर्व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलकर सभी ने पुरानी यादें ताजा कीं और स्कूल के दिनों को याद कर भावुक हो उठे। कार्यक्रम में कॉमेडियन ऋषि पंडित की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रही। उनके हास्य और मनोरंजक अंदाज ने लोगों को खूब हंसाकर माहौल खुशनुमा बना दिया। इसमें विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य रमेश सिंह, रमेश अवस्थी, प्रवीण पांडे व अवध किशोर आदि शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों व पूर्व छात्रों की आत्मीय मुलाकात ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। पूर्व छात्र-छात्राओं में राहुल तिवारी, दुर्गा मिश्रा, कृष्ण कुमार पांडेय, गौरव शर्मा, विवेक मिश्रा, अमित पांडेय आदि शामिल हुए। आयोजन समिति के शिवेंद्र सिंह बघेल के नेतृत्व में अखिलेंद्र प्रताप सिंह, अनंत द्विवेदी, विशाल श्रीवास्तव, अमर सविता, हिमांशु चौरसिया, देवी प्रसाद मौर्या व दीपंकर गौतम आदि ने कार्यक्रम सफल बनाया।

### स्वास्थ्य मेले में 64 मरीजों का हुआ परीक्षण

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** राजमार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवाएं बांटी। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ दवाइयां दीं। वहीं अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 64 मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां बांटी गईं। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इसमें अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, अभिषेक अवस्थी, आलोक मिश्रा, विपिन पांडेय मौजूद रहे।

**उठाई आवाज** — ज्योतिषपीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने योगी सरकार पर बोला बड़ा हमला

# हिंदुत्व का चोला पहनने वाले कालनेमि की जांच हो : शंकराचार्य

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** ज्योतिषपीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सीएम योगी आदित्य नाथ के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए उनके आचरण को हिंदुत्व के विपरीत बताया। शहर के एक गेस्ट हाउस में पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला के नेतृत्व में हुए स्वागत समारोह के दौरान शंकराचार्य ने न केवल सीएम की सार्वजनिक जवाबदेही पर सवाल उठाए बल्कि गौरक्षा मुद्दे पर 11 मार्च को लखनऊ में 'धर्म युद्ध' का शंखनाद करने का भी ऐलान किया।

शंकराचार्य ने माघ मेले के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए कालनेमि वाले बयान पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जब मुख्यमंत्री स्वयं साधु-संतों से प्रमाण मांग रहे हैं तो सबसे पहले उनकी ही कसौटी पर जांच होनी चाहिए। एक संन्यासी का आचरण व जीवनशैली विशिष्ट होती है। चूंकि वह हमारा वोट लेकर मुख्यमंत्री बने हैं इसलिए वे जनता के प्रति जवाबदेह हैं। क्या एक हिंदू को हिंदुत्व पर सवाल पूछने का हक नहीं है। शंकराचार्य ने गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा न मिलने पर गहरा रोष जताया। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि वर्ष-2012 के बाद से उत्तर प्रदेश में करीब 18-19 लाख देशी गायों की संख्या कम हुई है। आरोप लगाया कि एक ओर सरकार गो-भक्ति का ढिंढोरा पीटती है और दूसरी ओर देश से बीफ का निर्यात बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रदेश सरकार को दिया गया 40 दिन का समय लगभग समाप्त हो चुका है और अब 11 मार्च को लखनऊ के कांशीराम स्मृति उपवन में धर्मयुद्ध का शंखनाद होगा। यौन शोषण का आरोप लगाने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर हाल ही में हुए हमले पर शंकराचार्य ने संदेह जताया। उन्होंने इसे शातिर अपराधी की चाल बता कहा कि खुद पर हमला कराकर प्रदर्शन करना पुरानी कला है। उन्होंने सरकार से मांग की कि आशुतोष को सुरक्षा दी जाए ताकि वह कोर्ट में उनके विरुद्ध जो भी फर्जी प्रमाण देना चाहते हैं वह पेश कर सकें। इससे पूर्व शहर पहुंचने पर शंकराचार्य का जोरदार स्वागत हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उन्हें आसन ग्रहण कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक व प्रबुद्ध वर्ग के लोग उपस्थित रहे।



आयोजन के बाद गेस्ट हाउस से निकलते स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती।

### रूट क्लियर न होने से स्टेशन पर कुछ देर रुकी शताब्दी व एलटीटी

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** रूट क्लियर न होने से शताब्दी व लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस को रविवार को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। जानकारी के अनुसार दोनों ट्रेनों के आने से पहले एक मालगाड़ी को उन्नाव की ओर रवाना किया गया था जिससे ट्रैक खाली होने में देरी हो गई। गंगाघाट स्टेशन पर शताब्दी एक्सप्रेस सुबह 11:45 बजे पहुंची और 4 मिनट रुककर 11:49 बजे सिग्नल मिलने पर रवाना की गई। इसके बाद लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस 11:57 बजे स्टेशन पहुंची और एक मिनट रुककर 11:58 बजे रवाना हुई। रेलवे अफसरों के अनुसार कानपुर से लखनऊ की ओर मालगाड़ी गुजरने से रूट कुछ देर तक व्यस्त रहा। इसके चलते दोनों ट्रेनों को गंगाघाट स्टेशन पर थोड़ी देर रोकना पड़ा।

न्यूज ब्रीफ

### खेलते-खेलते छत से नीचे गिरा बच्चा, रेफर

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हुलासी खेड़ा निवासी दिलीप का 6 वर्षीय बेटा दिलीप छत पर खेल रहा था। तभी वह खेलते-खेलते अचानक नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### घरेलू कलह के चलते खाया जहर, गंभीर

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर हमजा निवासी गिरधर प्रसाद पुत्र रूपन ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मार्च में ही 30 डिग्री से अधिक पहुंचा तापमान

**हरदोई, अमृत विचार।** बढ़ रहे प्रदूषण व असंतुलित पर्यावरण के चलते मौसम की मार लगातार लोगों को झेलनी पड़ रही है। इस बार सर्दी में भी जहां लोगों को भीषण ठंडक का सामना करना पड़ा, वहीं भीषण गर्मी भी झेलनी पड़ सकती है। मार्च महीने में ही मौसम की गर्मी लगातार बढ़ रही है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 32.6 पहुंच गया, वहीं न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्शियस रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस बार गर्मी भी काफी लंबे समय तक रहेगी। तापमान भी ज्यादा रहेगा। गर्मियां बढ़ने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी लगातार बढ़ रहा है।

### कहासुनी के बाद पत्नी ने पति को मारा चाकू

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव अमीरपुर नेवादा निवासी सरवन व उसकी पत्नी में किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। तभी पत्नी ने सरवन पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर बता जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल सरवन की ओर से थाने में तहरीर नहीं दी गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की गयी जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र के शाहपुर सिधौरा गांव निवासी सर्वेश (35) पुत्र रामकुमार मजदूरी करता था। रविवार को वह साथियों के साथ जोधपुर गांव के बाहर निर्माणधीन गंगा एक्सप्रेस-वे की बाउंड्री वॉल का कार्य कर रहा था। तभी अचानक वह फर्श पर गिरकर बेहोश हो गया। यह देख मौजूद कर्मियों में हड़कंप मच गया। उसे एंबुलेंस से सीएचसी सफीपुर लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे और गोली, 5 लोग घायल

## मामूली कहासुनी के बाद बढ़ा विवाद, दो मेडिकल कॉलेज रेफर

**अफरा-तफरी**

- मौके पर तीन थानों की पुलिस की गयी तैनात

संवाददाता हरदोई/माधौगंज

**अमृत विचार।** जसा सी बात का ऐसा बतंगड़ बन गया कि दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी के बाद लाठी-डंडे के अलावा गोली चल गयी। घटना में घायल हुए पांच लोगों को सीएचसी पहुंचाया गया। वहां से दो को मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया। हालांकि पुलिस ने गोली चलने की बात से इंकार करते हुए कहा है कि मेडिकल और जांच रिपोर्ट आने से पहले इस बारे में कुछ कहना जल्दबाजी होगी। तनाव को देखते हुए माधौगंज के अलावा मल्लावां और बिलग्राम पुलिस तैनात कर दी गई है। वहीं, सीओ बिलग्राम रविप्रकाश सिंह पूरे मामले की बराबर मानीटरिंग कर रहे हैं।

बताया गया है कि माधौगंज थाने के गौरा में रविवार की शाम को एक पक्ष होली मिलने जा रहा था जबकि दूसरा पक्ष खेत से चारा काट कर घर लौट रहा था। उसी बीच दोनों में कहासुनी होने लगी। बात का ऐसा बतंगड़ बना कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। इस बीच गोली भी चली। गोली की आवाज़ सुनकर लोग अपने-अपने घरों से बाहर आ गए। दोनों पक्षों से रूप सिंह पुत्र राम सहाय, प्रदीप पुत्र महेश्वर, ओमप्रताप पुत्र सुंदरलाल, अमन गुप्ता पुत्र सत्यनारायण और सुरेश पुत्र मथुरा घायल हो गये। आनन-फानन में उन्हें सीएचसी माधौगंज पहुंचाया गया। वहां से रूप सिंह, प्रदीप व ओमप्रकाश को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। इसका पता होते ही वहां पुलिस पहुंच गई।

तनाव को देखते हुए मल्लावां और बिलग्राम पुलिस को भी तैनात किया गया है। गोली चलने की बात पर पुलिस का कहना है कि इस बारे में मेडिकल और जांच रिपोर्ट आने से पहले कुछ कहना जल्दबाज़ी होगी। सीओ बिलग्राम रवि प्रकाश सिंह गौरा पहुंचे और पूछताछ की।

### आजाद नगर में धर्म सभा की सूचना पर पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ता

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** आजाद नगर में एक धर्मसभा की सूचना पर बजरंग दल कार्यकर्ता व पुलिस पहुंच गई। इस दौरान कुछ देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। पुलिस दो लोगों को पूछताछ के लिए कोतवाली ले गई। वहीं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर देने का प्रयास किया लेकिन आरोप है कि पुलिस ने तहरीर नहीं ली। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह क्षेत्रीय लोगों ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना दी कि आजाद नगर बाजार के एक मकान के तहखाने में धर्मसभा चल रही है और वहां धर्मांतरण कराया जा रहा है। सूचना पर बजरंग दल के नगर संयोजक शिवम मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ता विराज, पुरुषोत्तम पाल, अमित पांडेय व विवेक तिवारी पहुंचे और पुलिस को भी सूचना दी। तभी एक कार्यकर्ता किसी तरह अंदर पहुंच गया और धर्मसभा का वीडियो बना लिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर दबाव बनाया तो पुलिस दो लोगों को पूछताछ के लिए कोतवाली ले गई। बाद में कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और तहरीर देने का प्रयास किया लेकिन आरोप है कि पुलिस ने उन्हें शाम को कोतवाली प्रभारी के आने के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर टाल दिया। बजरंग दल के जिला संयोजक नितिन शुक्ला ने कहा कि कार्रवाई न होने पर एसएसपी से शिकायत करेंगे।

## अलग-अलग स्थानों पर मारपीट में 13 घायल

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गावों में हुई मारपीट की आधा दर्जन वारदातों में 13 लोग घायल हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 16 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। कोतवाली क्षेत्र के वहाउद्दीनपुर गांव निवासी राम सजीवन पुत्र रामभरोसे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च को उसका बेटा बबलू गांव के कमल पुत्र रामनरेश के साथ गया था। तभी कमल ने उसे शराब पिलाकर मारपीट की। बेटी खुशी ने विरोध किया तो उसे भी पीटा। वहीं कस्बा के मोहल्ला सोहरवा तालाब निवासी रामकली पत्नी सियाराम ने बताया कि 6 मार्च को उसका बेटा अजय घर के पास खड़ा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर मोहल्ले के विजय, संजय पुत्र बाबूलाल, राहुल पाल पुत्र जगतपाल व संजय पाल की पत्नी आदि वहां पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने अजय को डंडों से पीट दिया। शोर सुन पहुंचीं अजय की पत्नी पिंकी, भतीजी लक्ष्मी पुत्री राज बहादुर व रामकली को भी पीट दिया। घटना के बाद अजय भयवश कहीं चला गया। फतेहपुर गांव निवासी विकास पुत्र नेमचंद्र ने बताया कि 6 मार्च की शाम ससुराल पक्ष के सर्वेश, राजेश, त्रिमोहन व मनीष निवासी कुंवारी खेड़ा गंगाघाट कोतवाली उसके गांव आए। जहां उसके भाई करण पुत्र नेमचंद व गांव के प्रियांशु पुत्र राजेश को लोहे की रॉड से मारकर गंभीर घायल कर दिया। सैदापुर गांव निवासी माया देवी पत्नी रामकिशोर ने बताया कि 5 मार्च को दोपहर 12 बजे गांव के रमेश व उसकी पत्नी गुड़िया नाली के विवाद को लेकर गालीगलौज कर रहे थे। शोर सुन वह घर के बाहर आई तो दोनों ने डंडों से उसे पीट दिया। इसमें वह लहूलुहान हो गया। इसी तरह सकहन राजपूतान गांव की श्यामा पत्नी रमेश ने बताया कि 6 मार्च की दोपहर उसकी बेटी मुस्कान घर पर अकेली थी। तभी गांव के हरिराम व उसका पुत्र नवनीत पुरानी कहासुनी को लेकर घर में घुस आए और गालीगलौज करने लगे।

## एक दिन के लिए ईओ बनीं समाजसेवी दीपा

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

संवाददाता बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिलग्राम नगर पालिका सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी दीपा विश्वास को प्रतीकात्मक रूप से एक दिन के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) का चार्ज दिया गया। इस अवसर पर महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर विचार साझा किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह 'आशु' की पत्नी प्रतिभा सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं की भूमिका और समाज में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश और समाज का नाम रोशन कर रही हैं।

उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारियों और नगर पालिका की महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर महिलाओं ने खुशी व्यक्त की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। कहा गया कि आज के समय में महिलाएं पुरुषों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। नगर पालिका सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया और समाज में महिलाओं के योगदान को सराहा गया।




रैली निकालते स्वयं सेवक। अमृत विचार

### रैली निकाल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का दिया संदेश

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** रसूलपुर रूरी स्थित श्री विश्वंभर दयालु त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई शक्ति के 7 दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवकों ने सामाजिक जागरूकता की अलख जगाई। गांव मटुकरी में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शिक्षा, स्वच्छता व महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। स्वयं सेवकों ने 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' के मूल उद्देश्य को सार्थक करने के लिए जन-जाग्रति रैली निकाली। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपनी बेटियों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। इसमें महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. नवनीत कौर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को महिलाओं के सम्मान व समाज में समानता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान डॉ. अरविन्द कुमार व शिविर संयोजक अमित प्रजापति ने भी महिला अधिकारों व आत्मनिर्भरता पर विचार रखे। इसमें ग्राम प्रधान आईआर साहिल, डॉ. अरविंद कुमार, संयोजक अमित प्रजापति आदि रहे।

### पांचवें दिन पुलिस के हाथ लगा एक बलवाई, भेजा गया जेल

**उन्नाव, अमृत विचार।** अचलगंज के हड़हा गांव में जुआं पकड़ने गए दरोगा व सिपाही से एक युवक की हुई कहासुनी के बाद बढ़े बवाल में लोगों ने पुलिस वाहन तोड़ दिया था। इसमें कई पुलिस कर्मी चोटहिल भी हुए थे। पुलिस ने 8 नामितों में शामिल एक आरोपी को रविवार को गांव के पास से पकड़कर जेल भेजा है। बता दें कि बीती बुधवार शाम प्राइवेट कार से दरोगा शिव प्रसाद पांडेय व सिपाही अमर जीत हड़हा गांव पहुंचे थे। जहां जुआ खेल रहे लोग पुलिस को देख भाग निकले थे। इसी में सिपाही अमर जीत ने एक युवक से जुआं खेलने वालों के नाम जानने चाहे थे। बताते हैं कि इसी विवाद में सिपाही की अभद्रता से नाराज लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। अपने को बंधक बनता देख सिपाही दरोगा को छोड़कर भागा और थाने में खबर दी। सीओ मधुपनाथ मिश्रा व एसओ फोर्स के साथ पहुंचे तो लोगों ने पथराव कर दिया। बैकफुट में आई पुलिस को वहां से पीछे हटना पड़ा। बाद में एसएसपी आसपास के थानों का फोर्स व पीएसी पहुंची तब जाकर स्थित काबू में आई। दरोगा की तहरीर पर 8 नामित व 20 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। रविवार को एसओ ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि बलवा में शामिल युवक श्रवण कुमार पुत्र मक्का निवासी हड़हा को उसके घर के पास से पकड़ा गया है। जिसे कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से वह जेल भेजा गया है।



खांदी कटने से खेतों में जाता पानी। अमृत विचार

### सौ बीघा गेहूं की फसल जलमग्न, किसान चिंतित

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार।** लखनऊ की शारदा नगर खण्ड-2 से निकली मोहान रजबहा हाजीपुर तरेहा गांव के पास बीती रात कटने से किसानों की गेहूं की तैयार फसलें जलमग्न हो गईं। इससे चिंतित किसानों ने बताया कि फसलें तैयार थीं। गांव के सुजीत रावत आदि ने बताया कि बीती 3 मार्च को ओवरफ्लो होकर रजबहा कटा था। जिससे फसलें जलमग्न हुई थीं। सूचना पर नहर विभाग ने कटी खांदी को बंधवाया था। शनिवार रात दोबारा उसी जगह खांदी कट गई। जिससे करीब 100 बीघा फसल में पानी भर गया है। खांदी कटने से रामकरण, राजेश, मुन्ना, राम दयाल, राधे, सिद्धनाथ, रामकिशन, उदन, सरोज, खन्ना, गिरधारी, कमलेश, अजीत, सनेही यादव, राजेश, मिठाई लाला आदि किसानों की फसलें जलमग्न हो गई हैं।

### युवती को बहला फुसलाकर भगाया, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के गांव से एक युवती के बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस युवती की तलाश कर रही है। पीड़ित पिता के अनुसार 7 मार्च को रात्रि में तीन बजे उसकी पुत्री अकेली थी। उसी समय जितेंद्र पुत्र वेदराम निवासी कुतुबनगर हिरौली बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोपी के खिलाफ पीड़ित पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

### आज आएंगे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** गो हत्या रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती सोमवार को जिले में आ रहे हैं। वह सुबह नौ बजे जिले की सीमा में पहुंचेंगे। माधौगंज कस्बे में प्रेसवार्ता करने के बाद तुलसी आश्रम भीठाबाबा बघौली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। तत्पश्चात प्रताप नगर होते हुए नैमिषधाम के लिए जाएंगे। 11 मार्च को लखनऊ में होने वाले गो प्रतिज्ञा धर्म युद्ध शंखनाद कार्यक्रम के चलते समाज को जाग्रह करने आ रहे शंकराचार्य के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा तमाम तैयारियां की गई हैं, वहीं प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां की है, जिससे शंकराचार्य जी का कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल अयोध्या।

पताः—बडा रमना रीडगंज अयोध्या

ई—प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक— 3244 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा पत्रा0 / पत्रा0सं0—740 / 2025—26 दिनांक—21.02.2026

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल अयोध्या के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओं से ई—टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड् डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः—

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी. एस.टी सहित (रूपया में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| —:व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता :— | | | | | | |
| 1 | सुलतानपुर | राजकीय शिल्पकार अनुदेशक प्रशिक्षण संस्थान सुलतानपुर में टाईप—3 आवास (G+2) 06 नग का निर्माण कार्य। | 144.41 | 2.89 | 2354.00 | 12 माह |

2. वैब साइट पर बिड् डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः— 12.03.2026 को दोपहर 12 बजे से।
3. बिड् डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समयः— 23.03.2026 को प्रातः 11 बजे से।
4. प्री बिड् मीटिंग की तिथि एवं समयः— 25.03.2026 को प्रातः 11 बजे से।
5. ई—निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि / समयः— 27.03.2026 को प्रातः 10 बजे से।
6. ई—निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समयः— 15.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक।
7. ई—निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः— 15.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे तक।
8. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई शपथपत्र मान्य नही होगा।
9 निविदा ऑनलाईन बेव साइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज—10 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा । सभी संभावित निविदा दाताओ को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई—निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड् डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करे। सभी सम्मानित निविदादाता को सलाह है कि बिड् सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भॉति पढ़ लें।

(के0के0 मिश्रा)
अधीक्षण अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
परिमण्डल अयोध्या।
श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से।

UP - 247514 दिनांकः 07/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# जिले के प्रथम सांसद के पैतृक आवास का रास्ता बदहाल

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच बांगरमऊ नगर की एक कड़वी सच्चाई सामने आई है। देश की आजादी के 78 वर्ष बाद भी जिले के प्रथम सांसद व महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित विश्वम्भर दयालु त्रिपाठी के पैतृक आवास को जोड़ने वाला मार्ग आज भी एक कच्चे गलियारे के रूप में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित नई पानी की टंकी से लेकर बिल्हौर-कटरा बाईपास मार्ग तक जाने वाला करीब 300 मीटर लंबा यह मार्ग क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह मार्ग न केवल महान क्रांतिकारी के निवास को जोड़ता है बल्कि पौराणिक बाबा बोधेश्वर मंदिर व शीतला देवी मंदिर जाने का मुख्य रास्ता है। ईदगाह व रोडवेज बस अड्डे तक पहुंचने के लिए अधिकांश नागरिक इसी मार्ग से आते-जाते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बारिश की तो बात ही छोड़िए सामान्य दिनों में भी इस रास्ते पर कीचड़ व गंदा पानी जमा रहता है। श्रद्धालुओं को मजबूरी में इसी गंदगी से होकर मंदिरों व ईदगाह तक जाना पड़ता है। जन प्रतिनिधियों की बेरुखी के चलते यह 10 मीटर चौड़ा गलियारा अब दलदल में तब्दील हो चुका है। रामपाल यादव एडवोकेट, केशव अग्निहोत्री, चंद्रकांति, मो. ईशान, आशीष कुमार, सभासद सलमान अहमद, पूर्व सभासद शकील खान व सभासद इसरार सहित दर्जनों नागरिकों ने शासन-प्रशासन के विरुद्ध कड़ा रोष व्यक्त किया है। नागरिकों का कहना है कि सैकड़ों बार प्रार्थनापत्र देने के बावजूद नतीजा शून्य है। यदि प्रशासन ने इस मार्ग का निर्माण जल्द शुरू नहीं कराया तो सभी नागरिक एकजुट होकर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।



बदहाल मार्ग पर फैली गंदगी। अमृत विचार



मार्ग पर बहता नाली का पानी। अमृत विचार

### खाया जहर

**सफीपुर, उन्नाव।** दुगौरा निवासी जय सिंह (30) ने परिजनों से पैसे को लेकर हुए विवाद के बाद जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले जाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया।

### सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पिता से मुलाकात करने के बाद वापस जा रहा साइकिल सवार बेकाबू रफ्तार की चपेट मे.आ गया, वह ज़ख्मी हालत में काफी देर पड़ा रहा, यूपी-112 की पीआरवी उसे उठा कर सीएचसी ले गई, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि सवायजपुर कोतवाली के रामपुर धर्मपुर निवासी 35 वर्षीय सोनू वाल्मीकि पुत्र घनश्याम उर्फ गुड्डू साफ-सफाई का काम करता था और साण्डी थाने के नयागांव में मकान बनाकर रहता था। रविवार को वह अपने पिता से मुलाकात करने गांव गया हुआ था और वहीं से देर शाम साइकिल से घर जा रहा था। रास्ते में बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर बरसोहिया गांव के पास वह बेकाबू रफ्तार की चपेट में आ कर बुरी तरह ज़ख्मी हो गया, वह काफी देर तक पड़ा रहा, इसका पता होते ही पहुंची यूपी-112 की पीआरवी टीम उसे सीएचसी हरपालपुर उठा ले गई, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। सोनू के परिवार में पत्नी ऊषा के अलावा चार बेटी है।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच—श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच

पत्रांक : 906 / 8काम / ई—टेण्डरिंग / बह0—श्राव0वृत्त / 2025—26 दिनांकः 28.02.202627.

अल्प कालीन ई—निविदा सूचना प्रकाशन

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच—श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए' एवं बी श्रेणी मार्ग कार्य के पंजीकृत निविदादाताओं से ई—टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार कार्य की निविदा प्रतिशत दरों के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी0एस0टी0) (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क + स्टेशनरी शुल्क + जी0एस0टी0 (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधान सभा—पयागपुर। | | | | | | |
| 1 | बहराइच | वर्ष 2025—26 में इमलीतर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 एंव 2 के नवनिर्माण का कार्य। 05 वर्षीय अनुरक्षण सहित। | 184.16 | 11.21 | 2715.00 | 06 माह |
| 2 | बहराइच | वर्ष 2025—26 में सकरघटी सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 एंव 2(200) के नवनिर्माण का कार्य। 05 वर्षीय अनुरक्षण सहित। | 90.50 | 6.53 | 2715.00 | 06 माह |
| 3 | बहराइच | वर्ष 2025—26 में लोहारनपुरवा सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 एंव 2(600) के नवनिर्माण का कार्य। 05 वर्षीय अनुरक्षण सहित | 99.87 | 6.99 | 2715.00 | 06 माह |

2. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड—सबमिट करने का माध्यम—

(क) बिड डाक्यूमेन्ट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 11.03.2026 से 18.03.2026 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन—लाइन इस साइट पर ही सबमिट की जायेगी।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब—साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन—लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई—प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 18.03.2026 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट—1 दिनांक 18.03.2026 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच—श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) निविदा से सम्बन्धित नियम / शर्तें तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई—टेंडिरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि 18.03.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो, तो उसे ई—पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

UP - 247590 दिनांकः 07/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(इं0 अमर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड—1, लो0नि0वि0, बहराइच

(इं0 अजय भास्कर)
अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच—श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
अयो0अम्बे0वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या

पत्रांक 1329 / 2काम अयो0अम्बे0वृत्त / 26 दिनांक 28.02.2026

ई—निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, अयो0अम्बे0वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या द्वारा निम्न कार्य हेतु आनलाईन निविदा http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी पोर्टल के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म / ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक 11.03.2026 से 18.03.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा दिनांक 18.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे आनलाईन खोली जायेगी।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू0 लाख में (जी0एस0टी0 छोड़ते हुये) | धरोहर राशि (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित | पात्र ठेकेदार की श्रेणी | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| विधानसभा क्षेत्रः— अयोध्या | | | | | | | | | | |
| 1 | अयोध्या | दर्शन नगर रसूलाबाद मार्ग के किमी0 11 से सोनैसा सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 66.50 | 5.33 | 2714.00 | 06 माह | A, B and C | अधिशासी अभियन्ता, प्रा0 खण्ड, लो0नि0वि0, अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो0अम्बे0 वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| विधानसभा क्षेत्रः— बीकापुर | | | | | | | | | | |
| 2 | अयोध्या | सौरी से मांगी चांदपुर के सामने मड़हा नदी तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | 129.00 | 8.45 | 2714.00 | 12 माह | A and B | —तदैव— | —तदैव— | —तदैव— |

बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगायी गयी है।
बिड डाक्यूमेन्ट की धनराशि (निविदा शुल्क) कालम 6 के अनुसार केवल नेट बैंकिग के माध्यम से ऑन लाईन यू0पी0 ई—टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।
निविदा शुल्क की धनराशि की वापसी नहीं की जायेगी।
बिड डाक्यूमेन्ट से सम्बन्धित धरोहर धनराशि कालम 5 के अनुसार केवल नेट बैकिंग के माध्यम से आनलाईन यू0पी0 ई—टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।
निविदा आनलाईन दिनांक 11.03.2026 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 18.03.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है।
उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 18.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश सं0 1 / 2018 / 3070 / 78—2 —2018 / 42आई0टी0 / 2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधीक्षण अभियन्ता,
अयो0अम्बे0वृत्त, लो0नि0वि0,
अयोध्या
For and on behalf of Governor of U.P.

UP - 247588 दिनांकः 07/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**मुकद्दस रमज़ान**



- 19वां रोजा–
- अफ्तार–सोमवार 6 :14 बजे
- 20वां रोजा–
- सहरी–मंगलवार 5 :07 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

### उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने दी होली की बधाई

**शाहाबाद, हरदोई।** शाहाबाद नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में होली के उपलक्ष्य में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रम में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने सहभागिता कर सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सुरेश सिंह, विनोद, अनूप, प्रवीण सिंह, संजय मोदी, अमित मिश्रा अमितेश, प्रधानाचार्य मिथलेश, रामदास गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पान्डेय पिंटू एवं अन्य मौजूद रहे।

### मोटरसाइकिल चालक पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई।** हरियाली बाजार के पास हादसे में घायल ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला वाजिद खेल निवासी फिरोज खान पुत्र मुन्ना खान के अनुसार 9 फरवरी को दोपहर तीन बजे अपने पुत्र फैज के साथ अपनी साइड से आ रहा था। उसी समय ग्राम नरहाई निवासी शेर सिंह पुत्र दयाराम ने शराब के नशे में तेज रफ्तार बाइक लाकर गलत साइड से उसके टक्कर मार दी, जिससे वह और पुत्र फैज घायल हो गये।

# अपने लक्ष्य और इरादों पर तटस्थ रहें महिलाएं



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उर्मिला श्रीवास्तव को सम्मानित करतीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार



नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ का दिया गया संदेश। अमृत विचार

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

- **उर्मिला दीदी को दिया गया 'सर्वोदय सेवा सम्मान'**

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सर्वोदय आश्रम में इंटरनेशनल कंपनी के तहत संचालित सिलाई स्कूलों की शिक्षिकाओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आश्रम की अध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव को 'सर्वोदय सेवा सम्मान' से सम्मानित किया। उन्होने आश्रम में हुए सम्मान समारोह में बेटे और बेटी को बराबरी का हक़ देने की वकालत करते हुए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का हवाला दिया।

सर्वोदय आवासीय विद्यालय सिकन्दरपुर की शिक्षिकाओं ने उन्हें महिलाओ को अलग-अलग संस्थाओं से रोज़गार दिलाने के लिए उन्हे प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उर्मिला श्रीवास्तव ने कहा महिलाओं को अपने जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए, उन्हें अपने लक्ष्य और इरादों पर तटस्थ भाव से काम कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने सभी महिलाओं से घर पर अपनी बेटी को बेटे के बराबर शिक्षा व सुरक्षा देने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से प्रेरणा लेकर कुछ कर गुजरने को कहा।

कहा कि महिलाओं के लिए आज कोई भी काम असंभव नहीं है। डा. आरती गुप्ता ने अध्यक्षता की, गुलाब जहां कार्यक्रम संयोजक रहीं। इस बीच महेश्वरी वर्मा, ऊषा वर्मा, सुदामा पाल शीतल, सुशीला, सत्य प्रभा दुबे, सीमा उपाध्याय, अन्नू मित्तल, प्रमिला श्रीवास्तव राजकुमारी व सरोजनी देवी आदि मौजूद रहीं।

**नाटक सरस्वती का मंचन, बेटी बचाओ का दिया संदेश: संडीला:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामाजिक संदेश से ओत-प्रोत नाटक सरस्वती का प्रभावशाली मंचन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम दलेलपुर, ब्लॉक भरावन निवासी पंजीकृत कलाकार नागपाल के निर्देशन में किया गया। नाटक के माध्यम से समाज में बेटियों के महत्व और कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया गया।

नाटक की कहानी एक ऐसे परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां रामसिंह की पहले से दो बेटियां होती हैं। तीसरी बार जब उसकी पत्नी गर्भवती होती है और उसे पता चलता है कि गर्भ में बेटी है, तो वह जांच के बहाने गर्भपात कराने की कोशिश करता है। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच नोकझोंक भी होती है। रामसिंह पत्नी को अस्पताल ले जाता है, लेकिन डॉक्टर उसे कड़ी फटकार लगाकर भगा देती है और एक जघन्य अपराध होने से बच जाता है। समय बीतने के साथ बेटी जन्म लेती है, लेकिन रामसिंह को समाज और परिवार के ताने सुनने पड़ते हैं। वहीं वही बेटी धीरे-धीरे बड़ी होकर पढ़ाई में आगे बढ़ती है और अपने समाज, जिले व राज्य का नाम रोशन करती है। अंत में जब उसकी सफलता की खबर अखबार में छपती है तो रामसिंह अपनी सोच पर पछताता है। इस भावपूर्ण संदेश के साथ नाटक का समापन होता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए नाटक के सामाजिक संदेश की प्रशंसा की।

### महिला स्वास्थ्यकर्मियों को किया सम्मानित

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधरनपुर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार दीक्षित, एवं जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत द्वारा रविवार को दोपहर दो बजे एएनएम, आशासंगिनी और आशा बहुओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने कहा हमारे समाज में अब महिलाएं पुरुषों से भी आगे बढ़कर सभी कार्य कर रही है। सभी विभागों में महिलाओं की सहभागिता भी है। सभी को महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ विक्रम, एएनएम सुषमा, आशा संगिनी शांति, आशा शशि, शैलेन्द्री, अंजू, राधा, एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।



सम्मानित करते जिला पंचायत सदस्य। अमृत विचार

## समस्याओं को लेकर बीएसए को ज्ञापन देगा प्राथमिक शिक्षक संघ

**हरदोई, अमृत विचार।** रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जनपद की एक बैठक एक पैलेस में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उपरोक्त समस्याओं के संबंध में बीएसए को एक ज्ञापन अति शीघ्र सौपा जाएगा एवं समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। बैठक में जनपद के विभिन्न विकास खंडो के ब्लाक अध्यक्ष, मंत्री व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय सचिव व जिलाध्यक्ष आलोक मिश्र ने कहा कि यह लड़ाई राष्ट्रीय स्तर की है। जिलाध्यक्ष ने प्रथम चरण में आगामी 9 मार्च से 15 मार्च तक शिक्षकों की पाती के नाम से ईमेल और पोस्टकार्ड अभियान के सम्बंध में चर्चा की गई। अभियान में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष को पत्र व मेल भेजा जाएगा। बैठक में आगामी मई व जून में होने वाली जनगणना में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बदले ईएल देने की मांग पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन जिला मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष/मांडलिक मंत्री गिरीश दीक्षित ,उपाध्यक्ष अनुराग पांडे अनूप दीक्षित जिला संयुक्त मंत्री आशीष दीक्षित जिला, संगठन मंत्री पुष्पेंद्र शुक्ला आदि रहे।



आग लगने के बाद जलता हुआ ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

### ट्रांसफार्मर में लगी आग, 9 घंटे बिजली बाधित

**बिलग्राम, हरदोई।** नगर के सुलहाड़ा मार्ग पर जीतन ठेकी के पास रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में रविवार को सुबह अचानक आग लगने से आसपास अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि ट्रांसफार्मर पर बंदर कूदने से तार आपस में टकरा गए, जिससे लीड में शॉर्ट सर्किट हो गया और केबल में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। टीम ने ट्रांसफार्मर में लगी आग को बुझाया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। इस संबंध में विद्युत विभाग के अवर अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर पर बंदर कूदने से लीड में आग लग गई थी। हालांकि ट्रांसफार्मर को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र पीके वर्मा। अमृत विचार

### मंडल प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत लालू प्रसाद शुक्ला इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल भेलावां बम्हनाखेड़ा, राणा वेणी माधव इंटर कॉलेज सिमौर मझिला तथा एक मैरिज लॉन पिहानी में मण्डल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य वक्ता सदस्य राष्ट्रीय परिषद व् क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र अनु मोर्चा पीके वर्मा ने भाजपा के इतिहास विकास पर विस्तृत चर्चा करते हुए, कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर बम्हनाखेड़ा मण्डल अध्यक्ष शिवा चंदेल, वर्ग सत्र अध्यक्ष मनोज शुक्ला, मण्डल उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, मण्डल मंत्री उपदेश भारती, कार्यक्रम संचालक मण्डल महामंत्री कपिल सिंह तथा मझिला मण्डल अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा, वर्ग सत्र अध्यक्ष देवीदयाल, जिला महामंत्री सतेन्द्र राजपूत, कार्यक्रम संचालक पूर्व मंडल अध्यक्ष सुबोध पांडेय एवं पिहानी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, वर्ग सत्र अध्यक्ष आदर्श सिंह, मंडल उपाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय, नगर महामंत्री रामदास कटियार आदि रहे।

### मारपीट की घटनाओं में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट हुई दर्ज

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच पड़ताल की जा रही है। शाहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हसनापुर निवासी बबलू पुत्र मथुरी के अनुसार 6 मार्च को उसके गांव निवासी पातीराम पुत्र पुत्तू उसके घर के सामने कुछ जादू टोना कर रहा था मना करने पर विपक्षी ने राहुल, नन्हे और मुकेश के साथ मिलकर उसे गाली गलौज करते हुए मारा पीटा। पातीराम ने उसके सिर पर त्रिशूल मार दिया। शोर सुनकर बचाने आई पत्नी को भी दबंगों ने साथियों सहित मारपीट कर घायल कर दिया। मोहल्ला मौलागंज निवासी अब्दुल कय्यूम पुत्र अब्दुल गनी के अनुसार उसकी नेकोजई बजार में फुट वियर की दुकान है। 6 मार्च की शाम को करीब 5 बजे वह पडोसी दुकानदार शहाब पुत्र कलीम से जूते चप्पल के बाकी 3500 रूपए लेने गया तो विपक्षी ने रूपये देने से मना कर दिया और अपने भाई जुनैद पुत्र सलीम, यासीन पुत्र करीम और दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है।

# युवक ने घर और अधेड़ ने बाग में की आत्महत्या

**जांच-पड़ताल शुरू**

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ईंट-गारा कर बच्चों का पेट पालने वाले राजमिस्त्री ने किराए के मकान में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, वहीं दूसरी तरफ शौच के लिए घर से निकला अधेड़ काफी देर तक वापस नहीं पहुंचा, तलाश करने के दौरान उसका शव आम के बाग़ में फांसी पर लटका हुआ देखा गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि मझिला थाने के टुर्मुकी निवासी 35 वर्षीय मसरूर शाह पुत्र मकसूद शाह पेशे से राजमिस्त्री था और पिहानी में ब्लाक के पास तस्लीम के मकान में पत्नी नन्ही, बेटी आफरीन और बेटों फैसल व अरक़म के साथ किराए पर रहता था। पिता मकसूद शाह ने बताया कि उसकी बहू बीमार चल रही थी, शनिवार को मसरूर उसकी दवाई ले कर लौटा था। शनिवार की देर रात मसरूर ने वहीं कमरें में रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, उसकी पोती आफरीन ने फोन पर सूचना दी। फांसी लगाने की बात पर पिता ने बताया कि पत्नी की बीमारी के चलते मसरूर काफी उलझा हुआ रहता था, उसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। वहीं दूसरी तरफ पाली थाने के निज़ामपुर निवासी 55 वर्षीय हरीराम पुत्र ठकुरी प्रसाद रविवार की सुबह घर से शौच के लिए निकला था, लेकिन काफी देर बाद भी वापस नहीं लौटा। उसके भाई अशोक ने बताया कि हरीराम को ढूंढा जा रहा था, उसी बीच गांव के पूरब पूर्व चेयरमैन सत्तार खां के आम के बाग़ में उसका शव फांसी पर लटका हुआ देखा गया। अशोक ने बताया कि हरीराम की पत्नी सुशीला की सालों पहले मौत हो चुकी थी, दो बेटियों और तीन बेटों में बड़ा सुभाष दिव्यांग है। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया, मामले की जांच की जा रही है।



मसरुर शाह।

### कनकापुर में पत्नी को विदा कराने गए पति ने ससुराल में की आत्महत्या, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

**संवाददाता, हरदोई, शाहाबाद, अमृत विचार।** पत्नी को विदा कराने ससुराल पहुंचे पति ने वहीं फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। बताते हैं कि पत्नी ने विदा होने से इंकार कर दिया, उसी बात से पति इतना खफा हो गया कि उसने ऐसा कदम उठाया। शव का पोस्टमार्टम कराते हुए पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि पचदेवरा थाने के ख्वाज़गीपुर निवासी 45 वर्षीय विजयपाल की शाहाबाद कोतवाली के कनकापुर में ससुराल थी, उसकी पत्नी कुंती मायके में थी। पत्नी को विदा कराने के लिए विजयपाल शनिवार को ससुराल कनकापुर पहुंचा, उसने पत्नी से घर चलने को कहा, लेकिन उसने साफ इंकार कर दिया। उसी बात पर दोनो के बीच कहासुनी हो गई, उसके बाद वह घर से निकल गया। रविवार की सुबह उसका शव कनकापुर गांव के पश्चिम नीम के पेड़ में गमछे से लटका देखा गया। इसका पता होने पर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पूछताछ की। विजयपाल खेती-बाड़ी करता था, उसके 6 बेटे और एक बेटी है।

# सड़क हादसे में ननद की मौत, भाभी और भतीजा घायल

**रफ्तार की मार**

संवाददाता, हरदोई



हेमावती (फाइल फोटो)



रामबेटी (फाइल फोटो)



अभय (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** होली पर ननिहाल गई बुजुर्ग भाभी के साथ भतीजे की बाइक से वापस लौट रही थी, उसी बीच रास्तें में पाली थाने के भरखनी में तेज़ रफ्तार गाड़ी ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ननद की वहीं पर मौत हो गई और बाइक चला रहा भतीजा व भाभी ज़ख्मी हो गई, जिन्हे पीएचसी पाली पहुंचाया गया है। बताया गया है कि साण्डी थाने के सेमरा मजरा संगैचामऊ की 66 वर्षीय हेमावती पत्नी हेमनाथ होली पर अपने ननिहाल सिकराहना थाना पचदेवरा गई हुई थी, उसका भतीजा वीरेंद्र निवासी सदरियापुर बिलग्राम और पाली थाने के अली हाजीपुर की उसकी भाभी रामदेवी भी वहीं थीं। रविवार की सुबह हेमावती भतीजे वीरेंद्र की बाइक पर अपने घर आने लगी, उसी बाइक पर भाभी रामबेटी भी अली हाजीपुर में उतर जाने की बात कहते हुए सवार हो गई। वीरेंद्र भरखनी पहुंचा, उसी बीच तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे हेमावती की वहीं पर मौत हो गई और भतीजा वीरेंद्र व भाभी रामदेवी को पीएचसी पाली में भर्ती कराया गया है।

**दामाद के घर तिलक में शामिल होने जा रही सास की हादसे में मौत: हरदोई:** बुजुर्ग अपने दामाद के घर उसके चचेरे भाई के तिलक मे. शामिल होने के लिए जैसे ही आटो से उतरी, उसी बीच हाण्डा सिटी की टक्कर से बुरी तरह ज़ख्मी हो गई, ड्राइवर ने कार रोक कर बुजुर्ग को सीएचसी माधौगंज पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि मल्लावां कोतवाली के राघौपुर नेवादा निवासी छोटे की 70 वर्षीय पत्नी रामबेटी की छोटी बेटी माधौगंज थाने के भारत पुरवा में ब्याही थी, शनिवार को उसके दामाद सुनील के चचेरे भाई आशीष का तिलक था, रामबेटी तिलक में शामिल होने के लिए अकेली आटो से भारत पुरवा जा रही थी, वह पहुंतेरा के पास सड़क पर आटो से उतर कर अपना थैला संभाल रही थी, उसी बीच बघौली की तरफ से आ रही हाण्डा सिटी कार ने उसे टक्कर मार दी, वहां जानवर चरा रहे चरवाहों का शोर सुन कर ड्राइवर ने कार रोकी और रामबेटी को उसी से सीएचसी माधौगंज ले गया, लेकिन वहां कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। रामबेटी के पति की काफी पहले मौत हो गई थई, उसके एक बेटा कलेक्टर जोकि लुधियाना में नौकरी करता है और दो बेटियां थीं, जिसमें से छोटी बेटी की पहले ही मौत हो चुकी थी। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### पेड़ से टकराया ऑटो, बर्तन कारोबारी की मौत

**संवाददाता, हरदोई, पिहानी, अमृत विचार।** आटो के पेड़ से टकराने से उस पर सवार बर्तन कारोबारी की भी भी मौत हो गई, इससे पहले इसी हादसे के शिकार हुए पति-पत्नी की मौत हो चुकी थी। बतातें चलें कि गुरुवार को पिहानी रोड पर भूरा टीकुर के पास पिहानी से आ रहा आटो पेड़ से टकरा गया था, जिसमें पत्नी की वहीं पर जबकि उसके पति की लखनऊ में मौत हो गई थी, उसी हादसे का शिकार हुए बर्तन कारोबारी की भी रविवार की सुबह लखनऊ में मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी का इलाज चल रहा है। जैसा कि बताते है कि गुरुवार की सुबह कोतवाली देहात के भूरा टीकुर के पास पिहानी से आ रहा आटो पेड़ से टकरा गया था, जिसमें चक गांव के लज्जाराम की पत्नी सुमिला की वहीं पर मौत हो गई थी, जबकि लज्जाराम के अलावा पिहानी कस्बे के मिश्राना निवासी बर्तन कारोबारी 25 वर्षीय अभय गुप्ता पुत्र उमेश गुप्ता, उसकी 23 वर्षीय पत्नी खुशी को हायर सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया गया था, साथ ही आटो ड्राइवर रवि के अलावा सलामत व रामपाल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। हादसे के 7 घंटे बाद ही लज्जाराम की मौत हो गई थी, जबकि मौत और ज़िंदगी से जूझ रहे अभय गुप्ता ने रविवार की सुबह दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर सुनते ही घर-परिवार में कोहराम बरपा हो गया, अभय इकलौता था, कोरोना के दौरान उसके पिता की मौत हो गई थी।

### मस्जिद पुलिस लाइन में हुई रोजा इफ्तार पार्टी



इफ़्तार करते रोजेदार। अमृत विचार

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** शहर की मस्जिद पुलिस लाइन में 18 वें रोज़े के दिन नमाज़ियों ने रोज़ा इफ़्तार का आयोजन किया। हर साल रमज़ान के मौके पर मस्जिद के नमाज़ियों की तरफ से रोज़ा इफ़्तार का हर साल आयोजन किया जाता है। मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ साबिर अली ने मग़रिब की नमाज़ पढ़ाई। इस मौके पर मुल्क में अमन चैन की दुआ भी हुई। इफ़्तार में हाफ़िज़ साबिर अली, मो. अतीक़, मो. शकील, अहमद मुबीन, अब्दुल रक़ीब, मो. परवेज़, फहीम खान, अली, हसीन अहमद, मो. खालिद, मो. लईक, आफ़ताब, नवेद, उबैद , ज़ैद समेत सैकड़ों की तादाद में रोज़ेदारों ने रोज़ा खोला।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी लाया गया, जहां से उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया। थाना क्षेत्र ग्राम पड़रा लखनपुर निवासी महेश पुत्र मुलई अपनी बाइक से बांगरमऊ से वापस अपने गांव आ रहे थे, तभी सेलापुर चौराहे पर कार ने टक्कर मार दीं। टक्कर लगने से महेश गंभीर रूप से घायल हो गया। वही कार चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। महेश को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी लाया गया जहां से उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया। परिजनों ने बताया कि महेश के बच्चे बांगरमऊ में पढ़ाई करते है। बच्चों से मिलकर आ रहा था तभी हादसा हो गया।

### विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली बिलग्राम क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना का एक मामला सामने आया है, जिसमें विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, जेठ और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम बैफरिया निवासी माधुरी देवी पत्नी सचिन ने कोतवाली बिलग्राम में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी करीब पांच वर्ष पहले सचिन पुत्र दृगपाल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति सचिन, जेठ महाराम और सास रीता अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल और सोने की चेन की मांग करने लगे। मायके पक्ष द्वारा मांग पूरी न कर पाने पर ससुराल पक्ष के लोग उसे लगातार प्रताड़ित और परेशान करने लगे। पीड़िता के अनुसार 15 नवंबर 2025 को दोपहर करीब दो बजे आरोपियों ने उसे गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। उस समय वह अपने पहने हुए कपड़ों में ही घर से बाहर कर दी गई। मामले की शिकायत मिलने पर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने के बताया कि पति सचिन, जेठ महाराम और सास रीता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# हरदोई रेलवे स्टेशन के सहयोग केंद्रों को निजी हाथों में देने की तैयारी, मंडल को भेजा प्रस्ताव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय रेलवे में निजीकरण को लेकर लंबे समय से चर्चा जारी है। इस मुद्दे पर समय-समय पर कर्मचारियों और विभिन्न संगठनों द्वारा विरोध भी देखने को मिलता रहा है। इसी बीच रेल से जुड़े सूत्रों के हवाले से जानकारी मिल रही है कि मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले कुछ प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर संचालित सहयोग केंद्रों को निजी हाथों में देने पर रेल प्रशासन विचार कर रहा है।

बताया जा रहा है कि इस प्रस्ताव में हरदोई रेलवे स्टेशन का सहयोग केंद्र भी शामिल है। यदि योजना को मंजूरी मिलती है तो आने वाले समय में हरदोई स्टेशन पर सहयोग केंद्र का संचालन किसी निजी एजेंसी के माध्यम से किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार इस संबंध में एक प्रस्ताव तैयार कर हरदोई से मुरादाबाद मंडल मुख्यालय को भेजा जा चुका है। अब देखना यह है कि मुरादाबाद मंडल मुख्यालय से क्या दिशा-निर्देश मिलेंगे।

### रेलवे में बढ़ेगी निजी भागीदारी

हालांकि जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि प्रस्ताव भेजे जाने के लगभग दो से तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक मंडल स्तर से इस पर अंतिम स्वीकृति नहीं मिली है। ऐसे में फिलहाल इस योजना को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।रेलवे से जुड़े जानकारों का यह भी कहना है कि इससे पहले बालामऊ जंक्शन पर बने सहयोग केंद्र को भी निजी हाथों में सौंपने की बात अधिकारियों के सामने रखी गईं थी लेकिन उस समय मंडल स्तर पर इसे आगे बढ़ाने पर रोक लगा दी गई थी। इसी वजह से अब हरदोई समेत अन्य स्टेशनों को लेकर भी स्थिति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।यदि सहयोग केंद्रों का संचालन निजी एजेंसियों को दिया जाता है तो इसे रेलवे में निजी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक और कदम माना जा सकता है। हालांकि इस मुद्दे पर अभी तक किसी भी रेलवे कर्मचारी यूनियन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में अब सबकी निगाहें मंडल स्तर पर लिए जाने वाले अंतिम निर्णय पर टिकी हुई हैं।

# पानी भरे गड्ढे में गिरने से भाई की मौत, बहनें हुई बेहाल

**दर्दनाक**

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** तीन बहनों का इकलौता भाई अपने घर के बाहर खेल रहा था, वहीं पर पानी से भरा गड्ढा था, अचानक वह उसी में गिर गया, इसका पता होते ही उसे बाहर निकाल कर सीएचसी हरपालपुर पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि हरपालपुर थाने के जनकपुरवा निवासी विक्रम हैदराबाद की एक निजी फैक्ट्री में नौकरी करता है, उसकी तीन बेटियों में दो साल का हिमांशु इकलौता था। हिमांशु रविवार की दोपहर घर के बाहर खेल रहा था, वहीं से कुछ दूरी पर पानी से भरा हुआ गड्ढा है, खेलते-खेलते वह उसके पास पहुंचा और उसके अंदर गिर गया, इसका पता होते ही वहां चीख-पुकार होने लगी। आनन-फानन में हिमांशु को बेहोशी की हालत में गड्ढे से बाहर निकाल कर उसे सीएचसी हरपालपुर पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। अपने इकलौते बेटे की मौत की खबर सुनते ही उसकी मां बेहोश हो गई और भाई को खो चुकी उसकी तीनों बहनों का रो-रो कर हाल बुरा है। घर वालों ने वहां पहुंची पुलिस के सामने पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए शव देने से साफ मना कर दिया।



हिमांशु फाइल फोटो



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.53 बजे
अफ्तार : 06.25 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 05.00 बजे
अफ्तार : 06.14 बजे

**न्यूज ब्रीफ**

## पूर्व विधायक ने दी होली की बधाई

**लहरपुर।** होली के पावन पर्व पर पूर्व भाजपा विधायक सुनील वर्मा ने रविवार को नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मोहल्ला ठठेरी टोला, अंबर सराय और बेहटी सहित कई इलाकों में सघन जनसंपर्क किया और लोगों से गले मिलकर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोज गुप्ता, भगवान दीन त्रिवेदी, रघुवंश अवस्थी, उमेश मेहरोत्रा, रामकरण बाजपेई, उमंग मेहरोत्रा, प्रांजुल मिश्रा और धर्मेंद्र पांडे सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नर्स ने तीमारदार को जड़ा थप्पड़

**सीतापुर।** जिला चिकित्सालय के पेइंग वार्ड में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक नर्स ने ड्यूटी डॉक्टर के बारे में पूछने पर मरीज के तीमारदार के साथ अभद्रता की। आरोप है कि नर्स ने आपा खोते हुए तीमारदार के चेहरे पर फाइल दे मारी और विरोध करने पर उसे थप्पड़ जड़कर मोबाइल फोन छीनकर फेंक दिया। घटना के बाद वार्ड में अफरा-तफरी का माहौल रहा। नर्सेज संघ की अध्यक्ष शशिलता ने आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि परिजन खुद नर्स से उलझ रहे थे और अभद्रता जैसी कोई बात नहीं हुई है। सीएमएस डॉ. इन्द्र सिंह का कहना है कि आरोपों की जांच कराई जा रही है।

## पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने दी जान

**हरगांव।** थाना क्षेत्र के जोगीपुर गांव में देर रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अनिल गौतम (25) के रूप में हुई है, जो पेशे से स्कूल बस चालक था। परिजनों का आरोप है कि अनिल अपनी पत्नी की प्रताड़ना से मानसिक रूप से परेशान था। मृतक के पिता रामसागर ने बताया कि अनिल अपनी पत्नी को लिवाने ससुराल गया था, जहां पत्नी ने साथ आने से मना कर दिया और उसे अपमानित किया। इससे क्षुब्ध होकर अनिल ने घर लौटकर आत्मघाती कदम उठा लिया। थाना प्रभारी बलवंत शाही के अनुसार, मामला पारिवारिक कलह का लग रहा है।

# सीतापुर में एथेनॉल की आड़ में 'सरकार से खेल'

## अमृत विचार खास : खाद्यान्न घोटाले के बाद चावल की सप्लाई में भी फर्जीवाड़ा

जीशान कदीर, सीतापुर

- **महोली इलाके से रेडिको खेतान फैक्ट्री जा रहा सरकारी चावल, ट्रांस्पोर्टर हुआ ब्लैक लिस्ट**

**अमृत विचार:** सरकारी खाद्यान्न से भरा एक ट्रक रेडिको खेतान फैक्ट्री जाने के लिए चलता है लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी लोकेशन दो जगह मिलती है। डिलीवरी का बड़ा फर्जीवाड़ा होता देख रेडिको खेतान डिस्टलरी के इकाई हेड ने चावल लादकर लाने वाले ट्रांस्पोर्टर और उनके ट्रकों को ब्लैक लिस्ट कर दिया है।

सरकारी खाद्यान्न घोटाले की आहट के बीच पुराने घोटाले पर नजर डालें तो इसी जनपद से सरकारी गेहूं बांग्लादेश और नेपाल तक भेजा जा चुका है। उस मामले में ढाई सौ से अधिक एफआईआर दर्ज हुईं, जिसमें सीतापुर जनपद के पूर्व विधायक स्व. ओमप्रकाश गुप्ता सहित कई अन्य रसूखदार निरुद्ध हुए, सीबीआई जांच की विवेचना अभी पूरी नहीं हुई कि नेरी से निकले सरकारी चावल ने फर्जीवाड़े की चर्चा सामने ला खड़ी कर दी। नेरी से ट्रक द्वारा रेडिको खेतान दरअसल, ये सरकारी चावल डिस्टलरी फैक्ट्री कंदुनी जा रहा था। रेडिको खेतान डिस्टलरी कंपनी के इकाई हेड अंशुल श्रीवास्तव के मुताबिक, जो ट्रक सरकारी चावल लेकर कंदुनी आया, वही ट्रक महमूदाबाद में भी देखा गया। प्रथम दृष्टया ट्रांस्पोर्टर और उसकी सप्लाई संदिग्ध प्रतीत हो रही है, ऐसे में एसपीजी सेल्यूशन ट्रांस्पोर्टर संचालक प्रफुल्ल कुमार की कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। उधर, गहराते मामले के बीच जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने भी विभागीय जांच के निर्देश दे दिए हैं।

### तो सिंडीकेट कुछ ऐसे कर रहा था खेल



आरपी सिंह
महासचिव रालोद

सरकार को चपत लगाने में सीतापुर का सिंडीकेट खासी महारथ लिए हुए है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह के मुताबिक, एथेनॉल बनाने के लिए सरकार को जो चावल लगभग 3600 रुपये प्रति कुन्तल में खरीदकर एथेनॉल कंपनियों को 2200 रुपये प्रति कुन्तल में आंवटित किया जाता है। वहीं चावल बिचौलियों खेल करते हुए बीच से गायब कर राइस मिलर्स को 3200-3300 रुपये प्रति कुन्तल में बेच देते हैं। ऐसे में 1000 रुपये प्रति कुन्तल का फायदा लेकर कम कीमत दाम का मक्का और खण्डा (ब्रोकेन राईस) ठिकानों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। दावा करते हुए कहते हैं कि करोड़ों के फर्जीवाड़े को लेकर उन्होंने जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. आदि को चिट्ठी लिखी है।

### सवालों के घेरे में विभागीय जांच



राकेश राठौर
सांसद सीतापुर

सीतापुर सांसद राकेश राठौर का कहना है कि प्रकरण की निष्पक्षता और गंभीरता से जांच होनी ही चाहिए। क्योंकि सवाल जनहित मुद्दे से जुड़ा हुआ है। बड़ा सवाल ये भी है कि जिस ट्रक को कंदुनी स्थित फैक्ट्री में जाना था, वो कैसे महमूदाबाद पहुंच गया। अगर दोनों जगह उसकी लोकेशन मिली है तो रेडिको खेतान में तैनात सुरक्षाकर्मी, ट्रक चालक, मजदूर आदि के बयान लेना आवश्यक है। इनसे और ट्रांस्पोर्टर से पूछताछ करते हुए कॉल डिटेल खंगाली जाएं तो निश्चित तौर पर स्थितियां स्पष्ट हो जाएंगी।

## बस से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

**सीतापुर।** कस्बे में पेट्रोल पंप के पास बस से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। लहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी सोनी (50) पत्नी मातादीन लखनऊ से बस द्वारा अपने गांव जा रही थीं। सिधौली कस्बे में पेट्रोल टंकी के पास बस का संतुलन बिगड़ने या महिला के अचानक फिसलने के कारण वह सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत महिला को संभाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# मनरेगा ग्रामीण गरीबों की जीवन रेखा: राठौर

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,**

**अमृत विचार:** मिश्रिख विधानसभा क्षेत्र के परसदा से मनरेगा बचाओ यात्रा' का आगाज हुआ। सांसद राकेश राठौर ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी के नेतृत्व में संचालित हुई।

सांसद राकेश राठौर ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों की जीवन रेखा है। यदि केंद्र सरकार ने इसे खत्म करने का प्रयास किया, तो गरीब जनता सरकार पलट देगी। कांग्रेस उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह और सुनीला रावत ने भाजपा सरकार पर रोजगार छीनने और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाया।



नुक्कड़ सभा के दौरान उपस्थित सांसद राकेश राठौर व अन्य। अमृत विचार

- **सुरजनपुर, दलेलनगर और कटिया गांवों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित**

यात्रा के पहले दिन सुरजनपुर, दलेलनगर और कटिया गांवों में नुक्कड़ सभाएं की गईं। इस दौरान कांग्रेस जिला कार्यालय प्रभारी हसीना खातून, अंजू शुक्ला, डॉ. आरपी वर्मा और राजेश पाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ने आठ वांछितों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीतापुर पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आठ वांछित और वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार पुलिस टीमों ने यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, थाना थानगांव पुलिस ने राजेश उर्फ रज्जा, कृष्णाकान्त और वांछित अमरीश को गिरफ्तार किया। वहीं, थाना सदरपुर पुलिस ने कमलाप्रसाद, विजय और अनिल सिंह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, थाना सकरन पुलिस ने स्वामी दयाल और थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने सुमित पाल को गिरफ्तार किया। पकड़े गए सभी अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय में चल रहे विभिन्न मुकदमों में वांछित या वारंटी थे।

# बदलते मौसम से बुखार के मरीज बढ़े

**संवाददाता, लहरपुर/महोली।**

**अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले और विशेष स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

**आरोग्य मेला**

लहरपुर क्षेत्र के पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों बिलरिया, ढखेरा, अकैचनपुर फरीदपुर, खैरुल्लापुर और अकबरपुर में आयोजित आरोग्य मेलों में कुल 201 मरीजों का परीक्षण कर दवाएं दी गईं। अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेयी ने बताया कि बदलते मौसम के कारण बुखार और खांसी के मरीज बढ़े हैं। उन्होंने प्रभारियों को शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने और वायरल बुखार की स्लाइड बनाने के निर्देश दिए। उधर, महोली में विधायक शशांक त्रिवेदी के कैंप कार्यालय पर जन प्रणाम होली मिलन' एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। विधायक ने स्वयं स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर का शुभारंभ किया। सीएचसी प्रभारी डॉ. दीपांशु शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में 176 मरीजों का उपचार किया गया और 32 पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस दौरान विधायक ने आए हुए फरियादियों की समस्याएं भी सुनीं।



आरोग्य मेले में बीपी चेक कराते विधायक शशांक त्रिवेदी।



कलश यात्रा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

## कलश यात्रा के साथ विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ

**संवाददाता, हरगांव। अमृत विचार :** क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुरधपा में रविवार को गाजे-बाजे और भक्तिपूर्ण माहौल के बीच श्री विष्णु महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। यज्ञाचार्य श्री शुभम अवस्थी 'नंदन महाराज' के नेतृत्व में निकाली गई कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और चौपहिया वाहनों के काफिले के साथ भक्त हरिगुणगान करते हुए गौरीशंकर बाबा तीर्थ पहुंचे। यहां सूर्यकुंड तीर्थ में आचमन के बाद कलश भरकर श्रद्धालु वापस यज्ञ स्थल की ओर रवाना हुए। यात्रा में मुख्य रूप से मनीराम मिश्र, पंकज सिंह गौर, अनिल कुमार यादव फौजी, संजय अवस्थी, रमेश सिंह, पिंकू सिंह, राजेश मिश्र, कमल मिश्र और विवेकानंद भारद्वाज समेत भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के दौरान दो पक्ष भिड़े

**संवाददाता, हरगांव। अमृत विचार :** कस्बे में मुख्य चौराहे पर सड़क से गाड़ी निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने पहुंचकर स्थितियों को नियंत्रित किया और मामला शांत कराया। हरगांव के गुरधपा निवासी कमल मिश्रा के मुताबिक, वे यज्ञ की कलश यात्रा के लिए पैदल और वाहनों से सूर्यकुंड तीर्थ जा रहे थे। रास्ते में हरगांव चौराहे पर कार चालक ने अपनी कार कलश यात्रा के बीच में ले आया, जिससे जाम लगने की स्थित हो गई। आरोप है कि जब कार चालक को रोका गया तो कमल मिश्रा व अन्य ग्रामीणों को पीटने का प्रयास किया गया। उधर, दूसरे पक्ष के मुकेश का दावा है कि उनका पुत्र युवराज और भांजा हर्षित कार से हरगांव चौराहे पर गए थे। वहां यज्ञ की रैली ले जा रहे कमल मिश्रा और अन्य ग्रामीणों ने गाड़ी निकालने को बात पर उनके साथ मारपीट की और उनकी कार का शीशा भी तोड़ दिया। थाना प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि दोनों पक्षों में कुछ कहासुनी हुई थी, मामले में जांच की जा रही है।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पूर्व सांसद राजेश वर्मा। अमृत विचार

## ग्राम पंचायत को सौंपी गई पेयजल योजना

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) द्वारा विकासखंड बिसवां के ग्राम पंचायत भुकुड़ी में 'जल अर्पण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण हो चुकी पेयजल आपूर्ति योजना को औपचारिक रूप से ग्राम पंचायत और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सौंप दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष व पूर्व सांसद राजेश वर्मा ने की। विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि योजनाओं का हस्तांतरण स्थानीय स्वामित्व और जवाबदेही को मजबूत करेगा, जिससे ग्रामीणों को दीर्घकालिक पेयजल सुविधा मिलेगी। पूर्व सांसद राजेश वर्मा ने जल जीवन मिशन को केंद्र सरकार की एक कल्याणकारी पहल बताया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता, ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नबीनगर में राज्यमंत्री गिरीश चंद्र का स्वागत



कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र मिश्रा।

**संवाददाता, लहरपुर।** क्षेत्र के ग्राम नबीनगर में उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री गिरीश चंद्र मिश्र का भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। कमल शुक्ला के आवास पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे राज्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय हो जाएं और घर-घर जाकर भाजपा की नीतियों का प्रचार करें। उन्होंने बूथ स्तर पर मजबूती पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामनरेश त्रिवेदी, रामजी कटियार, मंडल अध्यक्ष निर्मल मिश्रा, दिलीप शुक्ल, उत्तम शर्मा, उमेश भार्गव, अजय मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा व बंशीधर पाठक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अभद्र टिप्पणी के विरोध में फूंका पुतला



लालबाग चौराहे पर प्रदर्शन करता हिंदू सेवा सुरक्षा संघ संगठन।

**सीतापुर।** बिहार के पटना में एक सभा के दौरान मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से भारी आक्रोश है। हिंदू सेवा सुरक्षा संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप खेतान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने शहर के मुख्य बाजार से लालबाग चौराहे तक मार्च निकाला और नारेबाजी करते हुए मौलाना का पुतला फूंका। अनूप खेतान ने कहा कि यह टिप्पणी केवल मुख्यमंत्री का नहीं, बल्कि पूरी संत परंपरा और सनातन धर्म का अपमान है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मौलाना के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करेगा।

# सचिव ने की पीएलवी के कार्यों की समीक्षा और निरीक्षण

**संवाददाता, सीतापुर।**

**अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश आशीष जैन के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान ने शनिवार को पराविधिक स्वयं सेवकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक की। बैठक में सचिव ने सभी पीएलवी को अपने क्षेत्रों में मिनी शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं और आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। इसके बाद सचिव ने जिला कारागार स्थित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेलर राजेश कुमार वर्मा व डिप्टी जेलर अली अदनान सहित डिफेंस काउंसिल के सदस्य मौजूद रहे।



आयोजित शिविर की समीक्षा करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव।

## रेशम का धागा नाटक ने दर्शकों को किया भावविभोर

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम खैरुल्लापुर में होली के पावन अवसर पर आयोजित होलिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इस दौरान 'रेशम का धागा' नाटक का भव्य मंचन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक में भाई-बहन के अटूट प्रेम और पारिवारिक संघर्ष को बखूबी दर्शाया गया। कहानी में राधा और उसके भाई राजेश के प्रेम, विलेन मैनेजर रसिक नाथ की साजिशों और पति इंद्रेश की हत्या के बाद राधा के संघर्षपूर्ण जीवन का भावपूर्ण चित्रण किया गया। राजेश का अपनी बहन के प्रति समर्थन देखकर दर्शक भावुक हो उठे। इस अवसर पर सुनील कुमार मिश्र, अरुण कुमार, राम सागर वर्मा, अंशुल वर्मा, अमित कुमार वर्मा, विष्णु कुमार मौर्य और मृत्युंजय कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# संगठनों का प्रदर्शन, मुद्दों पर चर्चा




शहर के मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन करती संगतिन मजदूर संगठन की महिलाएं। अमृत विचार

**संवाददाता, सीतापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रमों की धूम रही। महोली नगर पंचायत सभागार में अधिशासी अधिकारी रामकृष्ण वर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित कर महिला सफाई मित्रों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बिसवां में वान्या फाउंडेशन की अगुवाई में महिलाओं ने भव्य मार्च निकाला। बाबा मंसाराम मंदिर से शुरू होकर पानी टंकी तक निकले इस जुलूस का नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। संस्था सचिव रामलली पटेल व उपाध्यक्ष कमरुन निशा ने बाल विवाह और घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाई। वहीं, सीतापुर शहर में संगतिन मजदूर संगठन की ऋचा सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने मुख्य मार्गों पर जुलूस निकालकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान महिला सशक्तीकरण पर चर्चा की गई। मनरेगा अधिकारों को लेकर भी ग्रामीण महिलाएं लामबंद थीं।

## न्यायाधीश जया पाठक का निधन, शोक की लहर

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** परिवार न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश जया पाठक का लखनऊ के मैक्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह बीते कुछ समय से बीमार चल रही थीं। उनके निधन की सूचना मिलते ही न्यायिक परिसर और अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। महासचिव दिनेश कुमार त्रिपाठी ने इसे न्यायिक जगत की बड़ी क्षति बताया। सभा में उपस्थित न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपाध्यक्ष कुलदीप पांडे, हरि ओम मिश्रा और आदित्य मिश्रा सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



## महिला पुलिसकर्मी स्वाति चतुर्वेदी सम्मानित

**सीतापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने महिला उपनिरीक्षक स्वाति चतुर्वेदी सहित अन्य महिला पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। स्वाति चतुर्वेदी वर्तमान में थाना कोतवाली नगर में तैनात हैं। एसपी अंकुर अग्रवाल ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनसेवा में स्वाति का योगदान सराहनीय है।



उपनिरीक्षक को सम्मानित करते एसपी अंकुर अग्रवाल।

**मिश्रिख महोत्सव**

# प्रभारी मंत्री ने किया महोत्सव का उद्घाटन, जयकारों से गूंजा मिश्रिख महोत्सव

**मिश्रिख (सीतापुर) :**

**अमृत विचार :** धर्मनगरी मिश्रिख की पावन धरती पर आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। स्थानीय मेला ग्राउंड पर तीन दिवसीय होली परिक्रमा मेला महोत्सव का आगाज मुख्य अतिथि एवं जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह के साथ ही पूरा मेला परिसर जयश्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

महोत्सव के प्रथम दिन की की संध्या सुरों के नाम रही। पहले दिन आयोजित 'भजन संध्या' में देश की प्रख्यात भजन गायिका स्वाति मिश्रा और प्रसिद्ध गायक हेमंत ब्रजवासी अपनी मखमली आवाज से श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर किया। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय निवासियों और परिक्रमार्थियों में भारी उत्साह देखा गया। आयोजन को देखते हुए मेला ग्राउंड पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। एसडीएम अभिनव यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह। अमृत विचार



आशा कार्यकत्री को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

## महिला शक्ति का सम्मान, मिले प्रशस्ति पत्र

**सीतापुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मिश्रिख के होली परिक्रमा मेला मैदान में आयोजित आशा सम्मेलन में प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने मिश्रिख, गोंदलामाऊ, मछरेहटा व पिसांवा ब्लॉक की उत्कृष्ट आशा बहुओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में आशाओं को विभाग की रीढ़ बताया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टाल भी लगाए गए।

## विविध कार्यक्रमों से सजी दोपहर

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर रविवार दोपहर से ही विविध गतिविधियों की धूम रही। इसमें प्रमुख रूप से आशा सम्मेलन और स्वयं सहायता समूह सम्मेलन के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। त्रिशूल बैंड की धुन, लेजर शो और ब्रज की होली के मनमोहक दृश्यों ने आगंतुकों का मन मोह लिया। किसानों और शिक्षकों के लिए समर्पित सत्रों में क्षेत्र के विकास पर चर्चा की गई।

## आज किया जाएगा 'गीता सार' का मंचन

महोत्सव के दूसरे दिन यानी सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में पुनीत इस्सर ग्रुप द्वारा 'जय श्री कृष्णा' और 'गीता सार' का मंचन किया जाएगा। महाभारत के पात्रों के जीवंत अभिनय के माध्यम से दर्शकों को आध्यात्मिक संदेश दिया जाएगा।

## कवि सम्मेलन में लगेगा दिग्गजों का जमावड़ा

तीसरे दिन मंगलवार को अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें सुरेंद्र शर्मा (दिल्ली), राम भदावर (इटावा) और विनीत चौहान (अलवर) जैसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि अपनी ओजस्वी और हास्य रचनाओं से समां बांधेंगे। साथ ही प्रियंका व प्रेरणा समूह द्वारा कथक की नयनाभिराम प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### फोन पर पत्नी से विवाद पर ब्लेड से पति ने काटा गला

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत एक निमंत्रण में शामिल होने आये एक युवक ने फोन पर अपनी पत्नी से हुए विवाद के पश्चात ब्लेड से अपना गला काट लिया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया है। घायल युवक रंजीत पुत्र राम प्रसाद निवासी बतौना थाना नगराम जनपद लखनऊ अपनी किसी रिश्तेदारी में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए थाना क्षेत्र के कस्बे में आया हुआ था। वहीं पर उसकी पत्नी से फोन पर कुछ कहासुनी हो गई। विवाद से आहत होकर उसने ब्लेड से अपना गला काट लिया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### नहर में गिरा साइकिल सवार, मौत

**सरेनी:** रविवार की शाम को घर से हमीरगांव जा रहे अधेड़ साइकिल सवार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के मदाखेड़ा मजरे दूलापुर गांव निवासी रामशंकर पुत्र रामआसरे साइकिल से हमीरगांव जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी साइकिल अनियंत्रित होकर नहर में चली गई। इससे गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। राहगीरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल रमेशचंद्र यादव का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर तस्वीर साफ हो जाएगी।

### भैंस से टकराया बाइक सवार, गंभीर

**बछरावां:** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां-महाराजगंज मार्ग पर जलालपुर गांव के पास अचानक हाईवे पार कर रही भैंस से एक बाइक सवार परिवार टकरा गया। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। एक की हालत गंभीर बताई गई है। घायल बाइक सवार राकेश दिवाकर पुत्र तिलक चंद्र, अपनी पत्नी सविता, सात वर्षीय बेटी, पांच वर्षीय सिद्धि को लेकर अपनी ससुराल निगोहा जनपद लखनऊ से अपने घर ग्राम बसकटा थाना महाराजगंज जा रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया।

### पति और देवर पर मारपीट का आरोप

**अमावां:** मिल एरिया थाना क्षेत्र के कोडरस बुजुर्ग गांव की एक महिला ने अपने पति और देवर पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता प्रेरिता साहू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 2 मार्च की रात उसके पति राजकुमार साहू और देवर हिमांशु पुत्रगण मंशाराम ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसे व डंडों से मारपीट की। मारपीट में घायल महिला ने जिला अस्पताल रायबरेली में अपना इलाज कराया। थाना अध्यक्ष विंध्य विनय ने बताया कि राजकुमार व हिमांशु निवासी कोडरस बुजुर्ग के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### खेत से लौट रहे बुजुर्ग पर किया हमला

**जगतपुर:** थाना क्षेत्र के पूरे राय सिंह मजरे पारी गांव निवासी रामतेज सिंह (65) पुत्र स्वर्गीय अयोध्या सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह खेत से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सिघांपुर मोड़ के पास तिवारीपुर गांव निवासी पिंटू, विनोद, अनूप, अंकित और कुलदीप ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि सभी आरोपी शराब के नशे में थे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गए। आरोपियों ने उनका गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी।

## कोतवाल के बिगड़े बोल, दिमाग न खराब हो, तुमको जो चाहेंगे वो कर देंगे

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया में महिला अपराध से संबंधित एक खबर वायरल होने पर कोतवाल ने आपा खो दिया। उन्होंने फोन पर कुछ इस कदर आवेश में आ गए कि वर्दी की गरिमा तक भूल गए। वायरल आडियों में यह कहते सुनाई दे रहा है कि दिमाग न खराब हो, तुम्हारा जो चाहेंगे वो कर देंगे।

मामला नगर के कलवारन टोला में शनिवार को हुए एक विवाद को लेकर था। घटना में महिला ने दूसरे समुदाय के दो युवकों पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया। यह खबर सोशल मीडिया में वायरल हुई तो शनिवार की शाम कोतवाल अजय कुमार राय ने आपा खो दिया। उन्होंने खबर चलाने वाले को फोन करके अपनी भड़ास निकाली। जिसका ऑडियो वायरल हुआ है। कोतवाल ने धमकाते हुए कहा कि फालतू का काम ना करो, तुम्हारा ज्यादा खुरापात चलता है। तुम थाने आओगे तो बताएंगे। वहीं दूसरी तरफ से शालीनता से बात की जा रही थी।

इस बारे में सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। वह परीक्षा ड्यूटी में बाहर हैं, वापस आकर मामले की जानकारी की जाएगी।

## सनातन धर्म की मूल भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही सरकार

संवाददाता, रायबरेली

**किया सवाल**

- शंखनाद यात्रा लेकर रायबरेली पहुंचे शंकराचार्य का प्रहार

**अमृत विचार।** वाराणसी से लखनऊ तक गो प्रतिष्ठार्थ धर्मयुग शंखनाद यात्रा लेकर निकले शंकराचार्य स्वामी अविमुकतेश्वरानन्द शनिवार देर शाम रायबरेली पहुंचे। युवा नेता यश पाण्डेय के आवास पर रात्रि विश्राम किया। इस दौरान अनुयायियों ने जोरदार स्वागत किया। सुबह उन्नाव के लिए रवाना होने के दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए सरकार पर करारा प्रहार किया। कहा कि सनातन धर्म की मूल भावनाओं से सरकार खिलवाड़ कर रही है।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सरकार पर हमला करते हुए गो रक्षा और बटुकों के अपमान पर सवाल उठाए। कहा कि गो रक्षा की आवाज सरकार दबाना चाहती है। उन्होंने दोनों डिप्टी सीएम को आड़े हाथों लिया है। कहा कि उनको यदि इस घटना से दर्द था तो क्यों नहीं बटुकों की चोटी खींचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं। इसके अलावा उन्होंने उस सवाल को फिर दोहराया कि सीएम योगी से चालीस दिन मे खुद को हिन्दू साबित करने वाले मामले का भी ग्यारह मार्च विश्लेषण होगा। उन्होने साफ तौर पर कहा कि



रायबरेली में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का स्वागत करते लोग।

गाय को संरक्षण देने के लिए लिया गया यह प्रण जब तक गाय को पशु सूची से हटाकर गो माता की श्रेणी मे नहीं लाया जाता। पिछली सरकार की तरह इस सरकार ने भी वोट लेकर गाय माता के लिए कुछ नहीं किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चालीस दिन के भीतर गौ माता को लेकर किये जाने वाली घोषणाएं ग्यारह मार्च को लखनऊ में की जाएंगी और वहीं यात्रा का समापन होगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार केवल दावों तक सीमित है। हकीकत में वह गौ रक्षा करने की इच्छुक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो भी व्यक्ति या संगठन गौ हत्या के खिलाफ या गौ माता के सम्मान में आवाज उठाता है, सरकारउस पर फर्जी मुकदमे लादकर उसकी आवाज को दबाने का प्रयास करती है। उन्होंने इसे सनातन धर्म की मूल भावनाओं के साथ खिलवाड़ बताया। इससे पहले रायबरेली पहुंचे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का युवा नेता यश पाण्डेय ने मां के स्वागत और पूजन अर्चन किया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बेहतर कार्य पर सम्मानित की गई आधी आबादी

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और बालिकाओं का किया गया सम्मान



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित होतीं खिलाड़ी सबा आब्दी।





सम्मानित महिला कांस्टेबल व पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी व सीडीओ अंजूलता।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले भर में कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को सम्मानित किया गया। इससे पहले अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी और मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला कल्याण, बाल विकास पुष्टाहार विभाग व अन्य विभागों एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं, खिलाड़ियों आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सफल महिलाओं की कहानियों को आमजन तक पहुंचा जाए। समाज की रुढ़ियों व पूर्वाग्रहों से संघर्ष कर खुद सफल जीवन यापन करने वाली महिलाएं दूसरी महिलाओं के लिए



महिला दिवस के अवसर पर केक काटकर खुशियां मनातीं शिक्षिकाएं।

प्रेरणा श्रोत हैं। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए छात्राओं को समाज में शिक्षित होकर सशक्त समाज का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर केक काटकर महिलाओं/बालिकाओं को बेहतर कार्य के लिए उत्साहित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अहमद फरीद खान, वरिष्ठ कोषाधिकारी भावना श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, क्रीडाधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम, तहसीलदार सदर आकृति श्रीवास्तव आदि रहे।

**व्यापार मंडल ने महिला कांस्टेबल को किया सम्मानित, महराजगंज:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अखिल भारतीय व्यापार मंडल महराजगंज इकाई अध्यक्ष रिंकू जायसवाल के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कोतवाली में पहुंचकर महिला सुरक्षा व कानून-व्यवस्था में अपना अहम योगदान दे रही महिला कांस्टेबल शगुन शर्मा को सम्मानित किया। राम दरबार की प्रतिमा और पुष्पगुच्छ भेंट किया। पदाधिकारियों ने समाज में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महिला पुलिसकर्मियों के समर्पण और साहस की जमकर सराहना की। इस मौके पर कमल मौर्य, विनोद भाई, राजा जायसवाल, राजा श्रीवास्तव, बृजेश सोनी, मुकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**शिक्षिकाओं को एचडीएफसी बैंक प्रबंधक ने किया सम्मानित, लालगंज:** एचडीएफसी बैंक लालगंज द्वारा चंद्रशेखर मेमोरियल इंटर कॉलेज की शिक्षिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया। इससे पहले केक काटकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला और बैंक प्रबंधन ने स्कूल की शिक्षिकाओं का सम्मान करते हुए उनके योगदान, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यो की सराहना भी की। एमडी दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को सम्मानित करना निश्चित रूप से हमारी पुरातन संस्कृति का ही हिस्सा है। महिलाएं स्वतंत्रता काल से लेकर अब तक समाज के लिए प्रेरणा स्रोत रही हैं।

### 23 शिक्षिकाओं का किया गया सम्मान

**संवाददाता, रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बीएसए राहुल सिंह ने जिले की 23 महिला शिक्षिकाओं को विभाग में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर के सम्मानित किया गया। अनुप्रिया सिंह, दीपिका सिंह, प्रीति वर्मा, मृदुल रानी, अरुणा सिंह ने महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने कहा है कि शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका महिला सशक्तिकरण मे विशेष योगदान है। इसका लाभ बेसिक शिक्षा विभाग को भी मिल रहा है। उन्होंने सभी को भविष्य में भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सम्मानित होने वालों में मानसी सिंह, गौतम, अनुप्रिया सिंह, प्रीति विश्वकर्मा, रश्मि श्रीवास्तव, दीपिका सिंह, डॉ. शारदा सिंह, अर्चना मौर्य, ज्योति भारती, वंदना पांडे, कविता शाक्य, वंदना मिश्रा, गीता त्रिपाठी, नीतू सिंह कुशवाहा, मृदुल रानी, एम निम्मी, अरुणा सिंह, रिया ठाकुर, रेखा सिंह, किरण सिंह, ममता सिंह और प्रीति वर्मा रही। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अभिषेक द्विवेदी ने किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा विनय तिवारी, अनूप कुमार, रमन सिंह, अंकुर रहे।



शिक्षिका को सम्मानित करते बीएसए राहुल सिंह।

### धंवारी कार्यक्रम से लोक संस्कृति को सहेजने का दिया संदेश

**शिवगढ़ (रायबरेली) अमृत विचार।** नगर पंचायत के प्रताप नगर कॉलोनी में रविवार को धंवारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महराजगंज खंड तकनीकी प्रबंधक कृपा शंकर रावत के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में गढ़ी, देहली, प्रताप नगर कॉलोनी सहित आस-पास के गांवों से आए धंवारी गायकों ने पारंपरिक धंवारी गीतों की प्रस्तुति देकर पुरानी संस्कृति और परम्पराओं को जीवंत बनाए रखने का संदेश दिया। धंवारी गायकों ने अपने सुरों और लोकधुनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने लोक संस्कृति से जुड़े इस सामाजिक आयोजन की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों समय-समय पर आयोजित कराए जाने की आवश्यकता बताई। वक्ताओं ने कहा कि धंवारी जैसे लोकगीत ग्रामीण संस्कृति की पहचान हैं, जिन्हें संरक्षित रखना समाज की जिम्मेदारी है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य केतार पासी, किसान नेता सर्वेश वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी करुणा शंकर, गंगा विभूति, शिक्षक संतोष कुमार, समाजसेवी राकेश कुमार, राजेंद्र कुमार राज, पूर्व प्रधान रामहेत रावत, रामू, मनीष, ज्योति, कृष्णा, आस्था आदि मौजूद रहे।



धंवारी कार्यक्रम में मौजूद लोग।

### प्रशिक्षण को लेकर हुई तैयारी बैठक

**लालगंज, अमृत विचार।** वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के द्वारा मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिए जाने का अभियान चल रहा है। लालगंज मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने बताया कि उनके मंडल का पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 14 और 15 मार्च को रहेगा। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के बाबत बैठक कर योजना बन गई है। प्रशिक्षण सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने बताया कि कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण से पार्टी को मजबूती प्रदान होती है। प्रशिक्षण महा अभियान में करीब एक सैकड़ा लोग शिरकत करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष रहे हैं। पार्टी आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के बताए हुए रास्ते पर चलकर समाज और राष्ट्रहित के कार्यों में लगी हुई है। पूर्व विधानसभा संयोजक चंद्र प्रकाश पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, राजेश निर्मल, सत्येंद्र बहादुर सिंह, अखिलेश बाजपेई, गिरिजा शंकर बाजपेई, बीके सिंह, बबलू पांडे, अवधेश सविता, बबलू पांडे सभासद, प्रधान बच्चा लाल, सुनील मिश्रा, शीतला सविता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गल्ला मंडी ओवरब्रिज बंद होने से आक्रोश

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** शहर के गल्ला मंडी ओवरब्रिज की मरम्मत में हो रही लगातार देरी को लेकर रविवार को आम जनता का गुस्सा फूट पड़ा। पिछले करीब 7 से 8 महीनों से चल रहे मरम्मत कार्य के बावजूद ओवरब्रिज अब तक चालू न होने से परेशान स्थानीय लोगों, समाजसेवियों, व्यापारियों और महिलाओं ने एकदिवसीय क्रमिक अनशन और धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सेतु निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना है कि गल्ला मंडी ओवरब्रिज शहर में आवागमन का एक प्रमुख मार्ग है, जिससे रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं। लेकिन सेतु निगम द्वारा एक छोटे से मरम्मत कार्य को महीनों से लंबित रखा गया है, जिससे आम जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों को रोजाना लंबा चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। पूर्व सभासद मो. इसरार, व्यापारी राकेश गुप्ता, आशीष पाठक सहित दर्जनों लोगों ने धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने सेतु निगम के खिलाफ "सेतु निगम मुर्दाबाद" के नारे भी लगाए और जल्द से जल्द ओवरब्रिज चालू कराने की मांग की।

### शुभम गौतम ने छठवें प्रयास में पाई सफलता

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले शुभम गौतम ने एक नहीं बल्कि तीन-तीन बार मेंस और दो बार इंटरव्यू की दहलीज पर पहुंचें, लेकिन सफलता नहीं अर्जित हुई। एक के बाद एक लगातार आ रही निराशा के बाद हतोत्साहित हो चुके शुभम पांचवें अटेम्प्ट में प्री परीक्षा नहीं पास कर पाएं। तब मिला परिवार का साथ और फिर से तैयारी शुरू की और अपने छठवी कोशिश में सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल कर ली।सशहर के इंदिरा नगर मोहल्ले के वैभव विहार मोहल्ला निवासी शुभम गौतम ने अपने छठें अटेम्प्ट में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 802वीं रैंक हासिल करके अपने परिवार और माता पिता का मान बढ़ाया है। मूलरूप से लालगंज कस्बे के चमनगंज मोहल्ला निवासी शुभम गौतम के पिता सुरेश गौतम भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वहीं माता मालती देवी शिक्षिका हैं जो कि लालगंज कस्बे के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। चाचा सुनील गौतम डलमऊ ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी हैं। शुभम की बहन अंजलि गौतम भी अपने भाई की तरह ही सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही है। शुभम ने बताया कि सेल्फ पढ़ाई के साथ ही कुछ समय दिल्ली में भी कोचिंग ली थी। इसके बाद में दिल्ली में ही रहकर पढ़ाई की। उन्हें यह सफलता छठवें प्रयास में मिली है।



परिजनों के साथ शुभम गौतम।

### आईएएस बने पूर्व छात्र विमल कुमार का स्वागत

**महराजगंज, अमृत विचार।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में पूर्व छात्र विमल कुमार का स्वागत और अभिनंदन किया गया। विमल कुमार वर्ष 2010 से 2017 तक विद्यालय के छात्र रहे हैं। वर्ष 2026 की अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 107 प्राप्त कर किया हैं। सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में जनपद रायबरेली के ग्राम चांदेमऊ, पोस्ट गुरूबख्शगंज निवासी विमल कुमार ने उपलब्धि हासिल कर जनपद तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनके विद्यालय आगमन पर शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. एसपी त्रिपाठी ने कहा कि सभी छात्रों में आईएएस बनने का गुण विद्यमान है। पूर्व उपप्राचार्य जीपी मिश्रा, विद्यालय के पूर्व छात्र सुशील पासी, उपप्राचार्य शफक शमसी, वरिष्ठ शिक्षक शिक्षक ओपी सिंह, मनोज पांडेय, शिवम अवस्थी, अनिल विक्रम सिंह, धीरज प्रताप सिंह, सुनीत त्रिपाठी, अभय त्रिपाठी, अवनीश कुमार सिंह, विजय प्रकाश, अभिषेक श्रीवास्तव, सत्यपाल, सीमा सिंह, वैशाली, मृदुला वर्मा, आरएफ रसूल, अंकिता मिश्रा आदि उपस्थित रहे।





विमल कुमार का स्वागत करते प्राचार्य व अन्य।

## रोडवेज बस की टक्कर से सेल्समैन की मौत

अमावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र मे सुल्तानपुर हाइवे पर रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार छिटक कर सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के रायन इंटरनेशनल स्कूल के पास सुबह लगभग साढ़े नौ बजे की है। मृतक हीरा अग्रहरी पुत्र श्याम लाल अग्रहरी निवासी सीकी सलेमपुर थाना मिल एरिया एक निजी फैक्ट्री मे सेल्समेन था, जो दुकानों पर ब्रेड सप्लाई का काम करता था। रविवार की सुबह रायबरेली की ओर से कुछ सामान लेकर घर लौट रहा था। वही बाइक सवार युवक को सुल्तानपुर की ओर से आ रही तेज रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे मे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और सूचना पुलिस को दी गई। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मिल एरिया थानाध्यक्ष विंध्य विनय रावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## गहरी खाई में सेना का वाहन गिरने से जिले का जांबाज जवान हुआ शहीद

सरेनी (रायबरेली)

- अरुणाचल प्रदेश में हुआ हादसा शहीद के घर में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में सेना का वाहन गहरी खाई में गिर गया। इससे क्षेत्र का एक जांबाज शहीद हो गया। सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। वहीं परिजन रो रोकर बेहाल हैं। शहीद के पिता ने बताया कि सोमवार को देर शाम तक बेटे का पार्थिव शरीर गांव पहुंचेगा।

थाना क्षेत्र के गहरौली गांव के रहने वाले प्रदीप कुमार शर्मा (38) पुत्र रामनरेश शर्मा वर्ष 2010 में सेना में भर्ती हुए थे। झारखंड के रामगढ़ में प्रशिक्षण लेने के बाद मुंबई में तैनाती हुई थी। वर्तमान में प्रदीप कुमार डिब्रूगढ़ से सेना की कान वाई के साथ नई तैनाती स्थल पर जा रहे थे। तभी अरुणाचल प्रदेश की सीमा में सेना का वाहन गहरी खाई में गिर गया। इससे प्रदीप कुमार शहीद हो गए। रविवार की सुबह करीब छह बजे बटालियन के सीओ ने शहीद के पिता रामनरेश को फोन कर घटना की जानकारी दी तो कोहराम मच गया। इस खबर से पूरा गांव शोक में डूबा हुआ है। शहीद प्रदीप की पत्नी कल्पना शर्मा, बेटी इशिका (11), अंशिका (6), बेटा युवराज (8) और मां पूनम शर्मा का रो रो कर बुरा हाल है। राम नरेश ने बताया कि बेटे का पार्थिव शरीर सोमवार तक गांव पहुंचेगा। बीते महीने की 19 फरवरी को प्रदीप कुमार छुट्टी से वापस ड्यूटी के लिए गया थे। शुक्रवार को परिजनों से फोन पर बात भी हुई थी। उन्होंने सबकी कुशल क्षेम पूछा था। घटना के बाद घर में लोगों का तांता लगा हुआ है। हर कोई घटना से काफी शोकाकुल है।



प्रदीप कुमार शर्मा की फाइल फोटो।

**हादसे में एक गंभीर, बछरावां:** थाना क्षेत्र के बछरावां-महाराजगंज मार्ग पर हरदोई गांव के निकट ई रिक्शा व बाइक सवार की आमने-सामने जोरदार टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक सवार संदीप कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी कोटवा मोहम्मदाबाद थाना महराजगंज हरदोई गांव में लग रही साप्ताहिक बाजार में सब्जी लेने के लिए जा रहा था। हरदोई गांव चौराहे के निकट ई रिक्शा से उसकी टक्कर हो गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**फूटा गुस्सा** | शहीद चौक पर बिहार के मौलाना का पुतला जलाकर कार्रवाई की मांग, जमकर की गई नारेबाजी

# मुख्यमंत्री की मां पर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में विधायक ने दिया धरना

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बिहार के मौलाना द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की माता के प्रति की गई अमर्यादित टिप्पणी से लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। रविवार को सदर विधायक ने समर्थकों के साथ शहीद चौक पर धरना दिया। वहीं आक्रोशित लोगों ने नारेबाजी करते हुए मौलाना का पुतला जलाकर विरोध जताया।

सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा है कि मौलाना का बयान निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण और भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है। भारत की संस्कृति में मां को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी की माता के लिए इस प्रकार की अशोभनीय भाषा का प्रयोग करना सामाजिक मर्यादाओं का खुला उल्लंघन है। ऐसे बयान न केवल व्यक्तिगत आस्था और सम्मान को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने का भी प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और समाज में नफरत फैलाने तथा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी करने का साहस न कर सके।

विधायक अदिति सिंह ने प्रदेश सरकार और प्रशासन से मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल और सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे समाज में शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था बनी रहे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा, अमन सिंह, आशुतोष पाण्डेय, वेद प्रकाश पाण्डेय, मंजेश सिंह, अजीत सिंह बघेल, विवेक शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी विजय बाजपेई, विश्व प्रकाश पाठक, सरिता सिंह, सुधा अवस्थी, सोनू गुप्ता, धर्मेन्द्र चौधरी, अश्वनी शर्मा आदि ने जमकर नारेबाजी की।



बिहार के मौलाना का पुतला दहन करते आक्रोशित लोग। अमृत विचार





शहीद चौक पर समर्थकों के साथ धरने पर बैठीं सदर विधायक अदिति सिंह।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**बछरावां (रायबरेली)।** जनपद की सीमा एवं क्षेत्र के सिंह द्वार पर स्थित प्रसिद्ध पिपलेस्वर चुरूवा हनुमान मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय एवं राष्ट्रीय महामंत्री राहुल सिंह का प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा नितिन बाजपेई की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पिपलेस्वर चुरूवा हनुमान मंदिर की चौखट पर माथा टेककर पवन पुत्र का आशीर्वाद लिया। ऋषि दीक्षित, विजय राज, गौरव दीक्षित, रोहित सिंह, शिवम यादव आदि उपस्थित रहे।

### युवक पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला

**जगतपुर (रायबरेली):** थाना क्षेत्र के पूरे राठौरन मजरे थुलरई में प्राथमिक विद्यालय की दीवार के पास जमीन को लेकर चल रहे विवाद में एक युवक पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। मारपीट में युवक घायल हो गया, जबकि हमलावर उसकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पूरे राठौरन मजरे थुलरई निवासी अरविंद सिंह राठौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब दो माह पहले गांव के प्राथमिक विद्यालय की दीवार से सटाकर अवधेश सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह निर्माण कार्य करा रहे थे। इस पर उन्होंने आपत्ति जताते हुए एसडीएम से शिकायत की थी। शिकायत के बाद मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने नाप-जोख की, जिसमें उक्त भूमि बंजर पाई गई। इसके बाद निर्माण कार्य को ध्वस्त करा दिया गया था। आरोप है कि शुक्रवार को अवधेश सिंह अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### रास्ते में रोककर युवक से की मारपीट

**जगतपुर (रायबरेली):** थाना क्षेत्र के बेनीकामां निवासी शिवम सिंह पुत्र बलदेव सिंह ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर से जगतपुर आ रहा था। इसी दौरान गांव के पास फतेहपुर मोड़ से पहले अस्मित सिंह व उदित चौहान निवासी जगतपुर और उनके एक अन्य साथी ने उसकी गाड़ी रोक ली। आरोप है कि तीनों लोग शराब के नशे में थे और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल

**जगदीशपुर (अमेठी) :** भाले सुल्तान थाना क्षेत्र के रानीगंज कस्बे में एक हल्दी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जांच में सामने आया कि जिस गन से फायरिंग करते हुए दिखाया गया था, वह असली हथियार नहीं बल्कि टॉय गन थी। मिली जानकारी के अनुसार, रानीगंज कस्बा निवासी सुरेश कुमार के पुत्र शुभम की शादी का हल्दी समारोह 7 मार्च को आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के दौरान शुभम के भाई अर्पित का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह हर्ष फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। हालांकि वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति का किया गया सम्मान

## महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित आयोजित कार्यक्रम में नव-नियुक्त नौ मुख्य सेविकाओं को सौंपा गया नियुक्ति पत्र

**संवाददाता, अमेठी**

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार, अमेठी में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया, जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और पहलों की जानकारी दी।


मुख्य सेविका को मोमेंटो व गिफ्ट पैक देकर सम्मानित करते राजेश अग्रहरि साथ में डीपीओ संतोष श्रीवास्तव। अमृत विचार

अमेठी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने नव-नियुक्त मुख्य सेविका शालिनी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही बाल विकास विभाग की नौ मुख्य सेविकाओं-साधना शुक्ला, संगीता यादव, सोमवती, नेहा उपाध्याय, संगीता, प्रगति जायसवाल, अर्चना यादव, वंदना विश्वकर्मा और प्रीतिमा को मोमेंटो व गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया। महिला कल्याण विभाग की रुचि सिंह, बेबी सिंह, ममता यादव (केस वर्कर, वन स्टॉप सेंटर), नीरज पांडे, रीता सिंह, बाल कल्याण समिति की सदस्य जान्हवी गुप्ता तथा सहायक लेखाकार व कंप्यूटर ऑपरेटर स्वाति सिंह को भी प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया। वहीं 25 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी समाज की प्रगति की आधारशिला है। आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और राजनीति सहित हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का लोहा मनवा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी नितेश राज सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**महिला दिवस पर 'दान से लाभ' विषय पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन, कमरौली :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर औद्योगिक क्षेत्र कमरौली में महिला सशक्तिकरण और सम्मान को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता उदयनाथ मिश्रा ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नारी शक्ति के महत्व पर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम का मुख्य विषय 'दान से लाभ' रखा गया। वक्ताओं ने कहा कि नारी समाज के विकास में अनेक रूपों में योगदान देती है।



दान से लाभ विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

मुख्य वक्ता डॉ. निवेदिता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए छोटी बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक विकास और आत्मविश्वास को मजबूत करना चाहिए, जिससे महिलाएं शिक्षा और प्रेरणा के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें कार्यक्रम में प्रियंका, मधुरिमा, अंतिमा, फिजा, स्वाति, मोनी यादव और मिशाल बेदी सहित कई महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वहीं सौरभ शुक्ला, अमन पाल, आदर्श सिंह, अमर सिंह, अमन भारती, अंशुमान यादव, आदिल, हर्ष शुक्ला और पंकज रंजन आदिल लोग भी मौजूद रहे।

### महिला दिवस पर सीएमओ ने उत्कृष्ट महिला स्वास्थ्य कर्मियों को किया सम्मानित


महिला स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह।

**अमेठी, अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में विकासखंड भेटुआ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगंज में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ अमेठी अंशुमान सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में समर्पित योगदान देने वाली तीन महिला स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में सहायक नर्स मिडवाइफ एएनएम शिव कुमारी यादव, संगिनी निर्मला सिंह और आशा कार्यकर्ता रीता श्रीवास्तव शामिल रहीं। अधिकारियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में इनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीएमओ ने कहा कि एएनएम, आशा और संगिनी जैसी स्वास्थ्यकर्मी ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। वे दूरदराज के इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उनके प्रयासों से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को बेहतर देखभाल मिलती है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार हो रहा है। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेटुआ में भी महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां सीएचसी अधीक्षक डॉ. सौरभ सिंह ने मुंद्रा देवी और फूला देवी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन महिला स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका बेहद सराहनीय है। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. नवीन मिश्रा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेटुआ के अधीक्षक डॉ. अभिमन्यु कुमार वर्मा, डॉ. रामजीत, बैम उदय प्रताप आदि उपस्थित रहे।

## भाई-भाई में हो राम और भरत जैसा प्रेम, तब रामराज्यः राघव

**महराजगंज (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कड़रिया मजरे बारी गोहन्ना गांव स्थित श्रीदुर्गा माता मंदिर परिसर में श्रीराम चरित मानस सम्मेलन के समापन दिवस पर इटावा से पधारे राघव किशोर रामायणी ने बताया कि जब भाई-भाई में राम और भरत सा प्रेम हो तब रामराज्य स्थापित होगा। कलयुग में रामराज्य की स्थापना व्यक्ति के आचरण में सुधार, नैतिक मूल्यों के पुनरुत्थान और निस्वार्थ शासन के माध्यम से संभव है। जब शिक्षा में संस्कार, कानून में कठोरता, सत्य, समानता और भाईचारा समाज में व्याप्त होगा, तभी "रामराज्य" जैसा आदर्श समाज बनेगा।


सम्मेलन में बोलते वक्ता। अमृत विचार

भिण्ड मुरैना से आये सुरेन्द्र रामायणी ने बताया कि मां सीता के पिता जनक ने प्रण लिया था कि शिव के धनुष पर जो भी प्रत्यंचा चढ़ा देगा उसी के साथ सीता का विवाह होगा। स्वयंवर में तमाम राजा, राजकुमार व योद्धा धनुष नहीं उठा पाए, जबकि श्रीराम ने धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाई जिससे धनुष दो हिस्सों में बंट गया। इस दौरान अजीत सिंह, आयोजक प्रमोद मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, दिलीप तिवारी, सतीश शुक्ला, बबलू मिश्रा, अनिल मिश्रा, रामकेवल यादव, रामकुमार मिश्रा, सूर्यनारायन शुक्ला, प्रदीप चौरसिया, रणविजय सिंह, घनश्याम शर्मा, मोहनलाल, रामसजीवन मौर्य, दिनेश सिंह, राघवेन्द्र मिश्रा, अतुल अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## देवी हिंगलाज धाम में महायज्ञ महोत्सव शुरू

**मुसाफिरखाना (अमेठी)**

**अमृत विचार।** तहसील मुख्यालय से दूर उत्तर दिशा में स्थित देवी हिंगलाज मंदिर के पावन प्रांगण में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 36 वां महायज्ञ महोत्सव एवं संगीतमयी प्रवचन का विशाल भव्य आयोजन किया जा रहा है।यह कार्यक्रम 8 मार्च से 16 मार्च तक चलेगा तथा 12 मार्च को मंदिर प्रांगण में दिव्य एवं भव्य विशाल दुखःदुरिया कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

रविवार को यज्ञ प्रारंभ होने से पूर्व भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला व जोनल कमिश्नर भूपेंद्र शुक्ल संयुक्त रूप से फीता काटकर किया इसके बाद पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लिए सैकड़ों महिलाओं के साथ गाजे-बाजे रथ घोड़े आदि के साथ देवी हिंगलाज धाम से निकल कर बाबा पुरूषोंत्तम दास फिर वहां से गांव से होते हुए आदि गोमती तट भद्दौर घाट पहुँची जहां पर आचार्य यज्ञ देव पाठक द्वारा विधिविधान से

**आयोजन**


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

पूजन अर्चन के पश्चात महिलाएं नदी से कलश में जल भरकर कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान किया। कलश यात्रा के दौरान भजनों और जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। यह कार्यक्रम पूर्व प्रधान कृपा शंकर सिंह व उनके सहयोगियों के परिश्रम से सम्पन्न होगा। कलश यात्रा में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला, जोनल कमिश्नर भूपेंद्र शुक्ल, प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश सिंह, महेन्द्र तिवारी, जनार्दन तिवारी, राजू ओझा, अंजनी श्रीवास्तव, रवींद्र तिवारी, सर्वेश सिंह,रवि तिवारी, संजय गुप्ता, जितेंद्र सिंह,तिवारी, दुर्गेश तिवारी, विजय सिंह मिंटू, विपुल सिंह, हर्ष यादव, निशांत, अनुराग, लकी, बृजेश शुक्ला,पी एन कनौजिया, अमन तथा राणा प्रताप श्रद्धालु शामिल रहे।

**राजा परीक्षित और शुकदेव का सुनाया प्रसंग, अमेठी :** संग्रामपुर क्षेत्र के ग्रामसभा सहजीपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास स्वामी ओमानंद जी महाराज ने राजा परीक्षित और शुकदेव जी महाराज के प्रसंग का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और सत्संग का महत्व बताया। कथा सुनने के लिए क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्य यजमान गीता तिवारी व बालकृष्ण तिवारी हैं। इस अवसर पर श्याम कृष्ण, राधेकृष्ण, रामकृष्ण तिवारी, त्रियुगी तिवारी, कल्लू पांडेय, शैलेंद्र तिवारी, सुधांशु, कुलदीप, संदीप, अभिनव, शुभम, सत्यम शुक्ला, आदित्य मिश्र, सौरभ, अनूप, अनिल तिवारी, उत्कर्ष, शिवांशु, दीपांशु आदि रहे।

### महिलाओं ने जल संरक्षण का दिया संदेश

**अमेठी, अमृत विचार।** ग्रामीण पेयजल योजना के अंतर्गत विकास खंड अमेठी के त्रिलोकपुर में रविवार को जल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया और जल संरक्षण का संदेश दिया। महिलाओं ने घड़ों में टोटी से जल भरकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान भूजल स्तर लगातार गिरने पर चिंता व्यक्त की गई और पानी बचाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में अवर अभियंता जल निगम नीरज प्रजापति ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पानी का दुरुपयोग रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पानी भरने के बाद टोटी को खुला न छोड़ें, ताकि पानी की एक-एक बूंद की बचत हो सके। उन्होंने जल के सदुपयोग पर विशेष बल दिया। जिला पंचायत सदस्य अरुण प्रजापति ने कहा कि जल ही जीवन है, इसलिए इसका सही तरीके से उपयोग करना बेहद जरूरी है। अन्य वक्ताओं ने भी पानी की बढ़ती बर्बादी पर चिंता जताई और लोगों से जल संरक्षण के लिए जागरूक होने का आह्वान किया। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि शुद्ध जल और हर घर नल योजना से उनके जीवन में काफी सुधार हुआ है। इससे उन्हें पानी के लिए दूर-दूर तक नहीं जाना पड़ता और उनके जीवन में सशक्तिकरण भी बढ़ा है। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

### संगीतमयी श्री राम कथा का हुआ आयोजन

**अमेठी, अमृत विचार।** रविवार से अमेठी के आवास विकास कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर पर शुरू हुई संगीत मे श्री राम कथा के पहले दिन कथा वाचक ने कथा प्रवचन और सत्संग के लाभ के बारे में बताया। रविवार को शुरू हुई संगीतमई श्री राम कथा के पहले दिन कथा व्यास ने सत्संग और प्रवचन में जाने के लाभ के बारे में बताया। कथा व्यास पंडित कृष्णानंद जी महाराज ने बताया कि भगवान के प्रति यदि कोई व्यक्ति अपना लगाव रखता है और सत्संग करता है तो उसके जीवन से कष्ट दूर होने लगते हैं और उसके जीवन में सुख आने लगता है। श्री राम की कथा के बारे में बताते हुए कथा व्यास ने कहा कि भगवान राम का जीवन आदर्श से भरा था। कथा यजमान डॉ राज कुमार, तेज बहादुर सिंह, हरिकेश श्रीवास्तव ने आए हुए लोगों का स्वागत किया। आयोजक मंडल में पंडित संतोष चतुर्वेदी, राधा रमन शुक्ला, डॉ राज कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी श्री राम कथा का आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग आकर कथा का रसपान करेंगे। इस मौके पर सूबेदार भगवत प्रसाद मिश्रा, उपमा मिश्र, डॉ रमेश सिंह के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।


कथा कहते पं. कृष्णानंद महराज।

## उल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**कमरौली (अमेठी)**

**अमृत विचार।** जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र के माधव नगर स्थित माधव धाम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में प्रेम, भाईचारा तथा समरसता का संदेश दिया।


होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

कार्यक्रम में संघ के जिला प्रचारक ऋषभ, सह जिला संघ चालक डॉ. केसी बरनवाल, नगर संघचालक आदित्य विक्रम सिंह, नगर कार्यवाह नागेंद्र और सह जिला कार्यवाह संजय, ब्लॉक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, कोतवाल जगदीशपुर धीरेंद्र यादव, थाना प्रभारी मुकेश पटेल आदि रहे।

## केरोसिन की टंकी में धमाके से मकान क्षतिग्रस्त, हड़कंप

**तिलोई (अमेठी)**

**अमृत विचार।** मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत कस्बा तिलोई से इन्हौना मार्ग पर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने राजेश सिंह के आवास परिसर में केरोसिन की पुरानी टंकी थी, जिसे कुछ दिन पहले जमीन से निकाल कर घर के ग्राउंड में रखा गया था। इसी टंकी में सुबह करीब 11 बजे अचानक ब्लास्ट हो गई और टंकी में भीषण आग लग गई। घर के अंदर मौजूद रजत सिंह ने बाहर निकाल कर देखा तो घटना की जानकारी हुई। उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस व फायर ब्रिगेड मोहनगंज को सूचना दी मौके पर पहुंची फायर विकेट के दो गाड़ियों ने आग पर पाया काबू। रजत ने बताया कि यह घटना अचानक हुई है। टंकी के ब्लास्ट होने से छत के ऊपर बनी दीवार गिर गई। बगल में बना मकान की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा रहा।

### आरोग्य मेले में 63 मरीजों का हुआ उपचार

**जगतपुर (रायबरेली)।** क्षेत्र के हरदी टीकर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में ग्रामीणों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। मेले में कुल 63 मरीजों ने पंजीकरण कराकर चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श प्राप्त किया। अधिकांश मरीजों की खांसी, जुकाम, बुखार, सिरदर्द, शुगर व हाई ब्लड प्रेशर समेत अन्य सामान्य बीमारियों की जांच कर उनका उपचार किया गया। पीएचसी के डॉ. सुफैल अंसारी ने बताया कि शिविर में आए सभी मरीजों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श देने के साथ ही निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि उपचार कराने वालों में 28 पुरुष, 31 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल रहे। इस दौरान चिकित्सकों ने लोगों को बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई रखने, संतुलित आहार लेने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। आरोग्य मेले के आयोजन से क्षेत्रीय ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होने से काफी राहत मिली।


मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

### टेट के खिलाफ बिगुल फूंकेगा अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों की टेट अनिवार्यता किए जाने के बाद से इसका विरोध प्रदर्शन अनवरत जारी है। टेट के विरोध में विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा तैयार किए गए अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ (जेटीएफआई) की एक बैठक विकास भवन में आयोजित की गई। टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में आयोजित बैठक में टेट के मुद्दे की लड़ाई को लेकर रणनीति बनाई गई। शिक्षक नेताओं ने कहा कि टीईटी के मुद्दे पर शिक्षक सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने के लिए एकजुट हो रहे है। इस लड़ाई को लेकर ही अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का गठन किया गया है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर विभिन्न संगठनों को मिलाकर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ बनाया गया है जो कि इस आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा। प्रथम चरण में 9 से 15 मार्च तक एक पोस्टकार्ड अभियान चलाकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को पत्र व ईमेल भेजे जाएंगे। द्वितीय चरण में 13 अप्रैल को विभिन्न जिलों में मशाल जुलूस निकाले जाएंगे, जबकि तीसरे चरण में 3 मई को लखनऊ घेराव की योजना है। अटेवा के जिलाध्यक्ष मो. इरफान ने बताया कि महासंघ ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो मानसून सत्र में संसद भवन का घेराव किया जाएगा। बैठक का संचालन महामंत्री शैलेश यादव ने किया। इस मौके पर राम प्रसाद, बलराम, अनिल यादव,राजेश, संतोष मौर्य, अनिल यादव, अंजनी मौर्य, अशोक प्रियदर्शी, अनुराग मिश्रा, धर्मेंद्र शर्मा, शत्रोहन कुमार, शिव कुमार सिंह, महेंद्र बाजपेई, आशाराम, रोहित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

**आयोजन**

**भारत विकास परिषद के होली मिलन समारोह में पहुंची पद्मश्री सुधा सिंह का सम्मान**

# सेवा कार्यों से प्रभावित होकर 20 नए सदस्यों ने ली शपथ

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद, शाखा रायबरेली की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। परिषद के कार्यों से प्रभावित होकर 20 नए सदस्यों ने शपथ लिया। इससे पहले सारस चौराहे के निकट एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में भारत विकास परिषद अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि परिषद समाज सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। समारोह की मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पद्म श्री सुधा सिंह ने कहा कि भारत विकास परिषद जैसे संगठन समाज में सेवा, संस्कार और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे कार्यक्रम सामाजिक समरसता को बढ़ाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि



होली मिलन समारोह में पद्मश्री सुधा सिंह का स्वागत करते अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव व साथ में उनकी पत्नी।

वरिष्ठ पत्रकार गौरव अवस्थी ने कहा कि परिषद द्वारा किए जा रहे सामाजिक और सांस्कृतिक कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर परिषद के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए 20 नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई, जिनमें प्रमुख रूप से सत्येंद्र सिंह, नीरज गुप्ता, सतीश श्रीवास्तव, पवन सिंह, नीलम श्रीवास्तव, मंगलेश श्रीवास्तव, अनामिका सिंह, संगीता जायसवाल, आभा सिंह, प्रभात चौधरी विशेष रूप से शामिल रहे। सदस्यता विस्तार कमेटी के संयोजक कमलेश चंद्र श्रीवास्तव, पूर्व क्षेत्रीय संरक्षक डॉ. आर. बी. श्रीवास्तव, प्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर वाजपई, क्षेत्रीय सेवा संयोजक अम्बरीष अग्रवाल द्वारा सभी नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन वाणी पांडेय और उषा त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से किया। परिषद की प्रथम महिला सीमा श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम में सचिव अजय त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, राकेश कक्कड़, गजानन खुबेले, राकेश मिश्रा, डॉ. चम्पा श्रीवास्तव, नीतू चतुर्वेदी, डॉ. ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, राजा राम मौर्य, विवेक सिंह, सुरेश चंद्र शुक्ला रहे।



समारोह के दौरान कविता पाठ करते कवि। अमृत विचार

**सच बात पूछता हूं बताना ना बाबूजी..., लालगंजः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के जिला प्रभारी नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान कवि सम्मेलन एक प्रमुख आकर्षण रहा। प्रसिद्ध कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों की हास्य, व्यंग्य, वीर और श्रृंगार रस की प्रस्तुतियों से समां बंध गया। व्यापार मंडल संरक्षक दीप प्रकाश शुक्ला और अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि होली के अवसर पर आयोजित इन कवि सम्मेलनों में श्रोता अपनी संस्कृति और परंपराओं का आनंद लेते हैं। जिला अध्यक्ष रोहित सोनी और महामंत्री शिवम गुप्ता ने कहा कि कवि सम्मेलन और होली मिलन समारोह प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है।

भोपाल से आये प्रसिद्ध गीतकार संजय सिंह बाबूजी ने अपनी कविता सच बात पूछता हूं बताना ना बाबूजी, क्या याद मेरी आती नहीं बाबूजी कहकर लोगों के दिलों को झकझोर दिया। वहीं कोटा राजस्थान से आए कवि राजेंद्र गौड़ की कविता क्या हिंदू क्या मुस्लिम यह धरती सबकी भारत माता है कहकर लोगों में राष्ट्र के प्रति उत्साह भरने का काम किया। संचालन कर रहे रायबरेली के नीरज पांडे ने अपनी कविता रंग चंदन अबीर रोली मुबारक सबको गाकर आनंदित कर दिया। इस दौरान हिंदू महासभा प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री, नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, दीपेंद्र गुप्ता, राजेश सिंह फौजी, रामप्रताप सिंह, अरुण कुमार सिंह, बीएन विश्वकर्मा, डॉ निरंजन राय, पुष्कर गुप्ता, शिवम गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, कैलाश बाजपेई, शिव प्रकाश रहे।



तुम इस दुनिया में रहते नहीं हो, बल्कि यहां से गुजर रहे हो।

–रूमी, सूफी

## बदलाव का बवंडर

बालेन शाह नेपाल के प्रधानमंत्री बनेंगे अब तकरीबन तय है। पर उन पर या उनकी सरकार पर कोई टिप्पणी उनके पदासीन होने, सरकार गठन के बाद ही उचित है। फिलहाल उनके दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रभावशाली प्रदर्शन ने यह बताया है कि नेपाली जनता अब राजनीतिक बदलाव की आकांक्षी है। भ्रष्टाचार, सुस्त विकास, अस्थिर सरकारों से निराश मतदाताओं ने एक अपेक्षाकृत नई राजनीतिक शक्ति को मौका देकर संदेश दिया है कि पारंपरिक राजनीति के विकल्प की तलाश अब केवल बौद्धिक चर्चा नहीं, जनभावना बन चुकी है। पार्टी ने चुनाव प्रचार में पारदर्शिता, सुशासन और विकासोन्मुख प्रशासन को अपना मुख्य एजेंडा बनाया। यह वही मुद्दे हैं, जिन पर दशकों से नेपाली जनता पारंपरिक दलों से असंतुष्ट रही है। यही कारण है कि भ्रष्टाचार-विरोधी और सत्ता-विरोधी नारों ने मतदाताओं के बीच पैठ बनाई।

शुरुआती विश्लेषणों बताते थे कि पहले से बेहतर प्रदर्शन के बावजूद आरएसपी तीसरे स्थान से आगे नहीं बढ़ पाएगी, क्योंकि नेपाल की राजनीति में संगठनात्मक जड़ें, स्थानीय नेटवर्क और जातीय-क्षेत्रीय समीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। परिणामों ने इन धारणाओं को गलत साबित कर दिया। आरएसपी ने शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण और सुदूर इलाकों में भी बेहतर प्रदर्शन किया। इससे संकेत मिला कि पारंपरिक दलों के प्रति असंतोष केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह देशव्यापी भावना बन चुका है। बार-बार की राजनीतिक अस्थिरता, गठबंधन सरकारों की विफलता, रोजगार के अवसरों की कमी और व्यापक भ्रष्टाचार ने आम नेपाली नागरिक को निराश किया है। यही कारण है कि पारंपरिक दलों के दशकों पुराने शासन के प्रति असंतोष धीरे-धीरे राजनीतिक विकल्प की तलाश में बदल गया। इस सफलता के पीछे युवा मतदाताओं की भूमिका अहम रही, जो वैश्विक राजनीति और प्रशासनिक मॉडल से परिचित होने के साथ पारंपरिक राजनीतिक संस्कृति को चुनौती देने के लिए अधिक मुखर है। पारंपरिक दलों के प्रति उनका अविश्वास इस चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। युवाओं ने आरएसपी को केवल एक पार्टी के रूप में नहीं, बल्कि राजनीतिक परिवर्तन के प्रतीक के रूप में देखा। केवल युवा ही नहीं बड़ी उम्र के मतदाताओं और ग्रामीण समाज ने भी परिवर्तन की आवश्यकता को महसूस किया। इसके अतिरिक्त वैश्विक नेपाली प्रवासी समुदाय और डिजिटल डायस्पोरा की सक्रियता भी इस चुनाव में महत्वपूर्ण कारक रही। विदेशों में रहने वाले लाखों नेपाली सोशल मीडिया के माध्यम से राजनीतिक बहस में सक्रिय रहे और उन्होंने परिवर्तन के विचार को व्यापक समर्थन दिया। फिर भी इस अप्रत्याशित सफलता के साथ कई चुनौतियां भी सामने हैं। किसी भी नई पार्टी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा सत्ता में आने के बाद शुरू होती है।

आरएसपी के पास वास्तव में मजबूत जनादेश है, उसे पारदर्शी प्रशासन, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और विकास के ठोस परिणाम दिखाने होंगे। साथ ही उसे संगठनात्मक मजबूती, नीति-निर्माण की क्षमता और अनुभवी नेतृत्व की कमी जैसी चुनौतियों से भी जूझना होगा, बहरहाल नेपाल की जनता ने परिवर्तन की इच्छा व्यक्त कर दी है।

### प्रसंगवश

## खाली होते गांव और बड़े होते शहर

भारत की अधिकांश जनता आज भी गांवों में रहती है और उसकी आजीविका का मुख्य स्रोत खेती ही है। इसीलिए भारत को गांवों का देश भी कहा जाता है। पिछले कुछ दशकों से गांवों से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। 2001 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का लगभग 72.22 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती थी, वहीं 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत 68.84 रह गया। नवीनतम आंकड़े के अनुसार अब प्रतिशत गिरकर 63.13 रह गया है। ग्रामीण जनसंख्या के पलायन के मूल कारणों में रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रमुख रूप से हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशुपालन प्रमुख आर्थिक स्रोत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पारिवारिक विघटन के कारण खेतों का आकार लगातार छोटा होता जा रहा है, जिससे खेती की लागत अधिक एवं लाभ कम हो रहा है। उपज का महंगाई के हिसाब से उचित मूल्य न मिल पाना भी एक कारण है। महंगाई के कारण किसानों की जुताई, बुवाई, कटाई, मड़ाई सभी महंगी होती जा रही है। बेमौसमी बरसात एवं आंधी तूफान के कारण भी किसानों की फसल नष्ट हो जाती है। छुट्टा जानवर भी किसानों के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं यदि ग्रामीण क्षेत्रों का परिभ्रमण किया जाए तो यह मालूम होगा कि सभी खेतों की कटीले तारों से किलेबंदी है। जिन खेतों में कटीले तार नहीं हैं, वहां पर फसल बिल्कुल बर्बाद मिलेगी। इस कारण भी लोगों का खेती से मोह भंग हो रहा है और वह आजीविका के लिए शहर की ओर पलायन कर रहे हैं ।



रवींद्र त्रिपाठी

शिक्षक

शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। शहरों में उच्च स्तरीय अंग्रेजी माध्यम के स्कूल संचालित हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा का पूर्णतया अभाव है। शिक्षा से लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है, इसीलिए शिक्षित होने के लिए भी ग्रामीणों का शहर की ओर पलायन हो रहा है, क्योंकि धीरे-धीरे गांवों में भी लोग शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं और शिक्षा को विकास का जरूरी अंग भी समझ रहे हैं। फलस्वरुप पलायन बढ़ रहा है।

पलायन का तीसरा प्रमुख कारण चिकित्सीय सुविधा है। वर्तमान समय में भोजन की गुणवत्ता में काफी गिरावट आई है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से खाद्य अनाज काफी प्रदूषित हो गया है। प्रदूषित भोजन वायु एवं जल के सेवन से स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ा है, जिससे अब बीमारियां आम बात हो गई हैं। मधुमेह और रक्तचाप के रोगी आपको हर घर में मिल जाएंगे। इन रोगों का इलाज गांव में आसानी से उपलब्ध नहीं है, जबकि शहर में चिकित्सा की उन्नत सुविधा है। काफी लोग इन्हीं रोगों की बेहतर देखभाल के लिए शहर में घर बना रहे हैं, जिससे गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से हो रहा है।

अन्य बुनियादी सुविधाएं भी ग्रामीणों को शहर की ओर आकर्षित कर रही हैं। अच्छी सड़क, शुद्ध पेयजल एवं बिजली की सुविधा भी ग्रामीणों को शहर की ओर खींच रही हैं। गांवों में भी बिजली की सुविधा है, लेकिन उपलब्धता बहुत कम है। प्रायः ग्रामीण क्षेत्रों में शहर के मुकाबले विद्युत आपूर्ति कम मिलती है। बढ़ते तकनीकी युग में अब बिजली आवश्यक जरूरत बन गई है, इसिलिए भी पलायन हो रहा है। पलायन को रोकने में ग्रामीण रोजगार सृजन प्रमुख हो सकता है। इसके अतिरिक्त चिकित्सीय सुविधा एवं शिक्षा व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त करके हम गांवों से शहर की ओर हो रहे पलायन को रोक सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# पड़ोसी नेपाल के जनादेश पर भारत की नजर





नवीन गुप्ता

बरेली

भारत और नेपाल के बीच रोटी और बेटी का संबंध है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्ते बहुत अच्छे नहीं रहे। वहां की जनता तो भारत को बेहद प्यार करती है, लेकिन राजनीतिज्ञों के चीन के प्रति झुकाव से इन रिश्तों में कड़वाहट आई है। नेपाल में जेन जी आंदोलन के बाद हुए आम चुनाव में मतदाताओं ने बड़ा राजनीतिक बदलाव किया है। रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह (बालेन) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की सरकार नेपाल में बनेगी। बालेन इस सरकार के मुखिया होंगे, यह तय है, क्योंकि पार्टी ने उनके चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था।

अब सवाल यह है कि भारत विरोधी पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली को 50 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराने वाले बालेन का रुख भारत के प्रति कैसा रहता है। पूर्व में कुछ ऐसे कदम उन्होंने उठाए थे, जिससे यह कहा जा सकता है कि उनका नजरिया भारत के प्रति बहुत अच्छा नहीं रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री पद पर आने के बाद वे भारत को किस चश्मे से देखते हैं, यह देखना अहेम होगा।

नेपाल में बढ़ते भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं के पलायन से नाराज जेन जी ने पिछले साल बड़ा आंदोलन किया था। कहा जाता है कि अंदरखाने इस आंदोलन का नेतृत्व बालेन शाह ने किया था। युवाओं ने न सिर्फ संसद में तोड़फोड़ की थी, बल्कि प्रधानमंत्री आवास समेत तमाम मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों के आवास को भी आग के हवाले कर दिया था। मौके की नजाकत को भांपते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी ओली ने पद से त्यागपत्र दे दिया था और वहां पर आंतरिक सरकार का गठन किया गया था। केपी ओली का झुकाव चीन के प्रति सदैव रहा। उनके कार्यकाल में न सिर्फ सरकार में चीन का दखल बढ़ा, बल्कि चीन ने बड़े पैमाने पर निवेश किया। चीन के राजनयिक वहां की सरकार में पूरा हस्तेक्षप करते थे, यह सरकार के फैसलों में दिखता भी था।

> बालेन के नेपाल का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। उन्होंने कर्नाटक से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है। उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

यहां तक कि उनकी सरकार ने 100 रुपये के नोट में जो मानचित्र प्रकाशित किया था, उसमें भारत के उत्तराखंड राज्य के लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपना क्षेत्र बता दिया था। ओली सरकार के इस फैसले का भारत सरकार ने कड़ा विरोध भी किया था। नेपाल में परंपरा रही है कि शपथ के बाद प्रधानमंत्री सबसे पहले भारत का दौरा करते थे, लेकिन केपी ओली ने तो इस परंपरा को तोड़ते हुए पहली विदेश यात्रा में चीन गए थे और भारत के विरोध वाले प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को नेपाल से जोड़ने की पैरवी तक कर आए थे।

जब उनकी सरकार गिरी, तो उन्होंने भारत का नाम लिए बिना यही कहा था कि उनकी सरकार को गिराने में विदेशी ताकतों का हाथ है, हालांकि चुनाव के समय जनता का मूड वे भांप गए थे और भारत के साथ रिश्ते सुधारने की बात करने लगे थे, पर मतदाताओं ने उनकी नहीं सुनीं और बालेन शाह की पार्टी को सत्ता सौंपने का फैसला किया, हालांकि बालेन शाह ही प्रधानमंत्री होंगे अभी यह तय नहीं है, लेकिन उनके चेहरे पर ही आरएसपी ने चुनाव लड़ा है। ऐसे में उनकी ताजपोशी की प्रबल संभावना है।

बालेंद्र शाह उर्फ बालेन 2022 में काठमांडू के निर्दलीय मेयर चुने गए थे। जेन जी आंदोलन के दौरान युवाओं ने उनके समक्ष अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने कुशल राजनीतिज्ञ की तरह इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि वे चुनाव जीतकर सरकार चलाना चाहते हैं। जनवरी 2026 में वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए थे। यह पार्टी रवि लामिछाने द्वारा संचालित है।

काठमांडू से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले बालेन शाह ने भारत के कर्नाटक स्थित विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है, इसलिए कभी उनका भारत से काफी गहरा जुड़ाव रहा है, लेकिन उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो कि यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भी भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

काठमांडू का मेयर रहते हुए बालेन शाह ने अपने कार्यालय में 'ग्रेटर नेपाल' का मानचित्र लगाया था। इस मानचित्र में भारत के कुछ हिस्से को नेपाल का बताया गया था। इसका विरोध भी हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने बॉलीवुड फिल्म आदिपुरुष के एक डॉयलाग को लेकर नेपाल में हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगाने की चेतावनी भी दे दी थी। बालेन को अमेरिका का कट्टर समर्थक और चीन का विरोधी माना जाता है। ऐसे में उनके सत्ता में आने से चीन की चिंताएं भी बढ़ेंगी, क्योंकि चीन के निवेश का उन्होंने सदैव विरोध किया।

सत्ता संभालने के बाद भारत के प्रति उनका रुख क्या होगा, अभी इस संबंध में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। वैसे आरएसपी का नजरिया भारत के प्रति सकारात्मक रहा है। पार्टी नेतृत्व भारत के साथ संतुलित और समानता-आधारित संबंधों की वकालत करता है, जिससे नेपाल के अपने आर्थिक विकास और संप्रभुता को बल मिले। अब इस पार्टी से जुड़कर सत्ता में आने के बाद बालेन क्या कदम उठाते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

भारत सरकार ने नेपाल की मदद हर मौके पर की है। चाहे वह प्राकृतिक आपदा से जुड़ी रही हो या फिर किसी अन्य किसी घटना से। ऐसे में माना जा रहा है कि बालेन भी भारत के प्रति सकारात्मक रुख रखेंगे। वहां भारत के निवेश को बढ़ाने के साथ ही चीन के दखल को भी कम करेंगे। वैसे तो केपी ओली की सरकार में वहां पाकिस्तान की सक्रियता भी तेजी से बढ़ी थी। इससे भारत सरकार की चिंताएं बढ़ गईं थीं, लेकिन अब चीन के साथ ही पाकिस्तान की सक्रियता भी कम होगी। ऐसी उम्मीद है।

### आमने सामने



एक आदिवासी राष्ट्रपति का इस तरह अपमान करना लोकतंत्र और आदिवासी समुदाय के सशक्तीकरण में विश्वास रखने वालों को दुखी करता है। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इसकी गरिमा का सम्मान होना चाहिए।

–नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

पश्चिम बंगाल के खिलाफ कई केंद्रीय संस्थाएं और सत्ता प्रतिष्ठान एक साथ खड़े हो गए हैं। बंगाल के लोग मजबूती से डटे हुए हैं और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। जब पूरा सिस्टम बंगाल के खिलाफ खड़ा हो जाता है, तो बंगाल और मजबूत हो जाता है। आगे बढ़ो।

–अभिषेक बनर्जी
टीएमसी नेता



# ईरान पर हमला व गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों की भूमिका



नवेद शिकोह

वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका, इजराइल, ईरान और मिडिल ईस्ट में गरजती मिसाइलों की चीखों के बीच चंद शांति की अपीलें महज औपचारिकता तक सीमित हैं। गुटनिरपेक्ष राष्ट्र एकजुट होकर नियमों के विरुद्ध युद्ध को रुकवाने की सख्ती बरतें तो शायद दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की विध्वंसकारी खतरों की आशंकाओं से बच जाए। यूनाइटेड नेशन और शांति की पैरोकारी की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र संघ, जिनेवा समझौता कहां है? आसमान से बरसता बेलगाम बारूद का कहर रोकने वाला कोई शांति पसंद महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर या यासिर अराफात नजर नहीं आ रहा। शांति के नोबेल पुरस्कार पाने वाले भी खामोश हैं।

युद्ध के इस महा सीजन में दुनिया के देशों की गिरोहबंदी अभी पूरी तरफ से तय नहीं है। कौन कितना ताकतवर है? कौन किसके साथ है? कौन किसका साथ देने वाला है? सैन्य शक्ति में किसमें कितना दम है? किस देश का क्या सरकारी फरमान है? किसकी क्या विदेश नीति है? बहुत सारी बातें अभी खुल कर तय नहीं हो पाई हैं। ज्यादातर बयान गोल-मोल और अस्पष्ट हैं। विदेश नीतियों के पत्ते खुलकर सामने नहीं आ रहे। मानवता के आदर्शों, मूल्यों और सिद्धांतों को ताख पर रखकर ज्यादातर देशों की कूटनीति सी एंड वॉच पर अटकी है, लेकिन एक बात तय है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर दुनियाभर की आवाम में गुस्सा बढ़ रहा है। ट्रंप ज़माने भर के चौधरी क्यों बन जाते हैं, युद्ध और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के विरुद्ध दुनिया में अशांति फैलाने पर क्यों आमादा हैं?

> यूएन और शांति के पैरोकारों की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है।

ऐसे तमाम तर्कसंगत सवालों के साथ दुनियाभर की अवाम का क्रोध धीरे-धीरे मुखर होने लगा है। अमेरिका की दादागिरी को सातवें आसमान तक पहुंचाने वाले डोनाल्ड ट्रंप से अमेरिकन्स भी खासे नाराज दिखे रहे हैं। युद्ध से परहेज़ का वादा करके दूसरी बार सत्ता पाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति की तानाशाही नीतियों से अमेरिका पर बार-बार युद्ध थोपने से उनके देश के ही नागरिकों की बड़ी आबादी नाखुश है।

भारतीय अवाम पहले ही ट्रंप के ऊल-जलूल बयानों और फैसलों से क्रोधित है। आपरेशन सिंदूर में सीज फायर करवाने के दावे करने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति ने टैरिफ के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने की साज़िश की हो, या रूस से तेल न लेने का दबाव बनाया हो, पहलगाम हमले में भारतीय नागरिकों को आतंकी साजिशों से बेदर्दी से मारने वाले पाकिस्तान को महान और अपना दोस्त बताने वाले ट्रंप की हर हरकत नाकाबिले बर्दाश्त है। भारतीय नागरिकों को हथकड़ी-बेड़ी डालकर भारत वापस करने का अपमान हो, भारतीय जनता अमेरिका के राष्ट्रपति को लेकर आग बगूला है। महाशक्ति और वर्ल्ड पॉवर समझकर विश्व के अधिकांश देश भले ही अमेरिका के खिलाफ खुल कर सामने नहीं आ पा रहे हों, पर भारत सहित दुनिया की अवाम का रुख बता रहा है कि यदि शक्ति का दुरुपयोग ऐसे ही होता रहा, तो जनता जनार्दन की शक्ति महाशक्ति की शक्तियों को जीर्ण-शीर्ण कर देगी।

जनता के दबाव में दुनिया के राष्ट्रप्रमुखों को ट्रंप के खिलाफ एकजुट होना ही पड़ेगा। न सिर्फ दुनिया में बल्कि अमेरिका की जनता में भी अपने राष्ट्रपति के विरुद्ध आक्रोश दिखाई पड़ने लगा है। किसी राष्ट्र के राष्ट्रपति को घर में घुसकर उठा लाने से लेकर, किसी देश के सुप्रीम लीडर को घर में घुस कर मार देना, बच्चों के स्कूलों पर मिसाइलें और रिहायशी इलाकों में बम बरसाने की शुरुआत किसने की? युद्ध और मानवाधिकारों के विरुद्ध नरसंहार को नहीं रोका जा सका, तो ये बात स्वीकार लेना चाहिए कि दुनिया जंगल राज पर चल निकली है? यानी कोई किसी को भी चीरफाड़ कर अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सबको डरा सकता है। अपनी ताकत का विस्तार कर दुनिया को अपना गुलाम बनकार जंगल राज को वैधानिक बता सकता है।

युद्ध के भी कानून हैं। दुनिया नियमों-कानूनों से चलती है। बच्चियों के स्कूल पर मिसाइल दाग देना या बम बरसा देना युद्ध तो नहीं, ये अमानवीयता की पराकाष्ठा है, नरसंहार है। लोग कह रहे हैं कि एपस्टीन फाइल की चर्चाओं को इस युद्ध ने रोक दिया और एपस्टीन फाइल ने कई राष्ट्राध्यक्षों को अमेरिका के खिलाफ बोलने से रोक दिया, लेकिन एपस्टीन फाइल से युद्ध तक छोटी-छोटी बच्चियों के साथ जो हुआ, उसे व्यक्त करने के लिए अमानवीय, हृदयविदारक, महापाप... जैसे शब्द भी बौने हैं।

दुनिया की बड़ी संस्थाएं अमेरिका के विरुद्ध कोई सख्त कदम नहीं उठा रही हैं। इजरायल और अमेरिका का ईरान में रिजीम बदलने का प्रण तबाही का दायरा बढ़ाता जा रहा है। मिडिल ईस्ट के संपन्न खाड़ी देशों में अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। इजराइल की चर्चित खुफिया एजेंसी मोसाद यहां से भी ईरान की टोह लेती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## वो अभिनय नहीं, सच था

मीना कुमारी हिंदी सिनेमा की 'ट्रेजेडी क्वीन' कही जाती हैं। लोग कहते हैं कि वह पर्दे पर दुख बहुत अच्छी तरह निभाती थीं, लेकिन सच यह है कि वह दुख निभाती नहीं थीं, वह दुख जीती थीं। उनकी आंखों में जो नमी दिखती थी, वह अभिनय नहीं थी, वह उनकी जिंदगी का सच था।



संजय सिन्हा

वरिष्ठ पत्रकार

पचास के दशक का समय था। कमाल अमरोही उस समय एक स्थापित लेखक और निर्देशक थे। उसी दौर में उनकी मुलाकात एक बेहद कम उम्र की अभिनेत्री से हुई, जिसका नाम था मीना कुमारी। मीना उम्र में उनसे बहुत छोटी थीं, लेकिन प्रेम उम्र नहीं देखता। मुलाकातें बढ़ीं, भरोसा बना और दोनों ने निकाह कर लिया। शुरुआत में सब कुछ किसी फिल्मी कहानी की तरह लगता था, लेकिन जिंदगी फिल्मों की तरह नहीं होती। एक दिन किसी बात पर विवाद हुआ। कहा जाता है कि किसी फिल्म के मुहूर्त के दौरान मीना कुमारी के मेकअप रूम में किसी को आने देने को लेकर कुछ हुआ। इतना हुआ कि कमाल अमरोही ने अपने एक सहायक के हाथों अपनी ही पत्नी को पिटवा दिया। जिस स्त्री ने प्रेम में अपना सब कुछ सौंप दिया हो, उसके लिए इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता था। मीना कुमारी ने घर छोड़ दिया। रिश्ता टूट गया। तलाक हो गया।

कहानी यहीं खत्म नहीं हुई।

मीना कुमारी उस समय तेजी से उभरती हुई अभिनेत्री थीं। उनका नाम, उनकी शोहरत, उनकी पहचान सब बढ़ रही थी। कमाल अमरोही ने उन्हें फिर मनाने की कोशिश की। माफी मांगी, लेकिन बीच में एक धार्मिक दीवार खड़ी थी। तलाक के बाद दोबारा निकाह के लिए 'हलाला' की शर्त थी। कहा जाता है कि दुबारा पाने के लिए मीना कुमारी की शादी किसी और व्यक्ति से करवाई गई। फिर उस व्यक्ति से तलाक दिलवाया गया, ताकि बाद में कमाल अमरोही उनसे दोबारा निकाह कर सकें।

किसी के साथ इससे बड़ा अन्याय क्या हो सकता है? जिस आदमी पर उसने भरोसा किया, उसी ने उसे दूसरे के हवाले कर दिया। दुर्भाग्य अगर किसी के पीछे लग जाए, तो वह आसानी से पीछा नहीं छोड़ता। मीना कुमारी की जिंदगी में भी यही हुआ। कमाल अमरोही के साथ उनका रिश्ता हलाला और दुबारा निकाह के बाद भी स्थिर नहीं हो पाया। वह अकेली पड़ती गईं। अवसाद ने उन्हें घेर लिया। शराब उनकी साथी बन गई।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## पश्चिम एशिया के तनाव के बीच-ऊर्जा संकट की दस्तक

ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक तेल बाज़ार में गहरी चिंता पैदा कर दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। भारत के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे कुल तेल आयात का लगभग 50–52 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से आता है। यदि यह समुद्री मार्ग अवरुद्ध होता है, तो भारत पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है, हालांकि सरकार का कहना है कि देश के पास लगभग 6–7 सप्ताह का रणनीतिक तेल भंडार उपलब्ध है, जिससे कुछ समय तक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है। पेट्रोलियम मंत्रालय स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है।

भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। आज ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है और वर्तमान में बड़ी मात्रा में तेल मध्य-पूर्व से खरीदा जाता है। ऐसे में क्षेत्रीय संकट का सीधा असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों और आम नागरिकों की जेब पर पड़ना स्वाभाविक है। तेल की कीमतें पहले ही 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं। यदि यह वृद्धि जारी रहती है, तो महंगाई, चालू खाता घाटा और सरकारी व्यय पर दबाव बढ़ेगा। परिवहन, उर्वरक, हवाई यात्रा तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।



सुनील कुमार महला

लेखक

अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति और जटिल हो गई है तथा टकराव के नए मोर्चे खुल रहे हैं। अमेरिका और इज़राइल ने ईरान के तेहरान सहित कई शहरी क्षेत्रों पर हमले तेज कर दिए हैं, जबकि ईरान ने अमेरिकी सहयोगी खाड़ी देशों के ठिकानों को निशाना बनाना शुरू किया है। इज़रायली हमलों के कारण चार मार्च को तेहरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार को स्थगित करना पड़ा। वास्तव में, ईरान ने खाड़ी क्षेत्र के तेल प्रतिष्ठानों पर हमले तेज कर वैश्विक बाजार में हलचल मचा दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य को अवरुद्ध करने की कार्रवाई ने न केवल एशियाई देशों की चिंता बढ़ाई है, बल्कि विश्व व्यापार की धुरी को प्रभावित किया है।

भारत भी इससे अछूता नहीं है। बुधवार तक फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में भारतीय ध्वज वाले 37 जहाज फंसे हुए बताए गए हैं। इन पर 1100 से अधिक भारतीय नाविक सवार हैं। कुछ जहाज भारत के लिए कच्चा तेल और एलएनजी लेकर आ रहे थे, जबकि कुछ खाड़ी देशों में पेट्रोलियम उत्पाद लेने जा रहे थे। शेयर बाजार में 1123 अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जबकि डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के पार चला गया। यदि यह युद्ध लंबा खिंचता है, तो तेल की कीमतों में 13-15 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है और साथ ही साथ ब्रेंट क्रूड के दाम और ऊपर जा सकते हैं।

होर्मुज मार्ग बाधित होने के कारण जहाजों को अब केप ऑफ गुड होप के रास्ते से लाया जा रहा है, जिससे परिवहन में लगभग दो सप्ताह का अतिरिक्त समय और लगभग 40 प्रतिशत अधिक लागत लग सकती है। इसके परिणामस्वरूप भारत के निर्यात में 15 प्रतिशत तक गिरावट की आशंका जताई जा रही है। जानकारों का यह मानना है कि तेल कीमतों में संभावित तेजी से परिवहन एवं खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा और महंगाई दर 1-2 प्रतिशत तक ऊपर जा सकती है तथा इससे किराना और यात्रा खर्च में भी वृद्धि होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)

# गर्मियों में कपड़ों का सही चुनाव
# आराम और स्टाइल का कॉम्बिनेशन

गर्मियों की तपती धूप और उमस में कपड़ों का सही चुनाव केवल स्टाइल नहीं, बल्कि सेहत और आराम के लिए भी जरूरी है। इस मौसम में कॉटन और लिनन जैसे प्राकृतिक रेशों वाले कपड़े सबसे उपयुक्त होते हैं, क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। रंगों का चयन भी महत्वपूर्ण है, सफेद और हल्के रंग सूरज की किरणों को परावर्तित करते हैं, जिससे गर्मी कम लगती है। तंग कपड़ों के बजाय ढीले-ढाले डिजाइन चुनें ताकि हवा का संचार बना रहे। सही पहनावा चुनकर हम न केवल पसीने और घमौरियों से बच सकते हैं, बल्कि गर्मी के सफर को सुखद और सहज भी बना सकते हैं।



नूर हिना खान
लेखिका







## सही फैब्रिक का चयन करें

गर्मियों में सबसे महत्वपूर्ण है कपड़े का फैब्रिक। सूती (कॉटन) कपड़ा इस मौसम के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि यह पसीना सोखता है और शरीर को ठंडा रखता है। मलमल, लिनन और खादी भी अच्छे विकल्प हैं, क्योंकि ये हल्के और हवा पार होने वाले होते हैं। इसके विपरीत, पॉलिएस्टर या अन्य सिंथेटिक कपड़े गर्मी में असुविधा बढ़ा सकते हैं। ये पसीना रोकते हैं और त्वचा पर चिपकने लगते हैं। इसलिए दैनिक पहनावे में प्राकृतिक रेशों से बने कपड़ों को प्राथमिकता देना चाहिए।

## आरामदेह डिजाइन और फिटिंग

गर्मी के मौसम में ढीले और आरामदायक कपड़े पहनना चाहिए। बहुत टाइट कपड़े शरीर से चिपकते हैं और पसीना बढ़ाते हैं। ढीले कुर्ते, कॉटन शर्ट, प्लाजो, स्कर्ट या ढीली पैंट शरीर को हवा लगने देते हैं और आराम प्रदान करते हैं। महिलाओं के लिए सूती सलवार-सूट या कॉटन साड़ी उपयुक्त रहती है, जबकि पुरुषों के लिए हल्की शर्ट और कॉटन ट्राउजर या कुर्ता-पायजामा अच्छा विकल्प हो सकता है।

## सिंथेटिक और मोटे कपड़ों से बचें

गर्मियों में कॉटन, लिनन, मलमल और रेयॉन जैसे कपड़े सबसे अच्छे रहते हैं। ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। सिंथेटिक और बहुत मोटे कपड़ों से बचें, क्योंकि उनमें गर्मी ज्यादा लगती है।



## हल्के रंग पहनें

सफेद, क्रीम, हल्का गुलाबी, आसमानी, मिंट ग्रीन, लैवेंडर और पीले जैसे हल्के रंग गर्मियों में बहुत सुंदर लगते हैं। ये रंग धूप को कम आकर्षित करते हैं और आपको फ्रेश लुक देते हैं।

## ढीला और फ्लोई स्टाइल

बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचें। ढीले कुर्ते, ए-लाइन ड्रेस, कॉटन की फ्रॉक, प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ कुर्ती पहन सकती हैं। इससे आप आरामदायक और एलिगेंट दोनों दिखेंगी।

## सॉफ्ट और छोटे प्रिंट्स चुनें

छोटे फूलों वाले प्रिंट, हल्के ब्लॉक प्रिंट या मिनिमल डिजाइन गर्मियों में बहुत अच्छे लगते हैं। ज्यादा भारी और गहरे प्रिंट से बचें।

## मेकअप और एक्सेसरीज

गर्मियों में हल्का मेकअप रखें। छोटे ईयररिंग्स, हल्का दुपट्टा और आरामदायक सैंडल आपके लुक को और निखार देते हैं।

## घर के लिए कंफर्ट और फ्रेश लुक

- कॉटन का सिंपल सूट या कुर्ती + प्लाजो
- हल्के रंग जैसे सफेद, पीच, आसमानी या मिंट ग्रीन
- छोटे फ्लोरल या सॉफ्ट प्रिंट
- बिना भारी मेकअप, सिर्फ काजल और लिप बाम
- बालों की सिंपल चोटी या क्लच
- इससे आप आरामदायक भी रहेंगी और हमेशा फ्रेश दिखेंगी।

## ऑफिस और पढ़ाई के लिए स्मार्ट एलिगेंट लुक



- स्ट्रेट कट कॉटन कुर्ती + पैंट
- सॉलिड रंग जैसे हल्का ब्लू, लैवेंडर, बेज
- बहुत भारी प्रिंट से बचें
- हल्की घड़ी और छोटे ईयररिंग्स
- साफ–सुथरा जूड़ा या पोनीटेल

इससे पर्सनैलिटी प्रोफेशनल और क्लासी लगेगी।

## फंक्शन के लिए ग्रेसफुल आउटफिट

- शिफॉन या जॉर्जेट का हल्का सूट
- फ्लोई अनारकली स्टाइल
- पेस्टल शेड्स पर हल्का गोटा या थ्रेड वर्क
- हल्का हाईलाइटर + न्यूड लिपस्टिक
- स्टेटमेंट ईयररिंग्स

इसमें गर्मी में भी आप एलिगेंट और स्टाइलिश दिखेंगी।

ओटीटी

# सूबेदार 2026

सेना का एक सूबेदार (अनिल कपूर) जो सेना में देश रक्षा के कर्तव्यवश अपने परिवार की अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पाता है और यह अपराध बोध उसके मन पर छाया रहता है, जिसे वह किसी से भी बांट नहीं पाता, जब अपने गांव लौटता है, तो व्यवस्था के प्रति उसका क्रोध किस तरह फूटता है यह कहानी है सूबेदार की।

सूबेदार का अपराधबोध जन्य क्रोध उसे अपनी बेटी (राधिका मदान) से भी खुलने नहीं देता, जो दोनों के बीच एक अविश्वास को पैदा कर देता है। यह एक सब प्लॉट है सूबेदार का। एक दोस्त है सूबेदार का (सौरभ शुक्ला) जो हर हाल में साथ है, जो एक से हालात में रहने से पैदा हुई सहानुभूति को दर्शाता है और दूसरी तरफ व्यवस्था में भ्रष्टाचार (कोऑपरेटिव बैंक का माहौल) और गुंडागर्दी ( मोना सिंह, आदित्य रावल और फैसल मलिक) है, जिससे सूबेदार को निपटना है।

कुल मिलाकर सारे के सारे चरित्र अधकचरे हैं सिवाय सूबेदार के और वह भी फिल्म में खुद को जस्टिफाई करने में असफल है। लगता है कि निर्देशक और लेखक का एक मात्र उद्देश्य अनिल कपूर को एक्शन हीरो दिखाकर ओटीटी की दुनिया में जमाना और शायद वह उसमें सफल हुए हैं और इस चक्कर में सौरभ शुक्ला और मोना सिंह जैसे दो बहुत अच्छे एक्टर्स कुर्बान हो गए। दोनों को कुछ डायलॉग्स और सींस मिले हैं, पर दोनों करीब–करीब बेअसर। मोना सिंह कई बार सुरेखा सीकरी की याद दिलाती है, मुझे लगता है वह धीरे–धीरे लुक्स और डायलॉग डिलीवरी में उसके जैसी होती जा रही है, इसे प्रशंसा समझें पर सूबेदार में तो व्यर्थ हो गई हैं। राधिका मदान ने अच्छा रोल किया है, परंतु कमजोर लेखन और निर्देशन की गलतियों के कारण उसका चरित्र स्थापित ही नहीं हो पाता। खुशबू और नाना को दिखाने की आवश्यकता ही क्या थी? बाकी लोगों ने बेकार में खूब फुटेज खाया है।




निर्देशक बहुत समय तक फिल्म में अपने उद्देश्य को ही नहीं बता पाता। कुछ भी क्यों हो रहा है बस आप सोचते रहिए, बल्कि अंत तक कहानी के टुकड़े जोड़ना ही कठिन है। अंत ने तो उद्देश्य रहित लेखन की पोल ही खोल दी है।

सिर्फ अनिल कपूर हैं फिल्म में। ओढ़िये या बिछाइए। पार्श्व संगीत कहीं–कही प्रभावित करता है पर लाउड है। संवाद एकदम बेकार हैं। दृश्यंकन में कल्पना का अभाव है , आसमान में ऊंचे हवाई जहाज की परछाईं जमीन पर आपने देखी है? अगर अनिल और राधिका से आपका मन भरे, एक्शन आपको भाता हो, तो देखिए सूबेदार, कहानी तो बेदम है। सोचिए, क्या हमें फिल्मों में कबीर सिंह, एनिमल, गर्लफ्रेंड के नायकों के अतिचारी चरित्रों से बचना इतना कठिन होता जा रहा है कि कहानी के और कोमल अंगों पर ध्यान ही न दिया जा सके? क्या–क्या और बर्बाद कर के दम लेंगे हम?

*समीक्षक– ब्रज राज नारायण सक्सेना*

जिंदगी का सफर

# बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार



श्रीदेवी ने अपनी अदाओं और अभिनय की वजह से लोगों के दिलों में जगह बनाई। अभिनेत्री श्रीदेवी के काम की खासियत कड़ी मेहनत और हर चुनौती को पार करने की लगन थी। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया। श्रीदेवी को शुरुआत में हिंदी बिल्कुल नहीं आती थी। उन्होंने अपने करियर में हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में काम करके यह साबित किया कि अगर इच्छा शक्ति और मेहनत हो, तो कोई भी भाषा या बाधा आपके रास्ते में नहीं आ सकती। वह साउथ के बाद बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार कहलाईं।

श्रीदेवी का जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपट्टी में हुआ। उनके पिता का नाम अय्यपन और मां का नाम राजेश्वरी था। उनके पिता एक वकील थे। श्रीदेवी ने छह साल की उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू किया। उनका फिल्मी करियर दक्षिण भारतीय सिनेमा से शुरू हुआ। उन्होंने तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में काम किया और कई पुरस्कार भी जीते। उन्हें 1971 में मलयालम फिल्म 'मूवी पूमबत्ता' के लिए केरल स्टेट फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यही समय था, जब उन्होंने यह सीखा कि अभिनय केवल भाषा पर निर्भर नहीं करता, बल्कि भाव और मेहनत सबसे जरूरी हैं।



श्रीदेवी की बॉलीवुड में एंट्री 1979 में हुई। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'सोलहवां सावन' थी। हालांकि उन्हें असली पहचान फिल्म 'हिम्मतवाला' से मिली। इस फिल्म में उनके अभिनय और डांस की अद्भुत कला ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। उन्हें शुरुआत में हिंदी बोलने में कठिनाई होती थी। उन्होंने यह चुनौती पूरी लगन और अभ्यास से पार कर ली। उनके इस संघर्ष ने कई नए कलाकारों के लिए प्रेरणा का काम किया होगा।

श्रीदेवी ने अपने करियर में कई यादगार रोल निभाए। उन्होंने 'चालबाज' में डबल रोल किया, 'सदमा' और 'चांदनी' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग की तारीफ पूरे देश ने की। श्रीदेवी को कई पुरस्कार भी मिले। उन्हें 'चालबाज' और 'लम्हें' के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और साल 2013 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

श्रीदेवी ने करियर में लगभग 200 फिल्मों में काम किया, जिनमें हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्में शामिल हैं। वहीं उन्हें बॉलीवुड की पहली सुपरस्टार भी कहा जाता था। श्रीदेवी ने निजी जीवन को प्राथमिकता देने के लिए इंडस्ट्री से दूरी बनाने का कदम ऐसे वक्त पर उठाया, जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। ब्रेक के 15 साल बाद उन्होंने 'इंग्लिश विंग्लिश' जैसी फिल्म के साथ वापसी करने का फैसला लिया और वही निर्णय उनके जीवन के सबसे प्रेरक अध्यायों में से एक बन गया। 24 फरवरी 2018 को दुबई में उनका निधन हो गया। वह आज भले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके जीवन से मिली सीख और उनका संघर्ष हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।

# भारतीय सिनेमा के 'ऑर्सन वेल्स' गुरु दत्त

सिनेमा निर्माण के विभिन्न कलात्मक पक्षों में अपने प्रयोगधर्मी प्रयासों के लिए 'भारत के ऑर्सन वेल्स' कहे जाने वाले महान फिल्मकार गुरु दत्त का यह जन्मशती वर्ष है। यह केवल एक कैलेंडर का आंकड़ा नहीं है, बल्कि उस कालजयी सृजन का उत्सव है, जिसने भारतीय सिनेमा को विश्व पटल पर एक नई पहचान दी। आज पूरी दुनिया एक फिल्मकार के रूप में उनके योगदान के विभिन्न पक्षों की विवेचना कर रही है। उनकी दूरदृष्टि से अचंभित होकर लोग, उन्हें अपने समय से बहुत आगे का रचनाकार मान रहे हैं।



अभिषेक मिश्र
लेखक



**स्मृति के विविध रंग:** इस वर्ष उनकी स्मृति में उनके प्रशंसकों द्वारा वैश्विक स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उनकी फिल्मों का पुनर्प्रदर्शन, उनकी कृतियों पर आधारित फिल्म फेस्टिवल और कला दीर्घाओं में उनके कार्यों पर परिचर्चाएं यह सब उनके प्रति आज भी कायम दीवानगी का प्रमाण है। विशेष रूप से 'सारेगामा कारवां' के नए संस्करण में गुरु दत्त की फिल्मों के गानों पर एक पृथक खंड का शामिल किया जाना यह बताता है कि उनका संगीतबोध आज भी उतना ही प्रासंगिक है। दास्तानगोई जैसी पारंपरिक विधाओं के माध्यम से उनकी जीवन यात्रा को नए श्रोताओं तक पहुंचाया जा रहा है। शायद गुरु दत्त की आत्मा आज उस संतुष्टि का अनुभव कर पा रही हो, जो उन्हें जीते जी न मिल सकी।

**प्रारंभिक जीवन :** गुरु दत्त का जन्म 3 जुलाई 1925 को बेंगलुरु में एक मध्यमवर्गीय चितरपुर सारस्वत ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोणे था। उनके व्यक्तित्व के निर्माण में उनके माता-पिता की शैक्षणिक और साहित्यिक पृष्ठभूमि का गहरा प्रभाव था। उनके पिता श्री शिवशंकर राव पादुकोणे एक साहित्य प्रेमी प्रधानाध्यापक थे, जो अंग्रेजी में कविताएं लिखते थे। उनकी मां वसंती पादुकोणे भी लघुकथाएं लिखती थीं और बांग्ला उपन्यासों का कन्नड़ में अनुवाद करती थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति और पिता के अंतर्मुखी स्वभाव ने गुरु दत्त को भी एकांतप्रिय बना दिया। जब उनका परिवार कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) स्थानांतरित हुआ, तो वहां के सांस्कृतिक परिवेश ने उनके भीतर के कलाकार को अंकुरित होने का अवसर दिया। यहीं से वसंत कुमार 'गुरु दत्त' बनने की दिशा में अग्रसर हुए।

**कला का प्रवेश:** गुरु दत्त की फिल्मों की सिनेमैटोग्राफी में प्रकाश और छाया (Chiaroscuro) का जो जादुई मेल दिखता है, उसके बीज उनके बचपन में ही पड़ गए थे। उनकी दादी शाम की आरती के लिए जो दिया जलाती थीं, उसकी रोशनी में वे अपनी उंगलियों से दीवार पर छाया आकृतियां बनाया करते थे। दीये का यह खेल उनके जीवन का रूपक बन गया, जैसे एक दिया खुद को जलाकर रोशनी फैलाता है, गुरु दत्त ने भी अपने भीतर के संघर्ष की आग से सिनेमा को रोशन किया।

नृत्य के प्रति उनके लगाव ने उन्हें सुप्रसिद्ध नर्तक उदयशंकर के अल्मोड़ा स्थित 'इंडियन कल्चरल सेंटर' तक पहुंचाया। पांच साल की नृत्य शिक्षा ने उन्हें दृश्य की लय और फ्रेमिंग की अद्भुत समझ दी। यहीं से उनका सफर प्रभात स्टूडियो पहुंचा, जहां उनकी मुलाकात दो अनमोल मित्रों रहमान और देव आनंद से हुई।

## निर्देशन और अभिनय का द्वंद्व

- **फिल्मकार :** गुरु दत्त मूलत: एक ऐसे फिल्मकार थे, जिनके दिमाग में पूरा दृश्य पहले से ही तैयार रहता था, लेकिन वे उसे शब्दों में व्यक्त करने में अक्सर असहज रहते थे। उनकी यह खामोशी अक्सर सेट पर उनके साथियों के लिए पहेली बन जाती थी। यह दिलचस्प है कि अपनी उत्कृष्ट फिल्म 'प्यासा' के लिए वे पहले दिलीप कुमार के पास गए थे, लेकिन जब बात नहीं बनी, तो उन्होंने स्वयं 'विजय' का किरदार निभाया और अभिनय की ऐसी मिसाल पेश की जिसे आज भी मील का पत्थर माना जाता है। कैमरे के प्रति उनकी शुरुआती हिचकिचाहट उनकी फिल्मों 'बाजी' और 'जाल' में छोटी उपस्थिति के रूप में देखी जा सकती है।
- **सिनेमा :** गुरु दत्त की फिल्में उनके निजी जीवन और सामाजिक सरोकारों का प्रतिबिंब थीं। 'प्यासा' के माध्यम से उन्होंने एक ऐसे कलाकार की व्यथा दिखाई, जिसे समाज उसकी मृत्यु के बाद पूजता है। वहीं 'कागज के फूल' भारतीय सिनेमा की पहली 'सिनेमास्कोप' फिल्म थी, जो एक निर्देशक के पतन और अकेलेपन की मार्मिक गाथा थी। यह फिल्म उनके लिए इतनी व्यक्तिगत थी कि जब यह बॉक्स ऑफिस पर असफल हुई, तो उन्होंने इसे अपनी व्यक्तिगत हार मान लिया। उनकी अंतिम निर्देशित फिल्म की असफलता ने उनके आत्मविश्वास को इस कदर झकझोरा कि उन्होंने फिर कभी किसी फिल्म को आधिकारिक रूप से निर्देशित नहीं किया। 'साहब, बीवी और गुलाम' और 'चौदहवीं का चांद' में वे पर्दे पर तो दिखे, लेकिन निर्देशन की कमान दूसरों के हाथों में रही।
- **मानसिक स्वास्थ्य :** गुरु दत्त का जीवन केवल कला की गाथा नहीं है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और अवसाद के साथ एक लंबी जद्दोजहद की कहानी भी है। आज जब हम मानसिक स्वास्थ्य पर बात करते हैं, तब गुरु दत्त का अस्तित्व इस विषय पर चर्चा के एक प्रतीक के रूप में उभरता है। वे अक्सर अपने मित्रों से कहते थे, 'पैसा है, शोहरत है, सब कुछ है, पर कुछ भी नहीं रहा।'
- **अंतिम शॉट व विरासत :** 10 अक्टूबर 1964 की सुबह सिनेमा के लिए एक काला अध्याय लेकर आई। 39 वर्ष की अल्पायु में गुरु दत्त ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी मृत्यु के दृश्य का वर्णन भी किसी फिल्म के 'क्लाइमेक्स' जैसा प्रतीत होता है कुर्ता–पाजामा पहने, हाथ में एक अधूरी किताब और चेहरे पर एक गहरी विचार मुद्रा।

## ईवी स्टार्टअप की भागीदारी बढ़ाने को मानदंडों में ढील की जरूरत

**नयी दिल्ली।** यूलर मोटर्स के संस्थापक और सीईओ सौरव कुमार ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टार्टअप को लाभ पहुंचाने और देश की हरित गतिशीलता यात्रा में योगदान देने के लिए भारत की ऑटोमोबाइल पीएलआई योजना के मानदंडों में ढील देने की जरूरत है। कुमार ने एक साक्षात्कार में कहा कि ऑटो क्षेत्र के लिए पीएलआई में निर्धारित राजस्व और निवेश की उच्च सीमा का मतलब है कि यूलर मोटर्स जैसी कंपनी इस योजना में भाग नहीं ले पाई है।



### बिजनेस ब्रीफ

## पांच से 15 प्रतिशत बढ़ रहीं एसी की कीमतें

**नयी दिल्ली।** कमरे को ठंडा रखने वाले एयर कंडीशनर बनाने वाली प्रमुख कंपनियां कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्चों में निरंतर वृद्धि की भरपाई के लिए कीमतों में 5–15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर रही हैं। फरवरी से अप्रैल के बीच लागू की जा रही यह बढ़ोतरी ठीक उस समय हो रही है, जब गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ एयर कंडीशनर (एसी) की मांग बढ़ने वाली है। डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज सहित प्रमुख कंपनियों ने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है।

## फूड डिलीवरी में दिसंबर तिमाही में हुई वृद्धि

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर भोजन पहुंचने वाली भारत की शीर्ष तीन कंपनियों – स्विगी, मैजिकपिन और जोमैटो ने अक्टूबर–दिसंबर तिमाही में वृद्धि की रफ्तार फिर से हासिल कर ली है। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि त्योहारी मांग, किफायती पेशकशों और बढ़ते उपयोगकर्ता आधार के चलते ऑर्डर की संख्या में जबरदस्त उछाल देखा गया है। विपणन, उत्पाद नवाचार और मूल्य आधारित प्रस्तावों में लगातार निवेश के साथ, इस क्षेत्र को आने वाली तिमाहियों में भी वृद्धि की गति बरकरार रहने की उम्मीद है।

## जैक्वार का 1700 करोड़ राजस्व का लक्ष्य

**नयी दिल्ली।** बाथरूम और लाइटिंग समाधान मुहैया कराने वाले जैक्वार समूह ने अगले तीन वर्षों में लाइटिंग व्यवसाय के राजस्व को 1,700 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी के पोर्टफोलियो में एलईडी, व्यायसायिक, आउटडोर और फसाड लाइटिंग के अलावा बल्ब और ट्यूब लाइट जैसे उपभोक्ता प्रकाश उत्पाद शामिल है। जैक्वार समूह के निदेशक (प्रकाश उत्पाद) रणबीर मेहरा ने लाइटिंग व्यवसाय की वृद्धि संभावनाओं पर पीटीआई–भाषा के एक सवाल के जवाब में कह कि अगले तीन वर्षों में हमारा लक्ष्य लाइटिंग व्यवसाय के राजस्व को 1,600 करोड़ रुपये से 1,700 करोड़ रुपये तक ले जाना है।

### नवरात्र की तैयारी



प्रयागराज के पास लालगोपालगंज गांव में एक कारीगर सनातन हिंदू रीति–रिवाजों में इस्तेमाल होने वाले पवित्र नारंगी–पीले धागे कलावा को रंग रहा है। आने वाले नवरात्रि त्योहार के लिए कारीगर ऑर्डर तैयार कर रहे हैं। बासंतिक नवरात्र इसी माह हैं।

# कच्चे तेल की कीमतें तय करेंगी शेयर बाजार की चाल

## विश्लेषक बोले-विदेशी निवेशकों का रुख और वैश्विक बाजार के रुझान करेंगे प्रभावित

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा, वैश्विक बाजार के रुझान और विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा- इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की दिशा को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बाहरी कारक बने रहेंगे। इसके साथ ही, कुछ प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़े भी जारी होंगे, जो निकट भविष्य की धारणा को आकार दे सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर निवेशक 12 मार्च को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे।' वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 8.52 प्रतिशत उछलकर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।



ऑनलाइन कारोबार और संपत्ति फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि आने वाला सप्ताह अस्थिर रहने की संभावना है, क्योंकि बाजार की धारणा काफी हद तक पश्चिम एशिया में लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव से प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि निवेशक वैश्विक घटनाक्रमों, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों पर नजर रखेंगे क्योंकि ऊर्जा बाजार जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजय कुमार ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर अनिश्चितता, बाजार में लगातार गिरावट, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के प्रति भारतीय अर्थव्यवस्था की संवेदनशीलता और रुपये की तेज गिरावट ने एफआईआई की बिकवाली को बढ़ाया।

### इस्पात पर पड़ेगा पश्चिम एशिया तनाव का असर

**नयी दिल्ली।** बिगमिंट रिसर्च के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण ईंधन की लागत बढ़ रही है, जिससे भारत सहित वैश्विक इस्पात उद्योग को आने वाले दिनों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बिगमिंट के विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल, एलएनजी और माल ढुलाई लागत में एक साथ बढ़ोत्तरी हो रही है, जिससे लागत का दबाव सीधे इस्पात और इस्पात से संबंधित जिंस बाजारों पर पड़ रहा है।

# कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए भारत ने खोजे वैकल्पिक स्रोत

## रिफाइनरियों ने मरम्मत बंदी को टाला, संघर्ष क्षेत्र से बाहर क्षेत्रों से ले रहे अधिक आपूर्ति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे।

बता दें कि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। फरवरी में इस आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा ''होर्मुज जलडमरूमध्य'' से होकर आया था, जो ईरान और ओमान के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण



इस रणनीतिक मार्ग से टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया कि हम उन क्षेत्रों से अधिक आपूर्ति ले रहे हैं जो संघर्ष क्षेत्र से बाहर हैं। वर्ष 2025 में गैर-होर्मुज स्रोतों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 70 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिफाइनरियां अब पश्चिम अफ्रीका, लातिन अमेरिका और अमेरिका से तेल ले रही हैं। साथ ही, अमेरिकी ट्रेजरी (वित्त) विभाग द्वारा रूसी तेल की बिक्री और वितरण के लिए दी गई 30 दिनों की छूट ने एक नया रास्ता खोल दिया है।

इस छूट के तहत पांच मार्च तक जहाजों पर लदे रूसी तेल को पांच अप्रैल तक बिना प्रतिबंधों के भारत

- **28 फरवरी के बाद 70 से बढ़कर 92 डॉलर प्रति बैरल के पार हुईं कच्चे तेल की कीमतें**

पहुंचने की अनुमति दी गयी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी कंपनियों ने रूसी तेल की खरीद फिर से शुरू कर दी है। मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि भारत की स्थिति मजबूत है और वर्तमान भंडार देश की 50 दिनों की मांग को पूरा करने को पर्याप्त है।

उन्होंने कहा कि भारत के पास वर्तमान में लगभग 14.4 करोड़ बैरल कच्चा तेल भंडारण में है और महत्वपूर्ण बात यह है कि तेल की इस आपूर्ति की निरंतर भरपाई की जा रही है।

मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार, देश के पास इसके अलावा सामरिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) और सरकारी तेल कंपनियों के पास मौजूद स्टॉक को मिलाकर कुल क्षमता लगभग 74 दिनों के शुद्ध आयात के बराबर है।

विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित होने के बावजूद कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अधिक माल भाड़े और बीमा प्रीमियम के कारण आयात बिल बढ़ सकता है।

28 फरवरी के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर से बढ़कर 92 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की कीमतें भी दोगुनी से अधिक बढ़कर 24-25 डॉलर प्रति दस लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट तक पहुंच गई हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है और अपनी कुल जरूरतों का लगभग आधा हिस्सा पश्चिम एशिया से प्राप्त करता है।

## पश्चिम एशिया संकट: एफपीआई ने निकाले 21,000 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी निवेशकों ने पश्चिम एशिया संकट के बीच पिछले चार कारोबारी सत्रों के दौरान भारतीय इक्विटी से 21,000 करोड़ रुपये निकाले हैं।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा फरवरी में भारतीय इक्विटी में 22,615 करोड़ रुपये के निवेश के बाद यह ताजा बिकवाली हुई है। फरवरी का निवेश पिछले 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक लिवाली थी। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन महीनों तक शुद्ध विक्रेता रहे थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार उन्होंने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। ताजा निकासी 2-6 मार्च के दौरान हुई, जब एफपीआई ने 'कैश मार्केट' में लगभग 21,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। उल्लेखनीय है कि तीन मार्च को होली के उपलक्ष्य में बाजार बंद थे।

बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को बताया है। एंजेल वन के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक वकार जावेद खान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के डर ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा दिया।

# एसएपी ने रोकीं सॉफ्टवेयर सेवाएं, नायरा की याचिका पर सुनवाई 16 को

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय अगले सप्ताह जर्मनी की सॉफ्टवेयर कंपनी एसएपी की भारतीय इकाई के खिलाफ नायरा एनर्जी की याचिका पर सुनवाई करेगा। एसएपी ने नायरा के परिचालन के लिए महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर सेवाओं को निलंबित कर दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार पिछले साल सितंबर में एसएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रतिबंधों का हवाला देते हुए सेवाएं निलंबित करने के बाद नायरा एनर्जी ने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था।

अदालत ने इस मामले में पहले तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन अब 16 मार्च को इस याचिका पर सुनवाई करने वाली है। यूरोपीय संघ ने पिछले साल रूस के साथ संबंधों के चलते नायरा पर प्रतिबंध लगाए थे। नायरा एनर्जी ने अदालत के सामने तर्क दिया कि उसका समझौता एसएपी इंडिया के साथ है, जो एक भारतीय इकाई है, और इसलिए यह ईयू के प्रतिबंधों के

- **नायरा के रूस के साथ संबंधों के चलते एसएपी ने निलंबित की साफ्टवेयर सेवाएं**

अधीन नहीं है। हालांकि, एसएपी इंडिया का तर्क है कि उसकी मूल कंपनी जर्मनी में स्थित है और वह उनके सहयोग के बिना अपनी सेवाएं प्रदान नहीं कर सकती है।

नायरा ने तर्क दिया कि ऐसा करने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा है, क्योंकि कंपनी भारत के पेट्रोलियम के एक महत्वपूर्ण हिस्से का उत्पादन करती है। कंपनी का कहना है कि इस तरह का कदम भारतीय कंपनियों और उनके परिचालन को विदेशी संस्थाओं द्वारा कानून की व्याख्या और उनके अनुप्रयोगों के भरोसे छोड़ देता है। नायरा की याचिका में एसएपी के इस कदम को 'जरूरी सेवाओं का अचानक, एकतरफा और अवैध निलंबन बताया गया है।' याचिका में कहा गया कि एसएपी का सॉफ्टवेयर पिछले 18 वर्षों से नायरा के हर परिचालन के साथ पूरी तरह से जुड़ा है और कंपनी किसी अन्य विकल्प को नहीं अपना सकती है।

# उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त, पश्चिम एशिया संघर्ष बढ़ा तो समस्या संभव

**कोच्चि (केरल), एजेंसी**

भारत में इस समय उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचा तो समस्या पैदा हो सकती हैं। दक्षिण भारतीय राज्यों को उर्वरकों की आपूर्ति करने वाली सबसे बड़ी कंपनी फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (एफएसीटी) के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एफएसीटी रॉक फॉस्फेट और फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माल के लिए पश्चिम एशिया के कई देशों पर निर्भर है, जिन्हें समुद्री मार्ग से लाया जाता है।

विश्लेषकों के अनुसार, लंबे समय तक चलने वाला संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। कोच्चि स्थित एफएसीटी के प्रबंध निदेशक एस शक्तिमणि ने एजेंसी से कहा कि हमारे पास पर्याप्त यूरिया उपलब्ध है। हमें उम्मीद है कि युद्ध की स्थिति शायद एक महीने के भीतर सुलझ जाएगी। हमारे पास खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त यूरिया है और हमें कोई समस्या नहीं होगी। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि अगर मौजूदा स्थिति अगले छह महीनों तक जारी रहती है, तो समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। यह अगले रबी फसल सत्र में दिक्कतें पैदा कर सकता है और इससे निपटने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं।

शक्तिमणि ने कहा कि एफएसीटी जैसी कंपनियां न केवल पश्चिम एशिया से बल्कि ऑस्ट्रेलिया से भी गैस प्राप्त करती हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल उस क्षेत्र में गैस पाइपलाइन के साथ कोई समस्या नहीं है। कुछ स्थानों पर अस्थिरता है, लेकिन वह उर्वरक क्षेत्र के लिए समस्या नहीं है। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार ने विभिन्न कंपनियों से डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और डबल सुपर फॉस्फेट (डीएसपी) का भंडार हासिल कर लिया है, जिससे कोई परेशानी नहीं होगी।

## डब्ल्यूटीओ बैठक में होगी ई-कॉमर्स कर स्थगन, सुधारों पर चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कैमरून के याउंडे में 26 से 29 मार्च तक होने वाली विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की चार दिवसीय मंत्रिस्तरीय बैठक में 166 देशों के व्यापार मंत्री डब्ल्यूटीओ सुधारों, कृषि संबंधी मामलों, विवाद निपटान और ई-कॉमर्स कर स्थगन जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि मत्स्य पालन सब्सिडी, चीन के नेतृत्व वाला 'विकास के लिए निवेश सुविधा' समझौता, ई-कॉमर्स कार्य से जुड़ा कार्यक्रम और कर स्थगन, विकास एवं एसएंडडीटी और समान अवसर जैसे मुद्दे भी संगठन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दौरान चर्चा में शामिल हो सकते हैं।

# सोने में बना रह सकता है उतार-चढ़ाव

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से बढ़ेंगी सोने की कीमतें, तनाव कम होने पर भारी बिकवाली

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सोने की कीमतों में अगले सप्ताह भी उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों और घरेलू बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख वृहत आर्थिक आंकड़ों पर नजर होगी।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रमों पर नजर बनी रहेगी। तनाव बढ़ने से सोने की कीमतों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, लेकिन तनाव कम



होने के संकेत मिलने पर भारी बिकवाली हो सकती है।

मेर ने कहा कि चांदी में अभी सीमित दायरे में घट-बढ़ हो रही है। लेकिन इसमें भारी अस्थिरता देखी जा रही है। इसका कारण सोने और तांबा तथा जस्ता जैसी औद्योगिक धातुओं में सीमित दायरे में घट-बढ़ के कारण इसके लाभ सीमित हैं। पिछले सप्ताह घरेलू बाजार में सर्राफा वायदा में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी 14,359 रुपये यानी 5.08 प्रतिशत टूटी, जबकि सोना 470 रुपये यानी 0.3 प्रतिशत फिसला।

एंजल वन के गैर-कृषि जिंस और मुद्रा विभाग के शोध मामलों के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट प्रथमेश एम ने कहा कि पिछले सप्ताह सोने की कीमत 1.59 लाख से 1.70 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में रही। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तनाव, एशियाई मांग, केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीद, अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का उच्च प्रतिफल और डॉलर की मजबूती सर्राफा बाजार में कीमतों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने हुए हैं।

मेर ने कहा कि अमेरिकी डॉलर, फ्रैंक और बॉन्ड जैसे वैकल्पिक सुरक्षित निवेश विकल्पों की बढ़ती मांग के बीच सोना साप्ताहिक आधार पर नकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ है। हालांकि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण गिरावट सीमित बनी हुई है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**अब ध्यान केवल भागीदारी बढ़ाने से हटकर निरंतर नेतृत्व और जवाबदेही पर होना चाहिए**

# प्रौद्योगिकी में बढ़ा आत्मविश्वास, नेतृत्व में अब भी बाधाएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

युवा महिलाएं कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे उभरते क्षेत्रों को आकार देने के लिए अभूतपूर्व आत्मविश्वास के साथ प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं, लेकिन उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं तक पहुंचाने के लिए कॉरपोरेट भारत को कार्यस्थल प्रणालियों को तत्काल फिर से डिजाइन करना चाहिए। देश की शीर्ष महिला अधिकारियों ने यह बात कही। उन्होंने मध्यम स्तर पर महिलाओं के करियर को खत्म होने से रोकने की जरूरत पर भी जोर दिया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय प्रौद्योगिकी और कॉरपोरेट जगत की दिग्गज महिलाओं के बीच एक आम सहमति बनी है कि अब ध्यान केवल भागीदारी बढ़ाने से हटकर निरंतर नेतृत्व और जवाबदेही पर होना



- **नया नियम लिख रही हैं महिलाएं-सेल्सफोर्स (साउथ एशिया) सीईओ**
- **नवाचार का नेतृत्व कर रही हैं महिलाएं: सिंधु गंगाधरन**
- **नेतृत्व में हिस्सेदारी बढ़नी चाहिए -विप्रो की सीटीओ संध्या अरुण**

चाहिए। सेल्सफोर्स साउथ एशिया की सीईओ अरुंधति भट्टाचार्य ने कहा कि वे (महिलाएं) नया नियम लिख रही हैं। वे न केवल मौजूदा ढांचे में सफल हो रही हैं, बल्कि मौलिक रूप से बदल रही हैं कि प्रौद्योगिकी नेतृत्व कैसा दिखना चाहिए।' उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी अधिक शिक्षित, विश्व स्तर पर जुड़ी हुई और पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वासी है।

एसएपी लैब्स इंडिया की प्रबंध निदेशक और नैसकॉम की चेयरपर्सन सिंधु गंगाधरन ने कहा कि युवा महिलाएं एआई, डेटा साइंस और इंजीनियरिंग में सक्रिय रूप से उत्पाद बना रही हैं और नवाचार का नेतृत्व कर रही हैं। उन्हें भरोसा है कि आने वाला दशक बिना किसी भेदभाव के महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिए परिवर्तनकारी होगा। टेक महिंद्रा की सीआईओ पल्लवी कटियार ने कहा कि युवा महिलाओं का यह नजरिया कि नेतृत्व एक स्वाभाविक प्रगति है, बदलाव के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक साबित होगा। महिलाओं के लिए प्रवेश स्तर पर मजबूत संख्या के बावजूद शीर्ष पदों तक की यात्रा अभी भी कई बाधाओं से भरी है।

एपी मोलर-मेर्सक की वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेशम साही ने कहा, 'भारत के प्रौद्योगिकी कार्यबल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग एक-तिहाई है, कार्यकारी भूमिकाओं में यह घटकर केवल सात प्रतिशत और निदेशक स्तर पर लगभग 13 प्रतिशत रह जाता है।' अब चुनौती कार्यबल में प्रवेश की नहीं, बल्कि नेतृत्व तक निरंतर प्रगति की है।

विप्रो की मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) संध्या अरुण ने नेतृत्व में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अधिक जवाबदेही की वकालत की। कहा-जब नेतृत्व के रास्ते पारदर्शी होंगे और परिणामों को मापा जाएगा, तभी समावेशिता वास्तविक होगी।

## 2,81,582 करोड़ रुपये घटा शीर्ष 8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण

**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में से शामिल आठ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 2,81,582 करोड़ रुपये घट गया जबकि अन्य दो का 18,209 करोड़ रुपये बढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक को बाजार पूंजीकरण में सबसे अधिक 53,953 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। साथ ही निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को 46,937 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक को 46,552 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

अभियांत्रिकी एवं विनिर्माण क्षेत्र की कंपनी एलएंडटी का एमकैप 45,629 करोड़ रुपये कम हुआ। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी बजाज फाइनेंस का एमकैप 28,935 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का 28,492 करोड़ रुपये घट गया।

# एसईजेड नीति में बड़े सुधारों को बनी 17 सदस्यीय समिति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) नीति में व्यापक सुधारों के बारे में सुझाव देने के लिए एक 17 सदस्यीय समिति का गठन किया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह समिति 'एसईजेड 2.0' नीति तैयार करने के लिए एक रिपोर्ट सौंपेगी, जिसमें व्यापक और समावेशी सुधारों की रूपरेखा सुझाई जाएगी।

समिति मौजूदा विभिन्न निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं के समन्वय और एकीकरण पर केंद्रित एक अध्ययन करेगी। इसमें एसईजेड, निर्यात उन्मुख इकाइयां (ईओयू), गोदामों में विनिर्माण और अन्य परिचालन (एमओओडब्ल्यूआर), अग्रिम मंजूरी, पूंजीगत वस्तुओं के लिए निर्यात प्रोत्साहन (ईपीसीजी) और शुल्क मुक्त आयात मंजूरी (डीएफआईए) जैसी योजनाएं शामिल हैं। समिति में वाणिज्य विभाग, सीमा शुल्क, नीति आयोग,



- **एसईजेड 2.0 नीति बनाने को समावेशी सुधारों की रूपरेखा बनाकर रिपोर्ट सौंपेगी समिति**

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति के कार्यक्षेत्र (टीओआर) में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) अधिनियम, 2005 की समीक्षा करना शामिल है। इसका उद्देश्य वर्तमान वैश्विक व्यापार, निवेश वातावरण और वृहत आर्थिक परिदृश्य में इस अधिनियम की प्रभावशीलता का आकलन करना है।

# नेपाल: जेन जी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा की जांच पूरी, सरकार को रिपोर्ट सौंपी

काठमांडू, एजेंसी



- तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को ठहराया दोषी
- प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के जिम्मेदारों के नाम का खुलासा नहीं

नेपाल में पिछले साल सितंबर में जेन जी के प्रदर्शनों के दौरान हुई हत्याओं, आगजनी और तोड़फोड़ की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय आयोग ने रविवार को अपनी रिपोर्ट अंतरिम सरकार को सौंप दी। रिपोर्ट में तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को दोषी ठहराया गया है।

सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को जांच रिपोर्ट सौंपी गई, हालांकि आयोग प्रमुख और सरकार दोनों ने ही जेन जी के प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम और अन्य संबंधित मुद्दों का खुलासा नहीं किया। दो दिवसीय इस प्रदर्शन के दौरान कुल 76 लोग मारे गए थे, जिनमें आठ सितंबर को 22 युवक और अगले दिन 54 लोगों की मौत हुई थी। सुशीला कार्की के अंतरिम प्रधानमंत्री बनने के एक सप्ताह बाद 21 सितंबर को जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया।

आयोग के अध्यक्ष गौरी बहादुर कार्की ने कहा कि यह घटना मुख्य रूप से तत्कालीन सरकार के कुशासन और अक्षमता के कारण घटी। उन्होंने कहा कि नौकरशाही और न्यायिक निकायों सहित सरकारी संस्थानों के राजनीतिकरण से लोग हताश थे। आयोग के अध्यक्ष कार्की ने रिपोर्ट सौंपने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, जेन जी के प्रदर्शन के दौरान युवाओं पर गोली चलाने और आदेश जारी करने वालों के साथ-साथ हत्याओं को रोकने के लिए कार्रवाई न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

## संवैधानिक व्यवस्था में गंभीर व अक्षम्य प्रोटोकॉल का उल्लंघन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान राज्य सरकार पर प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इनके मुताबिक मुर्मू के आगमन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मुख्य सचिव या डीजीपी में से कोई भी अगवानी के लिए मौजूद नहीं था। यही नहीं, कार्यक्रम का स्थान अंतिम समय पर बदल दिया गया। यह भी आरोप है कि राष्ट्रपति के लिए बने वॉशरूम में पानी नहीं था और उनके मार्ग में कचरा फैला हुआ था। केंद्र सरकार ने इसे अभूतपूर्व अपमान करार देते हुए राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। भारत में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल ब्लू बुक नामक एक गोपनीय दस्तावेज द्वारा निर्धारित किया जाता है जो उनकी यात्रा और कार्यक्रमों के लिए कड़े नियम तय करता है। देश में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के उल्लंघन पहले भी हुए हैं और उन पर कड़े कदम भी उठाए गए हैं।



### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल

- राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री किसी राज्य के दौरे पर जाते हैं तो राज्यपाल और मुख्यमंत्री को उनकी अगवानी और विदाई के लिए मौजूद होना चाहिए। मुख्यमंत्री अपनी जगह किसी वरिष्ठ मंत्री को नामित कर सकते हैं।
- भारत में राष्ट्रपति प्रथम नागरिक और सर्वोच्च संवैधानिक पद पर होते हैं, प्रधानमंत्री कार्यकारी प्रमुख होते हैं। किसी भी कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था और संबोधन इसी वरीयता क्रम के अनुसार होता है।
- प्रधानमंत्री की सुरक्षा एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) की ओर से संभाली जाती है। उनके भोजन की जांच मेटल डिटेक्टर से होती है और उनके रसोइयों की जानकारी भी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।
- राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रमों के स्थान, मार्ग और अतिथियों की सूची पहले से तय होती है और इसमें अंतिम समय पर कोई भी बदलाव प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन माना जाता है।

### उल्लंघन कितना गंभीर

- इसे केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय का अपमान माना जाता है।
- प्रोटोकॉल में किसी भी प्रकार का विचलन वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।
- पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति को केंद्र ने शर्मनाक करार दिया है।

### पहले भी घटनाएं

- पंजाब में रास्ता रोके जाने के कारण मोदी का काफिला फ्लाईओवर पर फंसा रहा।
- वर्ष 2018 में पुरी के जगन्नाथ मंदिर गए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ दुर्व्यवहार।

### क्या कदम उठा सकता है केंद्र

- केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य सरकार के मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांग सकता है। ताजा मामले में बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब मांगा गया।
- कोई अधिकारी चूक करता है तो उसे आपदा प्रबंधन अधिनियम या सेवा नियमों के तहत नोटिस दिया जा सकता है, इसमें जेल या निलंबन का भी प्रावधान है।
- बार-बार प्रोटोकॉल या संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया जाता है तो केंद्र राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर संवैधानिक संकट की चेतावनी दे सकता है।
- प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जैसे उच्च पदों से प्रोटोकॉल उल्लंघन की सार्वजनिक आलोचना की जाती है ताकि राज्य सरकार पर नैतिक दबाव बनाया जा सके।

### ये हो सकती है कार्रवाई

- गृह मंत्रालय राज्य के मुख्य सचिव से 24-48 घंटों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगता है।
- कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर या सुरक्षा प्रभारियों को तुरंत निलंबित किया जा सकता है।
- चूक सुरक्षा से जुड़ी है तो एसपीजी या गृह मंत्रालय सीधे जांच के आदेश दे सकते हैं।
- गंभीर मामलों में सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान लेकर स्वतंत्र जांच समिति बना सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश: खालिदा जिया को श्रेष्ठ अजेय महिला का पुरस्कार

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को लोकतंत्र को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए श्रेष्ठ अजेय महिला सम्मान से नवाजा गया है। उनकी तरफ से उनकी पोती जैमा रहमान ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। इस साल पांच और महिलाओं को भी यह पुरस्कार दिया गया। नुरुन नाहर अख्तर को अर्थ श्रेणी में सम्मान मिला, जबकि बबीता खातून को शिक्षा एवं रोजगार में सफलता पाने वाली महिलाओं की श्रेणी में पहचान मिली। नूरबानू कबीर को सफल मां, शमला बेगम को ज़ुल्म को हराकर जिंदगी की लड़ाई जीतने वाली महिलाएं और अफरोजा यास्मीन को सामाजिक विकास में शानदार योगदान देने वाली महिलाएं श्रेणी में सम्मानित किया गया।

### आईफोन के नकली पुर्जे बेचने वाले गिरोह के पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रोहिणी में नकली आईफोन 'स्पेयर पार्ट्स (पुर्जे) और एक्सेसरीज' को असली बताकर बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और पांच दुकान मालिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस अभियान के दौरान लगभग 1.6 करोड़ रुपये मूल्य की नकली वस्तुएं जब्त की गईं। पुलिस ने बताया कि रोहिणी सेक्टर तीन के एक मॉल और बाजार में स्थित पांच दुकानों पर छापेमारी के बाद यह कार्रवाई की गई, जहां से बड़ी मात्रा में नकली पुर्जे और सहायक उपकरण (एक्सेसरीज) बरामद किए गए।

# अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं : मुर्मू

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति का संबोधन, कहा- हम किसी से कमतर नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की रविवार को सराहना करते हुए उन्हें उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए प्रोत्साहित किया। मुर्मू ने कहा, हम किसी से कमतर नहीं हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह अवसर न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का है, बल्कि उनके सशक्तीकरण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को भी दोहराने का है।

मुर्मू ने शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बलों, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, उद्यमिता और खेल में महिलाओं की अग्रणी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और ग्राम विकास में नेतृत्व प्रदान कर रही हैं, वहीं महिलाएं रोजगार, स्टार्टअप और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, अवसर और समर्थन मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। मुर्मू ने कहा, महिलाओ में दम है, हम किसी से कम नहीं। हममें भी दम है। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि कई उपलब्धियां हासिल की गई हैं, फिर भी समाज में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने में कई बाधाएं मौजूद हैं।



महिला विचारकों के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### असाधारण बदलाव ला सकती हैं महिलाएं : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने यूट्यूब चैनल पर केरल की छात्राओं के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो पोस्ट किया। कहा, मैं प्रत्येक छात्रा के सपनों, जिज्ञासा और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। ऐसी बातचीत हमें याद दिलाती है कि जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानती हैं और खुले दिमाग से आगे बढ़ती हैं तो वे असाधारण बदलाव ला सकती हैं। राहुल ने लिखा, हर महिला अद्वितीय है। उनकी संवेदनशीलता, समझ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता समाज को संतुलन व दिशा प्रदान करती है। महिलाएं धैर्य, दूरदर्शिता और सहानुभूति के साथ अपने अनूठे तरीकों से शक्ति का प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, महिलाएं आमतौर पर पुरुषों से ज्यादा बुद्धिमान होती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर बीआर आंबेडकर का लैंगिक समानता पर एक कथन साझा किया, आप दुख सहने के लिए पैदा नहीं हुई हैं। आपने उत्थान के लिए जन्म लिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

### गौरव का स्रोत हैं भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गर्व का स्रोत हैं। मोदी ने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण उनकी सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं पहलों का मूल आधार है और सरकार ऐसे अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है जिनसे प्रत्येक महिला अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके और भारत के विकास की यात्रा में योगदान दे सके। उन्होंने एक संदेश में कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं हमारी समूची नारी शक्ति को शुभकामनाएं देता हूं। हर क्षेत्र में महिलाएं संकल्प, रचनात्मकता और बेजोड़ उत्साह के साथ भारत की प्रगति को आकार दे रही हैं। उनकी उपलब्धियां हमारे राष्ट्र को प्रेरित करती हैं और विकसित भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प को मजबूत करती हैं।

# वेनेजुएला में ट्रंप ने डेल्सी सरकार को दी मान्यता

मियामी, एजेंसी



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का किया शुभारंभ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नशीली दवाओं की तस्करी के विरुद्ध मध्य अमेरिकी देशों के साथ एक सैन्य गठबंधन 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का शुभारंभ किया, साथ ही वेनेजुएला की डेल्सी रोड्रिग्ज सरकार को औपचारिक मान्यता देने की भी घोषणा की।

निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद से ही अमेरिकी देखरेख में रोड्रिग्ज की सरकार देश का प्रशासन चला रही है। ट्रंप ने अंततः इस सरकार को औपचारिक मान्यता दे दी है। मियामी के ट्रंप नेशनल डोरल मियामी होटल में आयोजित बैठक में ट्रंप ने वेनेजुएला के सोने पर भी एक समझौते की भी घोषणा की, हालांकि उन्होंने शर्तों का उल्लेख नहीं किया। साथ ही उन्होंने पनामा नहर पर दोहराया कि वह नहर में प्रतिकूल विदेशी प्रभाव की अनुमति नहीं देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने भाषण का एक बड़ा हिस्सा क्यूबा पर केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि यह द्वीपीय देश अपने अंतिम क्षणों में है। ट्रंप ने कहा कि वह क्यूबा में जन्मे विदेश मंत्री मार्को रुबियो के माध्यम से सीधे क्यूबा से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे बातचीत करना चाहते हैं और मुझे लगता है कि बहुत आसानी से समझौता हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने इस देश के मैत्रीपूर्ण अधिग्रहण की संभावना से भी इन्कार नहीं किया।

## बादशाह ने 'टटीरी' गीत को सभी मंचों से हटाया, माफी मांगी

**नई दिल्ली।** बादशाह के नए गीत 'टटीरी' में महिलाओं और नाबालिगों के बारे में आपत्तिजनक बोल होने के आरोप लगाए जाने के बाद गायक-गीतकार ने माफी मांगते हुए कहा कि इस गाने को सभी मंच से हटा लिया गया है।

अभी तो पार्टी शुरू हुई है और गेंदा फूल जैसे गानों के लिए प्रसिद्ध 40 वर्षीय बादशाह ने शनिवार को 'इंस्टाग्राम' पर एक वीडियो साझा किया। कहा, मेरा नया गीत रिलीज हुआ है और मैं देख रहा हूं कि इसके बोल और दृश्य प्रस्तुति ने खासकर हरियाणा के कई लोगों को दुख पहुंचाया है।

## सही समय आने पर बताऊंगा इस्तीफा देने का कारण: बोस

कोलकाता, एजेंसी

- पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल ने कहा- अभी इसे गोपनीय रखूंगा

पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि उन्होंने सोच-समझकर पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया था और इसका कारण उचित समय आने तक गोपनीय रखेंगे।

कोलकाता हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए बोस ने कहा कि वह अपना वोट डालने के लिए बंगाल आएंगे। केरल के मूल निवासी बोस पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने से ठीक एक सप्ताह पहले ही बंगाल के मतदाता बने थे। बोस ने कहा, मैंने सोच-समझकर इस्तीफा देने का निर्णय लिया है, जिसके कारण उचित समय आने तक गोपनीय रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्य में कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन और आदिवासी उत्पीड़न पर व्यक्त की गई चिंता पर टिप्पणी करने के लिए पूछे गए सवाल पर, बोस ने प्रतिक्रिया देने से परहेज किया।

पूर्व राज्यपाल बोस ने कहा, राष्ट्रपति बहुत अनुभवी, संतुलित और अत्यंत गरिमामय व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्होंने जो कहा, उसके पीछे उनके कुछ कारण जरूर रहे होंगे। लेकिन राष्ट्रपति के कथन पर टिप्पणी करने का मुझे कोई अधिकार नहीं है।

# भारत-चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखें : वांग

बीजिंग, एजेंसी



- चीन के विदेश मंत्री ने कहा- आपसी विश्वास और सहयोग दोनों के लिए लाभकारी

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार और खतरे के बजाय अवसर के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए।

वांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, 2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नई शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन सम्मेलन ने चीन-भारत संबंधों में सुधार किया। सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान-प्रदान देखकर हमें खुशी हो रही है। इनसे दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।

### ब्रिक्स में एक-दूसरे का समर्थन करें दोनों देश

वांग यी ने कहा कि भारत और चीन को 'ब्रिक्स' शिखर सम्मेलन की मेजबानी में एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए। भारत इस वर्ष शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जबकि चीन 2027 में इसकी मेजबानी करेगा। दुनिया की अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह 'ब्रिक्स' में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका मूल सदस्य हैं, बाद में सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान को शामिल कर सदस्य देशों का विस्तार किया गया।

# जदयू में शामिल हुए नीतीश कुमार के बेटे निशांत

## पार्टी संगठन को मजबूत करने का एलान किया, बनाए जा सकते हैं उपमुख्यमंत्री

पटना, एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि वह पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। इंजीनियरिंग में स्नातक निशांत को पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में पार्टी में शामिल किया गया।

पार्टी में शामिल होने के बाद निशांत ने कहा, मेरे पिता ने राज्यसभा सदस्य बनने का फैसला लिया, यह उनका व्यक्तिगत निर्णय था। हम सभी इसका सम्मान करते हैं। हम उनके मार्गदर्शन में काम करते रहेंगे। मैं संगठन को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। निशांत ने दावा किया कि बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्ष में राज्य के लिए बहुत कुछ किया। उन्होंने कहा, राज्य की जनता कभी उनके द्वारा राज्य के विकास में किए गए योगदान को नहीं भूलेगी। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

### परिवारवाद पर नीतीश की बातें ढकोसला : राजद

राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार परिवारवादी राजनीति पर जो बड़ी-बड़ी बातें किया करते थे, वह सिर्फ ढकसोला थी। अहमद ने बयान जारी कर कहा कि नितीश कुमार को अपने पुत्र निशांत कुमार को स्थापित करने के लिए मौके की तलाश थी इस बार उन्होंने अपने पुत्र को स्थापित करने के लिए खुद को राज्यसभा सदस्य का उम्मीदवार बना लिया और भाजपा से कुछ शर्तों के साथ समझौता करके विरासत की राजनीति को आगे बढ़ा दिया।

## कर्नाटक: छात्र ने सहपाठियों पर किया हमला, एक की मौत

**बल्लारी।** बल्लारी के एक निजी आवासीय विद्यालय में नौंवी कक्षा के एक छात्र ने हमला करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी और दूसरे को नुकीली वस्तु व लोहे की छड़ से घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात स्कूल के छात्रावास में घटी। मृतक लड़का आंध्र प्रदेश का निवासी था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के पीछे के मकसद और उसमें इस्तेमाल किए गए हथियार का पता लगाने के लिए जांच जारी है। आरोपी छात्र घटनास्थल से फरार हो गया, उसे पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## कोझिकोड में महंगे जूते एक रुपये में बेचने पर उमड़ी भीड़, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में महंगे जूते मात्र एक रुपये में बेचने के एक दुकान के प्रचार अभियान के दौरान रविवार सुबह भारी भीड़ जुट गयी और पुलिस को इसे नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

वायरल विज्ञापनों से आकर्षित होकर सैकड़ों ग्राहक तड़के ही इलाके में उमड़ पड़े, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और यातायात बाधित हो गया। दुकानदार ने पहले 100 ग्राहकों को मात्र एक रुपये में जूते देने का विज्ञापन दिया था, जिसके बाद रात दो बजे से ही भीड़ जमा होने लगी थी। भीड़ इतनी थी कि दुकान की क्षमता से अधिक ग्राहक आ गए जिनमें बच्चे भी शामिल थे और वायनाड जैसे जिलों से भी लोग आए थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन कुछ कमजोर रहने वाला है। शाम को मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सेहत से संबंधित समस्या को हल्के में न लें।

**तुला** — आज दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** — आज नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — आज कारोबार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। मनोनुकूल लाभ होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। समाज में ख्याति में वृद्धि होगी। अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें।

**धनु** — आज आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य कम हो सकता है।

**कर्क** — आज सामाजिक कार्यों में आपका मन लगेगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे। तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**सिंह** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से आपको लाभ होगा। व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च करेंगे।

**कुंभ** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रबंधन संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्चपद मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय होगा। पिकनिक का विचार बना सकते हैं।

**मीन** — आज घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। विवादित मामले उभरने की आशंका है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं।

## दिल्ली-गोवा उड़ान में बीड़ी पी रहे यात्री पर केस दर्ज

**पणजी।** पुलिस ने रविवार को बताया कि दिल्ली-गोवा उड़ान के शौचालय में कथित तौर पर बीड़ी पीने के आरोप में एक विमान यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई जब दिल्ली निवासी आरोपी आशीष गोवा जाने वाली अकासा एयर की उड़ान क्यूपी-1625 में यात्रा कर रहा था। एयरलाइन ने अपनी शिकायत में कहा है कि उड़ान के दौरान यात्री ने विमान के शौचालय में बीड़ी पी और उसके पास एक लाइटर भी पाया गया।

विवाद — भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने की निंदा, माफी मांगने की मांग की

# राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे को लेकर चौतरफा घिरी तृणमूल कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन राजनीति शुरू होने के साथ तृणमूल कांग्रेस चौतरफा घिर गई है। देश के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई संगठनों ने राष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाते हुए इसे पूरे देश के साथ महिलाओं का अपमान बताया है, साथ ही तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी से राष्ट्रपति से माफी मांगने की मांग की है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है। संथाल समुदाय से ताल्लुक रखने वाले माझी ने कहा, राष्ट्रपति मुर्मू का अभिनंदन तो दूर की बात है, न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई राज्य मंत्री उनका स्वागत करने गए। राष्ट्रपति का अपमान हर महिला और पूरे देश का अपमान है। माझी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को असंवेदनशील करार दिया और कहा कि राष्ट्रपति के अपमान की सभी राजनीतिक दलों को एक स्वर में निंदा करनी चाहिए। यह लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की पीड़ा का कारण बनने वाले इस प्रकरण ने पूरे देश के लोगों को दुखी कर दिया है। इससे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के आचरण पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में खांडू ने कहा कि यह स्थिति विशेष रूप से दुखद है क्योंकि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समुदाय से आती हैं और उन्हें संथाल संस्कृति का जश्न मनाने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक रूप से निराशा व्यक्त करनी पड़ी।

### राष्ट्रपति के बहाने ओछी राजनीति कर रही है भाजपा : अभिषेक



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राष्ट्रपति पद का इस्तेमाल कर रही है। उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार और केंद्र सरकार के प्रदर्शन पर बहस करने की चुनौती देते हुए भाजपा पर राष्ट्रपति पद को राजनीतिक मुद्दों में घसीटकर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा, अगर भाजपा वास्तव में राष्ट्रपति का सम्मान करती है तो उन्हें नए संसद भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम और अयोध्या में राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा में आमंत्रित क्यों नहीं किया। अभिषेक ने एक पुराने कार्यक्रम की तस्वीर का भी हवाला दिया जिसमें मुर्मू खड़ी हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी बैठे हुए हैं।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 9 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 23 .27 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 16 .11 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## सुडोकू - 82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

## सुडोकू -83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |



“मैं बड़े भाषण देने या जोश भरी अपील करने वालों में से नहीं हूं। लेकिन यह कहना ठीक है कि यहां 1.4 अरब टीम इंडिया के प्रशंसक और बाकी सब के सामने हम थोड़े कम पड़ गए। लेकिन कोई बात नहीं, क्योंकि हमें पता है कि घर पर आपने हमारा समर्थन किया।
–मिचेल सैंटनर, न्यूजीलैंड के कप्तान


# स्टेडियम

लखनऊ, सोमवार, 9 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### यमाल के गोल से बार्सिलोना ने बिलबाओ को हराया

**बार्सीलोना।** लेमिन यमाल के गोल से बार्सीलोना ने शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हरा दिया। मुकाबले के दौरान दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन यमाल ने 68वें मिनट में गोल दागकर अंक तालिका के शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना के 27 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है। यमाल मौजूदा सत्र में पहले ही 19 गोल दाग चुके हैं। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको मैड्रिड ने रीयाल सोसीदाद को 3-2 से हराया जबकि मार्लोका और ओसासुना का मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा। गिरोना और लेवांते ने भी 1-1 से ड्रॉ खेला।

### लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड ओपन में उपविजेता रहे

**बर्मिंघम।** लक्ष्य सेन ने पूरा जुझारूपन दिखाया लेकिन आल इंग्लैंड बैडमिंटन



खिताब के लिये भारत का 25 साल का इंतजार खत्म नहीं कर सके और पुरूष एकल फाइनल में रविवार को चीनी ताइपै के लिन चुन यी से हार गए। चार साल पहले उपविजेता रहे लक्ष्य दूसरी बार आल इंग्लैंड फाइनल खेल रहे थे। अलमोड़ा के 24 वर्ष के इस खिलाड़ी को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 15.21, 20.22 से पराजय झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने बाद में कहा यह अच्छा मैच था। पहले गेम में वह बेहतर खेल रहा था पर मैं दूसरे में बेहतर वापसी कर सकता था। इस पूरे सप्ताह हालांकि अपने प्रदर्शन से मैं खुश हूं। मैच के बारे में सोचकर भावुक हो रहा हूं, पर बहुत कुछ सकारात्मक रहा। लिन आल इंग्लैंड पुरुष एकल खिताब जीतने वाले चीनी ताइपै के पहले खिलाड़ी बन गए।

# भारतीय बल्लेबाजी का शानदार 'बुफे', कई लाजवाब पारियां

## सैमसन, अभिषेक, ईशान और शिवम ने कीवी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए टी-20 विश्व कप फाइनल का रिकॉर्ड स्कोर बनाया



अहमदाबाद, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाजों ने रविवार को ऐसी शानदार बल्लेबाजी का 'बुफे' पेश किया कि उसमें से सर्वश्रेष्ठ चुनना मुश्किल हो गया। संजू सैमसन ने निडर अंदाज में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 89 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने फॉर्म हासिल करते हुए 21 गेंदों में 52 रन जड़े जबकि भरोसेमंद ईशान किशन ने 54 रन बनाए। न्यूजीलैंड द्वारा पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने फाइनल के अनुरूप आक्रामक बल्लेबाजी की। तीनों ने लगभग बिना किसी जोखिम वाली पारी खेली और उनके बल्ले से निकला लगभग हर शॉट बेहतरीन साबित हुआ।

पावरप्ले में ही मैच में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा दिखने लगा, जब सलामी बल्लेबाज सैमसन और शर्मा ने छह ओवर में बिना विकेट खोए 92 रन जोड़ दिए। यह टी20 में पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी रही। मैच के 10 ओवर तक भारत का स्कोर एक विकेट 127 रन था।

15 ओवर पूरे होने तक भारत एक विकेट पर 203 रन तक पहुंच चुका था और विशाल स्कोर की संभावना साफ दिख रही थी। भारत ने 20 ओवर में 255 रन बना लिए जो टी20 विश्व कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान शिवम दुबे ने भी आठ गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 26 रन की तेज पारी खेली।



जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

सैमसन एक बार फिर 89 रन पर आउट हो गए, ठीक वैसे ही जैसे वह सेमीफाइनल में हुए थे। वह 16वें ओवर की पहली गेंद पर पवेलियन लौटे। इसी ओवर में किशन भी आउट हो गए और कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसमें आठ छक्के और पांच चौके शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 194 रहा। इससे पहले शर्मा ने अपनी 21 गेंदों की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए।

शर्मा के आउट होने से पहले उन्होंने सैमसन के साथ 43 गेंदों में 98 रन की साझेदारी की। इसके बाद किशन क्रीज पर आए और उन्होंने सैमसन के साथ 48 गेंदों में 105 रन की साझेदारी की।

### भारत

**255/5 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का मैकोंची बो नीशाम | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सीफर्ट बो रविंद्र | 52 |
| ईशान किशन का चैपमैन बो नीशाम | 54 |
| हार्दिक पंड्या का सेंटनेर बो हेनरी | 18 |
| सूर्यकुमार का रविंद्र बो नीशाम | 00 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 08 |
| शिवम दुबे नाबाद | 26 |

**गेंदबाजी :** हेनरी 4-0-49-1, फिलिप्स 1-0-5-0, डफी 3-0-42-0, फर्ग्यूसन 2-0-48-0, सेंटनेर 4-0-33-0, रविंद्र 2-0-32-1, नीशाम 4-0-46-3

सैमसन की बल्लेबाजी की आक्रामकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह हर 3.5 गेंद में एक बाउंड्री लगा रहे थे। उन्होंने जिन गेंदों का सामना किया, उनमें से लगभग तीन-चौथाई गेंदें चौके या छक्के में बदलीं। उन्होंने थर्ड मैन, लांग लेग, स्क्वायर लेग, कवर और सीधे पिच के ऊपर से छक्के लगाए।

उन्हें फर्क नहीं पड़ा कि गेंदबाज स्पिनर था (रचिन रविंद्र के खिलाफ तीन छक्के), तेज गेंदबाज था (लॉकी फर्ग्यूसन को तीन छक्के लगाए) या मध्यम गति का गेंदबाज (मैट हेनरी पर भी दो बार छक्के जड़े)। कुछ ही हफ्ते पहले तक टीम से बाहर चल रहे केरल के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2026 टी20 विश्व कप में अपनी पिछली तीन पारियों से इतिहास में जगह बना ली है। सुपर आठ में वेस्टइंडीज के खिलाफ 97 रन की पारी के बाद इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन की पारी ने उनकी प्रतिभा को साबित किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ वही स्कोर बनाकर उन्होंने अपनी बादशाहत पर मुहर लगा दी।

### महाधुनाई

- भारत की पूरे टूर्नामेंट में पहली ओपनिंग अर्धशतकीय साझेदारी हुई।
- अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों में अर्धशतक लगाया।
- पावर प्ले में भारतीय टीम ने टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा स्कोर 92/1 बनाया।
- 10 ओवर में भारत ने एक विकेट पर बन गए थे 127 रन।
- 11.3 ओवर में 150 रन बने।
- संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 28 छक्के जड़े।
- ईशान किशन ने 23 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया।
- 15 ओवर में 200 रनों का आंकड़ा पार कर लिया था।
- भारतीय टीम ने 19 चौके और 18 छक्के लगाए।

### 3000 पुलिसकर्मी लगे सुरक्षा में

अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त जी एस मलिक ने कहा बंदोबस्त के तहत करीब 3000 पुलिसकर्मी और 1000 होमगार्ड तैनात किये गए हैं। हमने भगदड़ की आशंका से बचने के लिए गेट नंबर एक और दो के पास होल्डिंग क्षेत्रग बनाये हैं। पहली बार मैच के दौरान इसे आजमाया जाएगा।

- सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।
- न्यूजीलैंड के टिम साईफर्ट ने भी तूफानी पारी खेली, उन्होंने महज 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया।

# पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने मचाई धूम

अहमदाबाद, एजेंसी

दुनिया भर में मशहूर पॉप आइकन और दो बार के ग्रैमी विजेता रिकी मार्टिन ने रविवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल से पहले आयोजित समापन समारोह में अपने हिट गाने 'लिविन ला विदा लोका' और 'द कप ऑफ लाइफ' से मंच पर धूम मचा दी।

मार्टिन के साथ भारतीय गायक सुखबीर और फाल्गुनी पाठक ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया। अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबले से पहले तीनों गायकों ने मिलकर संगीत का शानदार माहौल बनाया। 'प्रिंस ऑफ भांगड़ा' के नाम से मशहूर सुखबीर ने अपने डांस ट्रूप के साथ अपने लोकप्रिय पंजाबी गीत 'ओ हो हो हो - ओ हो हो हो' सहित कई हिट गाने प्रस्तुत किए।

वहीं 'डांडिया क्वीन' के नाम से मशहूर फाल्गुनी पाठक ने लगभग 50 डांसरों के साथ गुजराती लोकगीतों और बॉलीवुड गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। लैटिनो गायक-गीतकार मार्टिन ने अपनी प्रस्तुति का समापन अपने सबसे बड़े हिट गाने 'मारिया' और 'ला कोपा डि ला विदा' के साथ किया।



संगारंग कार्यक्रम के दौरान सिंगर रिकी मार्टिन। एजेंसी



## दर्शकों का उत्साह चरम पर, क्रिकेट का बुखार हर तरफ

**अहमदाबाद।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से पहले मानों पूरा शहर क्रिकेट के बुखार की गिरफ्त में है और नरेंद्र मोदी स्टेडियम की ओर जाने वाले हर रास्ते पर 'जीतेगा भाई जीतेगा, इंडिया वर्ल्ड कप जीतेगा' का शोर सुनाई दे रहा है। देश भर से क्रिकेटप्रेमियों का जमावड़ा मानों स्टेडियम में लगा है। भारतीय टीम की जर्सी और कैप पहने हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम के बाहर काफी पहले ही से जमा होने लगे।

केरल से आये प्रशंसकों का एक समूह खास तौर पर संजू सैमसन और वरूण चक्रवर्ती के लिये जमा है। केरल से आये मनोज कुमार ने कहा हम यहां केरल से संजू सैमसन और वरूण के लिये आये हैं। वे भारत को विश्व कप दिलाएंगे। यह कठिन मैच होगा। हम पिछली बार आस्ट्रेलिया से हारे थे लेकिन इस बार जीतेंगे।



नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला देखने के लिए दर्शकों का अपार जनसमूह एकत्र हुआ। स्टेडियम ही नहीं पूरे अहमदाबाद में हर तरफ नीला समुंद्र नजर आ रहा था। एजेंसी

# ऑस्ट्रेलिया ने एकमात्र टेस्ट में भारत को रौंदा

पर्थ, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली की शानदार विदाई
- मेजबानों के 25 रनों का लक्ष्य बिना विकेट खोए हासिल किया

ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। प्रतिका भी गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए हालिस कर लिया।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| भारत | 198 व 149 |
| ऑस्ट्रेलिया | 323 व 28/0 |

## हम टेस्ट में लय बरकरार नहीं रख सके : हरमनप्रीत

**पर्थ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने बहु प्रारूप सीरीज में मजबूत शुरुआत की, लेकिन वाका ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में लय बनाए नहीं रख सके और मुकाबला हार गए। टेस्ट में मिली हार के बाद कौर ने कहा हमने बहुत अच्छी शुरुआत की, टी-20 में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन दुर्भाग्य से, उसके बाद, हम इसे जारी नहीं रख पाए, लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छी सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं, और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मुकाबला था। उन्होंने कहा कि मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और पिंक-बॉल टेस्ट खेलना टीम के लिए एक कीमती अनुभव था। उन्होंने कहा यह बहुत मजेदार था, और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के टूर्नामेंट मिलते रहेंगे क्योंकि इससे आपको बहुत कॉन्फिडेंस मिलता है।

## नाराजगी

### डिकॉक और मिलर ने आईसीसी की आलोचना की, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने पर उठाए सवाल

# अजीब है कि कुछ टीम का असर अन्य से अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है कि उसने कथित तौर पर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बजाय इंग्लैंड के यात्रा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जबकि दोनों टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण हुई दिक्कतों के बीच अब तक स्वदेश लौटने का इंतजार कर रही हैं।

बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त झेलने वाला इंग्लैंड शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी चार्टर्ड उड़ान से रवाना हुआ। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम हालांकि अब भी भारत में ही हैं। पिछले रविवार को ईडन गार्डन्स में भारत से पांच विकेट से हारने के बाद वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप से बाहर हो गया जबकि बुधवार को कोलकाता में पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हारने के साथ दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी खत्म हो गया। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज दोनों के कोलकाता से एक और चार्टर्ड उड़ान से एक साथ यात्रा करने की उम्मीद है। उड़ान के समय की अभी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन इसके रविवार को रवाना होने की संभावना है।





डिकॉक ने इंस्टाग्राम पर लिखा मजेदार है कि आईसीसी ने हमें कुछ नहीं बताया। इस बीच इंग्लैंड किसी तरह से हमारे से पहले कैसे जा रहा है? वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका तो बस अंधेरे में हैं। अजीब है कि अलग-अलग टीम का दूसरों से अधिक असर होता है। टीम के डिकॉक के साथी मिलर ने भी निराशा जताई। मिलर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो की एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में लिखा मजेदार बात यह है कि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बाद इंग्लैंड बाहर हुआ और आज रात चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश वापस लौट गया जबकि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अब भी कोलकाता में जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम के पूर्व कप्तान और मौजूदा मुख्य कोच डेरेन सैमी ने भी इस मामले पर अपनी राय दी। सैमी ने लिखा डेविड मिलर पीछे बैठे लोगों को सुनाने के लिए थोड़ा जोर से बोलो।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने के आईसीसी के फैसले पर सवाल उठाया। वॉन ने एक्स पर लिखातो इंग्लैंड बृहस्पतिवार को बाहर हो गया। आज चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश रवाना। वेस्टइंडीज पिछले रविवार को बाहर हो गया और अब भी कोलकाता में है.. दक्षिण अफ्रीका की भी यही स्थिति है। यहीं पर ताकत पूरी तरह से गलत है।

### आईसीसी ने दोहा बैठक स्थगित की

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया। इस बैठक में आईसीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों, मुख्य कार्यकारियों, समिति के सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद थी जिसमें संगठन के संचालन कैलेंडर पर बातचीत होनी थी।